CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम :20°C

लखनऊ, सोमवार 11 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 184 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 23 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने योगी मंत्रिपरिषद विस्तार पर कसा तंज पेज 2



आईपीएल के अहम मुकाबले से पहले प्रीति जिंटा ने गोल्डन टेम्पल में माथा टेका खेल टाइम्स



अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया सम्पादकीय



आत्मघाती हमले से दहला पाक, विस्फोटक से भरी गाड़ी चेकपोस्ट से टकराई पेज 12

# तमिलनाडु में विजय ने मुख्यमंत्री बनते ही बिजली की फ्री

**चेन्नई, वार्ता**

**तमिलनाडु की** राजनीति में एक नया अध्याय लिखते हुए, नवगठित पार्टी 'तमिलगा वेत्री कषगम' (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता सी. जोसेफ विजय ने रविवार को राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

उन्होंने इस राज्य में कई दशकों से शासन की बागडोर संभालने वाले दलों द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और अन्नाद्रमुक को हरा कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए इन दोनों पार्टियों के लगभग 60 साल पुराने एकाधिकार को समाप्त कर दिया। रविवार सुबह करीब दस बजे, जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में आयोजित एक सादे समारोह में, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विजय और उनके पहले मंत्रिमंडल के नौ सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्रियों में टीवीके महासचिव एन. आनंद, आधव अर्जुन, केए सेनगोटियां डा. केजी अरुणराज, पी. वेंकटरमणन, आर. निर्मल कुमार, राजमोहन, डा. टीके प्रभु और सुश्री एस. कीर्तना शामिल हैं। इन सभी ने तमिल भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की। जब श्री विजय को शपथ के लिए आमंत्रित किया गया और उन्होंने इन शब्दों के साथ शपथ लेना शुरू किया: मैं, सी. जोसेफ विजय, तो इस दौरान दर्शकों ने तालियों की -शेष पृष्ठ दो पर



**■ नौ अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल, सभी ने तमिल भाषा में ईश्वर के नाम पर शपथ ग्रहण की**

### विजय ने महिलाओं की सुरक्षा संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ देर बाद, तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक सी. जोसेफ विजय ने रविवार को तीन महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। इनमें हर दो महीने में 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष 'सिगापेन' रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स का गठन और राज्य भर में मादक पदार्थ विरोधी इकाइयों की स्थापना की घोषणा की गई है। श्री विजय ने इन तीन आदेशों पर जनता के सामने मंच पर ही हस्ताक्षर किए। स्थानीय जवाहरलाल नेहरू बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम में नौ कैबिनेट मंत्रियों के साथ शपथ लेने के बाद जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पिछली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने सरकार ने सरकारी खजाने को 'खाली' छोड़ दिया है।

### मोदी-राहुल समेत अन्य नेताओं की बधाई पर विजय ने जताया आभार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभकामना संदेश का अत्यंत गर्मजोशी से जवाब देते हुए राज्य और केंद्र के बीच रचनात्मक सहयोग की नई उम्मीद जताई है। श्री विजय ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए अपने संदेश में लिखा है, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, आपकी शुभकामनाओं के लिए हृदय से आभार। मैं तमिलनाडु के विकास और लोक-कल्याण के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। इसके साथ ही श्री विजय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अभिनेता से नेता बने कमल हासन, अन्य विपक्षी और क्षेत्रीय नेताओं से मिली बधाइयों पर भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

## संक्षिप्त समाचार



**चेन्नई:CSK के बल्लेबाज उर्विल पटेल ने लखनऊ सुपर जाइन्ट्स के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी की बराबरी की। उर्विल ने यशस्वी जायसवाल के 13 गेंद में बनाए गए अर्द्धशतक की बराबरी की।**

### मप्र-राजस्थान व गुजरात में गर्मी लौटी 4 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में एक बार फिर गर्मी लौट आई है। राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर, मध्य प्रदेश के रतलाम और गुजरात के कांडला पोर्ट में पारा 44 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया है। बाड़मेर में पारा 45.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। वहीं राजस्थान और गुजरात में रात में भी लू चल रही है। मौसम विभाग ने पंजाब और गंगा से सटे बंगाल में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। असम, मेघालय, केरल और तमिलनाडु में भी भारी बारिश की संभावना है। इधर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा प्रदेशभर में सम्पन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा रविवार को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई गई। रविवार को यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की गई।

### रक्षा साहित्य व रणनीतिक संवाद मंच गुरुवार को

**नई दिल्ली।** देश का प्रमुख रक्षा और रणनीतिक संवाद मंच 'कलाम एवं कवच 3.0' गुरुवार को यहां आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वदेशीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से देश की रक्षा आत्मनिर्भरता को तेज़ी से आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# योगी मंत्रिमंडल में 6 नए मंत्री शामिल, दो को मिला प्रमोशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार कर छह नए मंत्री शामिल किए हैं, जबकि दो मंत्रियों को प्रोन्नत किया है।

भूपेन्द्र चौधरी तथा मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री और कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर तथा हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री के रूप में मंत्री परिषद में शामिल किया गया है। मंत्रिपरिषद में पहले से शामिल दो राज्यमंत्रियों अजीत पाल तथा सोमेन्द्र तोमर को प्रोन्नत कर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इन सभी मंत्रियों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यहां जन भवन में एक सादे समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा कुछ अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। मंत्रिपरिषद विस्तार को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश करते हुए विभिन्न वर्गों के नेताओं को इस विस्तार में जगह दी है। चौधरी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख जाट नेताओं में शामिल हैं और मुरादाबाद के रहने वाले हैं। वह लंबे समय तक -शेष पृष्ठ दो पर



**भूपेन्द्र चौधरी व मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री और कृष्णा पासवान , कैलाश राजपूत, सुरेन्द्र दिलेर व हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाया गया**

**2027 विस चुनाव के दृष्टिगत भाजपा ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश करते हुए विभिन्न वर्गों के नेताओं को मंत्रिमंडल विस्तार में जगह दी**

# दबाव बनाया, तो हमेशा के लिए बंद हो जाएगा होर्मुज: ईरान

**तेहरान/वाशिंगटन।** होर्मुज स्ट्रेट के संबंध में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रस्ताव को बहरीन एवं अन्य देशों का समर्थन मिलने की रिपोर्टों के बीच ईरानी सैन्य अधिकारियों तथा इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान पर दबाव जारी रहा तो होर्मुज को स्थायी रूप से बंद किया जा सकता है।

आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल सैयद माजिद मौसवी ने कहा कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन इकाइयों ने अपने लक्ष्यों को पहले ही लॉक कर लिया है और केवल आदेश का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मिसाइलें और एयरोस्पेस ड्रोन दुश्मन पर लॉक हैं और हम फायरिंग आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी ठिकानों और आक्रामक दुश्मन के जहाज ईरानी हथियारों की जद में हैं। आईआरजीसी नौसेना कमांडर सईद सियाह-सरानी ने कहा कि यदि इस्लामी गणराज्य ईरान पर हमला होता है तो होर्मुज स्ट्रेट से किसी भी तेल खेप को गुजरने नहीं दिया जाएगा। ईरानी नौसेना प्रमुख शहराम ईरानी ने कहा कि स्वदेशी हल्की पनडुब्बियां पहले से ही होर्मुज स्ट्रेट में तैनात हैं और ट्रिगर-रेडी स्थिति में हैं। उनके अनुसार ये पनडुब्बियां समुद्र तल पर लंबे समय तक स्थिर रहकर दुश्मन के जहाजों पर नजर रख सकती हैं और आदेश मिलते ही उन्हें निशाना बना सकती हैं। ईरानी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता अबोलफजल शेखार्ची ने भी चेतावनी दी कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने वाले किसी भी देश को निर्णायक जवाब मिलेगा। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक अन्य सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के प्रतिबंध लागू करने वाले देशों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। आईआरजीसी नौसेना कमान ने कहा कि ईरानी तेल टैंकरों या वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और दुश्मन जहाजों पर भारी हमले के रूप में दिया जाएगा।

**■ संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रस्ताव को बहरीन एवं अन्य देशों का समर्थन मिलने की रिपोर्टों के बीच दी चेतावनी**



> होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर फिर हमला हुआ, तो अमेरिकी ठिकानों और सैन्य जहाजों पर भारी हमला किया जाएगा
>
> **-आईआरजीसी**

# केरलम में सीएम पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** 4 मई को 5 राज्यों के चुनावों के रिजल्ट आने के बाद बंगाल और तमिलनाडु में नए सीएम की शपथ हो चुकी है।

पुडुचेरी और असम में सीएम का नाम और शपथ की तारीख तय हो गई है, लेकिन 6 दिन बाद भी केरलम में पूर्ण बहुमत पाने वाले कांग्रेस के गठबंधन ने अपने सीएम के नाम का ऐलान नहीं किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पिछले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन और 6 बार के विधायक रमेश चेन्निथला यहां मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। 6 मई को कांग्रेस ने मुकुल वासनिक और अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर केरलम भेजा था।

**■ कांग्रेस ने दावेदारों के पोस्टर हटवाए**

# बिजनौर जिला कारागार में कैदी ने दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला कारागार में रविवार को सजायाफ्ता कैदी के द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए यहां से गुजर रहे बरेली जोन के डीआईजी की कार रोक कर जाम लगा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पृथ्वीपुर निवासी दीपक पुत्र चंद्रपाल को न्यायालय के द्वारा सजा सुनाई गई थी। वह जिला कारागार में अपनी सजा काट रहा था। वह शहर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर बदमाश था और उसके खिलाफ डकैती व लूट जैसे संगीन मामलों में अभियोग दर्ज है। रविवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली थी कि उसने जिला कारागार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही परिजनों ने जमकर हंगामा करते हुए पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। जजी चौक से गुजर रहे बरेली जोन के डीआईजी अजय साहनी की गाड़ी को रोक कर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने जबरदस्त हंगामा किया। सूत्रों का कहना है कि पुलिस इस मामले में कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

**■ ग्रामीणों ने बरेली के DIG की गाड़ी रोकी**

# असम में हिमंता ने सरकार बनाने का दावा किया पेश

**गुवाहाटी, वार्ता**

**असम विधानसभा** चुनावों में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा के नेता हिमंता बिस्व सरमा ने रविवार दोपहर राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के समक्ष राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया।

श्री सरमा ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि असम की जनता के आशीर्वाद और विश्वास के साथ, आज मैंने राजभवन में माननीय राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी को सरकार गठन का प्रस्ताव सौंपा। आम जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने तथा विकास, सुशासन और एक समृद्ध असम की ओर हमारी यात्रा को और अधिक गतिशील बनाने के लिए, हम एक बार फिर से प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले पर्यवेक्षक के तौर पर यहां भेजे गए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में श्री सरमा को विधायक दल का नेता चुना गया। हाल ही में संपन्न हुए 126 सदस्यीय विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत राजग ने प्रचंड जीत हासिल की है। भाजपा ने अकेले 82 सीटें जीती हैं, जबकि उनके गठबंधन सहयोगियों असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट ने 10-10 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस दो तिहाई बहुमत के साथ राजग ने राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। असम में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की यह लगातार तीसरी सरकार होगी। राजग ने यहां 2016 और 2021 के बाद अब 2026 में जीत की हैट्रिक लगाई है।



**■ राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सरकार गठन का प्रस्ताव सौंपा**

# मोदी ने कांग्रेस को परजीवी करार दिया

**बेंगलुरु, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए यहां एक जनसभा में स्थिरता बनाम अस्थिरता पर व्यापक चर्चा की और कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु का सीधा उदाहरण देते हुए कांग्रेस की शासन संबंधी विफलताओं एवं आंतरिक विरोधाभासों को उजागर किया।

श्री मोदी ने एचएएल हवाई अड्डे पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के मतदाता आज समाधान चाहते हैं, खेल नहीं। उन्होंने तर्क दिया कि कई राज्यों में हाल के चुनाव परिणाम भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के अंतर्गत राजनीतिक स्थिरता एवं निर्णायक शासन के लिए जनता की स्पष्ट प्राथमिकता को दर्शाते हैं। पीएम मोदी ने कर्नाटक पर ध्यान केंद्रित करते हुए कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार लगातार आंतरिक सत्ता संघर्षों एवं नेतृत्व अनिश्चितता से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि वे यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि मुख्यमंत्री कब तक पद पर रहेंगे, सब कुछ अधर में लटका हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में शासन व्यवस्था सत्ताधारी पार्टी में गुटबाजी एवं राजनीतिक सौदेबाजी के आगे लाचार हो गई है। कर्नाटक से आगे बढ़कर अपने हमले का दायरा बढ़ाते हुए श्री मोदी ने कांग्रेस की आलोचना में केरल और तमिलनाडु को भी शामिल किया और तर्क दिया कि दक्षिणी राज्यों में पार्टी का प्रभाव सुसंगत शासन की तुलना में राजनीतिक अवसरवादिता से ज्यादा चिह्नित होता रहा है। तमिलनाडु का उल्लेख करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर सत्ता समीकरण बदलने के लिए अपने पुराने सहयोगियों को बार-बार धोखा देने का आरोप लगाया। अपने भाषण के सबसे तीखे शब्दों का चयन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ऐसा कोई करीबी नहीं है, जिसे कांग्रेस ने धोखा न दिया हो। उन्होंने कांग्रेस-द्रमुक के संबंधों का भी उल्लेख किया और आरोप लगाया कि दशकों तक राजनीति गठबंधन रहने के बावजूद, कांग्रेस का अपने सहयोगियों के खिलाफ राजनीतिक रूप से सुविधाजनक समय पर छोड़ने का इतिहास रहा है। सत्ता में बदलाव आते ही सत्ता की भूखी कांग्रेस ने अपने सहयोगी को धोखा दिया।



**■ प्रधानमंत्री ने कर्नाटक, केरलम एवं तमिलनाडु का सीधा उदाहरण देते हुए कसा तंज**

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु: विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री एस जोसेफ विजय ने औपचारिक रूप से पेराम्बूर विधानसभा क्षेत्र को बरकरार रखने का निर्णय लेते हुए तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से इस्तीफा दे दिया है। इसकी आधिकारिक सूचना सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने दी है। तमिलनाडु मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने से पहले श्री विजय ने टीवीके नेता और बतौर मंत्री आज शपथ लेने वाले में शामिल के ए सेंगोट्टइयन और पी वेंकटरामन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनके साथ जाकर तिरुचिरापल्ली पूर्व चुनाव क्षेत्र के विधानसभा सदस्य के पद से अपना इस्तीफा पत्र सौंपा।

### टीवीके सरकार बनने पर खड़गे ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तमिलनाडु में थलापति विजय के मुख्यमंत्री पद का शपथ ग्रहण करने पर उन्हें, तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) और पूरे प्रगतिशील गठबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। खड़गे ने रविवार को अपने संदेश में कहा कि इस सरकार का गठन आत्मसम्मान, सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और तर्कशील विचारधारा की स्थाई ताकत को फिर से स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि ये वही मूल्य हैं जिन्होंने लंबे समय से तमिलनाडु की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को परिभाषित किया है। यह विरासत पेरियार और के कामराज जैसे महान नेताओं द्वारा गढ़ी गई थी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लाखों लोगों, विशेष रूप से आकांक्षी युवाओं ने टीवीके पर अपना भरोसा जताया है। श्री खड़गे ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री विजय के नेतृत्व में ए आदर्श शासन का मार्गदर्शन करते रहेंगे और पूरे देश को प्रेरित करेंगे।

# अनुभवों का उपयोग समाज कल्याण के लिए करें

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जनभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों के चिंतन शिविर में बोलीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में जनपद रायबरेली स्थित आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए चिंतन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी कार्य दक्षता, कार्य प्रणाली, कार्यों में आने वाली समस्याओं, आपसी समन्वय तथा टीमवर्क से संबंधित विषयों पर खुलकर विचार-विमर्श किया। राज्यपाल ने विभिन्न सत्रों में आयोजित इस चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए ने कहा कि हमें अपने अनुभवों का उपयोग समाज कल्याण के लिए करना चाहिए। उन्होंने गुजरात में आयोजित चिंतन शिविरों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन व्यवहारिक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव कार्य संस्कृति एवं कार्य निष्पादन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने अन्न की बर्बादी रोकने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी को उतना ही भोजन ग्रहण करना चाहिए जितनी आवश्यकता हो तथा बच्चों को भी इस संबंध में संस्कारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में समानता एवं समरसता की भावना को मजबूत करने के लिए सभी को समान दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई क्षमता एवं कौशल अवश्य होता है। छोटी-छोटी बातों एवं त्रुटियों पर भी ध्यान देना चाहिए तथा यदि कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार कर भविष्य में दोबारा न होने देने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि यह चिंतन शिविर सहयोग, समन्वय एवं आपसी विश्वास की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य दक्षता बढ़ाने, टीमवर्क एवं बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आपसी संवाद को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों पर विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डा. सुधीर महादेव बोबडे ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल द्वारा आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री परिसर स्थित व्हील शॉप में स्थापित नई व्हील मशीनों का लोकार्पण किया गया । शिविर के पश्चात अधिकारियों ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना का भ्रमण भी किया तथा वहां संचालित विभिन्न तकनीकी एवं उत्पादन इकाइयों का अवलोकन किया। प्रतिभागियों ने कारखाने की आधुनिक कार्यप्रणाली, मशीनों एवं उत्पादन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# सीएम का मतलब अब कूरियर मैसेंजर रह गया: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ योगी मंत्रिपरिषद विस्तार पर सपा का तंज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हुए मंत्रिपरिषद विस्तार को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला है।

श्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मंत्रिपरिषद विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं रह गई है और फैसले 'ऊपर से आने वाली पर्चियों' के आधार पर हो रहे हैं। सपा प्रमुख ने व्यंग्य करते हुए लिखा, 'समय बिताने के लिए करना है कुछ काम! वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं। उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ पढ़ी जाएगी। भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है : कूरियर मैसेंजर। उन्होंने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता पूछ रही है कि फिल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म ध्यान से देखिएगा, हो सकता है ''कर्मफल-कंसफल'' का सिद्धांत समझ में आए और कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिले। दरअसल योगी आदित्यनाथ रविवार को पूरी मंत्रिमंडल के साथ शाम को लोकभवन में कृष्णावतरम फिल्म देखेंगे। यादव ने नैतिकता और आत्ममंथन का संदेश भी दिया। उन्होंने लिखा कि मूल रूप से व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका लालच और लोभ बुरा होता है, जो धीरे-धीरे दुराचरण का रूप ले लेता है। इसके विपरीत जब व्यक्ति स्वार्थ छोड़कर परमार्थ के मार्ग पर चलता है, तो सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। महाकाव्यों का संदेश भी यही है कि अच्छाई अंततः बुराइयों पर विजय प्राप्त करती है। अपनी गलतियों और दुर्भावनाओं के लिए प्रायश्चित का कोई निश्चित स्थान नहीं होता, बल्कि इसके लिए भीतर के प्रकाश की आवश्यकता होती है।

# 5वीं के 70 प्रतिशत बच्चों को नहीं आता 'भाग'

नई दिल्ली, वार्ता

■ नीति आयोग की रिपोर्ट, तीसरी के 73 फीसदी किताब नहीं पढ़ते

नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली गुणवत्ता सुधार के लिए समयबद्ध विश्लेषण और नीतिगत रोडमैप शिक्षा विभाग मई 2026 के अनुसार भारतीय स्कूली बच्चों के गणित, पढ़ने की समझ और तर्क कौशल में चिंताजनक गिरावट देखी जा रही है।

सभी बच्चों के नामांकन के अभियानों के बावजूद सीखने के नतीजे कमजोर बने हुए हैं। कक्षा 3 के केवल 27.1 प्रतिशत छात्र ही कक्षा 2 के स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं और कक्षा 5 के केवल 30.7 प्रतिशत छात्र ही भाग का एक बुनियादी सवाल हल कर सकते हैं। यह रिपोर्ट शिक्षा के क्षेत्र की एक विस्तृत तस्वीर पेश करती है, जिसे यूडाइस 2014-15 से यूडाइस 2024-25, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024, राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2017, 2021 और असर 2024 के आंकड़ों के आधार पर तैयार किया गया है। भारत के 14.71 लाख स्कूल 24.69 करोड़ से अधिक छात्रों को शिक्षा दे रहे हैं। हालांकि प्राथमिक स्तर पर लगभग सभी बच्चों की पहुंच स्कूल तक हो गई है, लेकिन उच्च माध्यमिक स्तर पर नामांकन का राष्ट्रीय सकल नामांकन अनुपात केवल 58.4 प्रतिशत है। अलग-अलग राज्यों में इसमें काफी अंतर है। एकीकृत स्कूल परिसरों के माध्यम से हर स्तर पर, विशेष रूप से उच्च प्राथमिक के बाद छात्रों के आगे बढ़ने की दर को मजबूत करने से स्कूली शिक्षा में बेहतर जुड़ाव सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है।

## उत्तर-पश्चिमी राज्यों में पांच दिनों तक तेज हवाएं चलने के आसार

# दिल्ली-एनसीआर में 11 से 13 तक आंधी व बारिश

नई दिल्ली, वार्ता



■ दक्षिण भारत में अगले सात दिन तक भारी बारिश होने की संभावना, किसानों को जारी किया परामर्श

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत के कई राज्यों में अगले पांच दिनों के दौरान गरज-चमक के साथ 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने की संभावना जताई है।

जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख में 11 और 12 मई को मौसम अधिक खराब रह सकता है, जबकि हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में 12 और 13 मई को ओलावृष्टि होने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, दक्षिण पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में अगले 48 घंटों के भीतर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के आसार हैं। इसके प्रभाव से दक्षिण भारत के राज्यों, विशेषकर केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अगले सात दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना है। लक्षद्वीप में भी रविवार को भारी बारिश का अनुमान है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में 11 से 13 मई के बीच शाम या रात के समय हल्की बारिश और धूल भरी आंधी चलने से तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि और तेज हवाओं को देखते हुए कृषि क्षेत्र के लिए पहाड़ी राज्यों के फल उत्पादकों को सुझाव दिया गया है कि वे अपने बागानों को ओलों से बचाने के लिए 'हेलनेट' का प्रयोग करें। तेज हवाओं के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने और कटी हुई फसलों को ढककर रखने की सलाह दी है। मछुआरों को 15 मई तक बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के हिस्सों में न जाने की हिदायत दी गई है।

### यूपी में इस सप्ताह होगी तेज गर्मी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते एक सप्ताह से मौसम काफी सुहाना था, लेकिन अब एक बार फिर गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मिली तात्कालिक राहत अब खत्म होने लगी है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक इस सप्ताह के आखिर तक एक बार फिर तल्ख गर्मी शुरू हो सकती है। इस संबंध में भारतीय मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र ने ताजा बुलेटिन जारी करते हुए आगाह किया है। इसी बीच मौसम विभाग ने पूर्वांचल के कई जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। आशंका जताई है कि कुछ जिलों में बिजली गिरने की भी घटनाएं हो सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक यूपी के पूर्वांचल में बलिया-बनारस से लेकर प्रयागराज-कानपुर तक अगले दो तीन दिन तक हल्की बारिश या आंधी चलने के आसार हैं। इस समय यूपी में कोई मौसम तंत्र एक्टिव नहीं है। इसके चलते पश्चिमी यूपी के ज्यादातर हिस्से में आसमान साफ रहेगा। सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ेंगी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77328.19 | |
| निफ्टी | 24176.15 | |
| सोना | 152720 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 261000 | प्रति किलो |

# इस सप्ताह महंगाई के आंकड़ों का असर शेयर बाजार पर भी दिखेगा

मुंबई, वार्ता

■ आलोच्य सप्ताह में सेसेंक्स की 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान पर रहे

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में महंगाई के आंकड़े निवेशकों की धारणा को दिशा देंगे। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में यदि कोई विशेष प्रगति होती है तो उसका असर सीधे तौर पर बाजार पर पड़ेगा।

इसके अलावा, अगले सप्ताह खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़े भी जारी होने हैं। इनका असर भी बाजार पर दिखेगा। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 414.69 अंक (0.54 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी के साथ 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में सोमवार और बुधवार को तेजी रही जबकि अन्य तीन दिन गिरावट के रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 178.60 अंक (यानी 0.74 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी के साथ 24,176.15 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों के लिए यह सप्ताह अच्छी लिवाली वाला रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 4.42 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 4.05 प्रतिशत उछल गया। आलोच्य सप्ताह में सेंसेक्स की 30 से 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 7.51 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। एशियन पेंट्स का शेयर 6.37 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 6.35, इंडिगो का 5.27, बजाज फिनसर्व का 3.97, इटरनल का 3.87, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.15 और मारुति सुजुकी का 3.10 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन में 2.91 फीसदी, सन फार्मा में 2.16, बजाज फाइनेंस में 1.97, बीईएल में 1.92, हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.66, टाटा स्टील में 1.49 और एचडीएफसी बैंक में 1.30 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी ऊपर बंद हुए। अपेक्षा से कमजोर तिमाही परिणामों के कारण भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 4.54 प्रतिशत टूट गया।

### ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर कांग्रेस की चिंता मंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना को लेकर उन्ह केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि परियोजना के लिए किए गए पर्यावरण प्रभाव आकलन अध्ययन अधूरे हैं जो जल्दबाजी में किए गए हैं और वैज्ञानिक मानकों के खिलाफ हैं। रमेश ने रविवार को कहा कि सरकार ने एक मई 2026 को जारी सवालों के जवाब में दावा किया था कि परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों का व्यापक अध्ययन किया गया है, लेकिन उपलब्ध दस्तावेज इससे मेल नहीं खाते।

नियमों के अनुसार अंडमान-निकोबार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बंदरगाह परियोजनाओं के लिए कम से कम दो से तीन मौसमों का विस्तृत अध्ययन जरूरी है, जबकि यहां केवल कुछ दिनों और एक मौसम के आधार पर सर्वे किए गए है।

# चावल में साप्ताहिक नरमी, गेहूं और चीनी महंगी, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव टूट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में तेजी का रुख रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 76 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,761 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,785 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव भी 17 रुपये बढ़कर 3,290 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 53 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। मूंग दाल में 26 रुपये और चना दाल में 18 रुपये की साप्ताहिक गिरावट रही। वहीं, उड़द दाल तीन रुपये और मसूर दाल दो रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। बीते सप्ताह पाम ऑयल की औसत कीमत 79 रुपये और सरसों तेल की 61 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 55 रुपये और मूंगफली तेल 15 रुपये महंगा हुआ। सोया तेल चार रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विटंल चढ़ गया। चीनी की कीमत 26 रुपये बढ़ गई।

**दाल-दलहन:** दाल चना 7643.91 रुपये, मसूर काली 8081.76 रुपये, मूंग दाल 10161.75 रुपये, उड़द दाल 10849.80 रुपये, तुअर दाल 11193.35 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं दड़ा 2784.54 रुपये और चावल 3760.80 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3290.45 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4335.64 रुपये और गुड़ 5038.48 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17911.69 रुपये, मूंगफली तेल 18968.57 रुपये, सूरजमुखी तेल 17536.84 रुपये, सोया तेल 14966.98 रुपये, पाम ऑयल 13577.73 रुपये और वनस्पति 14968.37 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**तमिलनाडु में...**

गड़गड़ाहट के साथ उनका ज़ोरदार स्वागत किया। चौंकाने वाली बात यह थी कि श्री विजय ने परंपरागत तमिल पोशाक के बजाए काले रंग की पैंट, सफेद पूरी आस्तीन वाली शर्ट और काले रंग का कोट पहना। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पहुंचे। विजय सरकार के गठन में कांग्रेस की बेहद अहम भूमिका है। वह मंच पर श्री विजय के ठीक बगल में बैठे हुए दिखाई दिए। श्री विजय ने चुनावी राजनीति में अपनी पहली ही परीक्षा में अपनी पार्टी बनाने के दो साल के अंदर ही, शानदार आगाज किया। उन्होंने 108 सीटें जीतीं, जिसमें खुद यह अभिनेता-राजनेता दो सीटों से विजयी रहे। श्री विजय दो सीटों से जीते हैं इसलिए उनके पास गणितीय रूप से 107 विधायक ही हैं इसलिए उन्हें आवश्यक 118 विधायकों के समर्थन के लिए 11 सदस्यों की कमी पड़ रही थी। ऐसे में कांग्रेस ने अहम भूमिका निभाई और श्री विजय के लिए बहुमत तैयार करने में मदद की। कांग्रेस के वाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), स्थानीय दल वीसीके ने समर्थन देने की पेशकश की। इससे राज्य में विजय के नेतृत्व में सरकार बनाने का रास्ता खुल गया।

**योगी मंत्रिमंडल में...**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा संगठन में सक्रिय रहे हैं। वह वर्ष 2016 में पहली बार विधान परिषद सदस्य बने तथा 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद उन्हें पंचायती राज राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया और 2019 में कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज की जिम्मेदारी मिली। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया था। मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह 2012-17 में समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। वह 2022 में सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे और विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक भी रहे। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए थे। कैलाश सिंह राजपूत कन्नौज की तिर्वा विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह 1996 में पहली बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीते थे। बाद में 2007 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते और 2017 में वह फिर भाजपा में लौटे और लगातार दो बार विधानसभा पहुंचे। हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद के सदस्य हैं और पिछड़ा वर्ग की राजनीति में मजबूत पकड़ रखते है। उन्होंने 1989 में बूथ स्तर से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था और राम मंदिर आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी। वाराणसी में 2019 लोकसभा और 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। सुरेंद्र दिलेर अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा सीट से विधायक हैं और भाजपा के प्रमुख दलित युवा नेताओं में गिने जाते हैं।

वह पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पुत्र हैं। सु. कृष्णा पासवान फतेहपुर जिले की खागा विधानसभा सीट से विधायक है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की थी। वह चार बार विधायक और दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं तथा भाजपा का प्रमुख दलित महिला चेहरा मानी जाती हैं। सोमेंद्र तोमर मेरठ दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं और मंत्रिपरिषद में अब तक ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत राज्य मंत्री के रुप में कार्यरत रहे हैं। उन्हें राज्य मंत्री से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इसी तरह कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा सीट से विधायक अजीतपाल सिंह अब तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री के रुप में काम करते रहे है। उन्हें भी राज्य मंत्री से प्रोन्नत कर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा ने पूर्वांचल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दलित, ओबीसी और ब्राह्मण समीकरणों को साधने की कोशिश की है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार राज्य में अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। अब तक योगी सरकार में 54 मंत्री थे ऐसे में खाली पड़ी छह सीटों पर नए मंत्री बनाए गए हैं।

# अनधिकृत कालोनियों में खुला छल

नई दिल्ली, वार्ता

■ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने सरकार पर लगाया इन कालोनियों में रहने वाले लोगों की अनदेखी करने का आरोप

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डा. नरेश कुमार ने कहा है कि दिल्ली सरकार अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित के नाम पर जनता को गुमराह करने और उनसे पैसा वसूलने की साजिश चला रही है।

अनऑथराइज्ड कॉलोनी रेजिडेंट्स वेलफेयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. कुमार ने रविवार को मुंडका विधानसभा क्षेत्र की अनधिकृत कॉलोनी शेर सिंह एन्क्लेव में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ नुक्कड़ सभा कर दिल्ली सरकार की कथित कॉलोनी नियमितीकरण नीति पर तीखा हमला बोला। डा. कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि हाल ही में दिल्ली सरकार ने 1511 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का नोटिफिकेशन जारी किया है, जबकि पहले 1731 कॉलोनियां चिन्हित थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर 220 कॉलोनियों को इस योजना से बाहर क्यों कर दिया गया? सरकार बताए कि इन कॉलोनियों के लाखों लोगों का क्या दोष है? उन्होंने आरोप लगाया कि गांवों से सटी विस्तृत लालडोरा और बसाहट क्षेत्रों को लेकर सरकार की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। यह गांवों और वहां रहने वाले लोगों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया है। डा. कुमार ने कहा कि सरकार की पूरी योजना दोषपूर्ण और जनता विरोधी है। पीएम उदय योजना के तहत लोगों को पोर्टल पर आवेदन करने, भारी शुल्क जमा करने और अपने-अपने प्लॉट नियमित कराने की प्रक्रिया में उलझाया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा कॉलोनियों को सामूहिक रूप से नियमित करने की पक्षधर रही है, न कि हर प्लॉट मालिक से अलग-अलग वसूली करने की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1977 में स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने बिना किसी शुल्क के अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की ऐतिहासिक योजना शुरू की थी, जो 1993 तक चली। इस दौरान अनेक कॉलोनियों को नियमित किया गया था। आज भी उसी मॉडल को लागू करते हुए बिना किसी आर्थिक बोझ के कॉलोनियों को नियमित किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों ने अपनी पूरी जिदगी की जमा पूंजी लगाकर इन कॉलोनियों में छोटे-छोटे प्लॉट खरीदे हैं। अब उन पर डेवलपमेंट चार्ज और अन्य शुल्कों का बोझ डालना सरासर अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की नीयत कॉलोनियों को नियमित करने की नहीं, बल्कि जनता की जेब से पैसा निकालने की है। उन्होंने घोषणा की कि अगले दो महीनों तक वह दिल्ली की सभी 1511 अनधिकृत कॉलोनियों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और बताएंगे कि सरकार किस तरह उनके साथ धोखा कर रही है। इसके बाद सभी कॉलोनीवासियों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के साथ मिलकर दिल्ली की मुख्यमंत्री के निवास का घेराव किया जाएगा।

# पूरे देश में चुनावी घोटाले कर रही भाजपा: संजय सिंह का तीखा प्रहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** संजय सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा हर चुनावी राज्य में ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग और केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर लो. कतंत्र को कुचल रही है, चुनाव जीत रही है बीजेपी सबसे बड़ी चुनावी घोटालेबाज पार्टी है।




आम आदमी पार्टी के सांसद विधायक को और कार्यकर्ताओं पर एड के लगातार पढ़ रहे छापो से नाराज आम आदमी पार्टी सांसद और प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कहा है कि भाजपा एड के सहारे चुनाव जीत रही है और घोटाला दर घोटाला कर रही है। लेकिन एक दिन इसको इसका हिसाब देना पड़ेगा उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के आंदोलन और जनता के दबाव के कारण सरकार को प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना पर पीछे हटना पड़ा, लेकिन पोस्टपेड स्मार्ट मीटर के जरिए अभी भी जनता को लूटने का काम जारी है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश के गांवों और शहरों में लोग खुद स्मार्ट मीटर उखाड़कर फेंक रहे थे। संजय सिंह ने कहा कि किसी का 600 रुपये का बिजली बिल 3000 रुपये आ रहा है, किसी का 2000 रुपये का बिल 10000 रुपये तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि मिल्खा सिंह से तेज भागने वालेह स्मार्ट मीटरों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और पोस्टपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ भी लड़ाई जारी रहेगी।संजय सिंह ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, जिला इकाइयों, प्रांतीय पदाधिकारियों और प्रकोष्ठों को बधाई देते हुए कहा कि उनके संघर्ष और प्रदेश की जनता के दबाव के कारण सरकार को पीछे हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई अभी समाप्त नहीं हुई है और जनता की लूट बंद होने तक आंदोलन जारी रहेगा । संजय सिंह ने शिक्षा व्यवस्था पर कहा कि नीति आयोग और भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 9508 विद्यालय ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक के भरोसे पूरा स्कूल चल रहा है। क्या एक शिक्षक के भरोसे मिड डे मील, पढ़ाई और पूरे विद्यालय का संच. ालन संभव है। इन स्कूलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, जिसका अर्थ है कि गांवों की शिक्षा व्यवस्था को जान बूझकर बर्बाद किया जा रहा है। पूरे देश में एक लाख स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक है और उनमें करीब10 प्रतिशत उप्र में हैं।

# बीजेपी महिला मोर्चा ने किया विपक्षी सांसद उज्जवल का घेराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महिला आरक्षण बिल आरक्षण बिल का संसद में विरोध करने वाले विपक्षी राजनी. तिक दलों के प्रति महिलाओं में आक्रोश व्याप्त है। मामले को लेकर नाराज चल रही महिलाओं ने बीजेपी महिला मोर्चा के बैनर तले एकजुट होकर विपक्षी पार्टी के सांसद उज्जवल रमण का घेराव कर बिल को पास कराये जाने की मांग की।

न्याय मार्ग स्थित उनके आवास पर भारी संख्या में लाम. बंद महिलाओं ने सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि संसद में महिला सशक्तिकरण के लिए लाया गया यह बिल बेहद जरूरी है और इसका विरोध महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। सपा और कांग्रेस ने मिलकर इस बिल गिराने की कूटरचना करके उसे असफल करा दिया। बीजेपी महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष शोभा द्विवेदी ने कहा कि लोकसभा में बिल पेश किया था, उसको रद्द करने के लिए जिन विपक्षियों में नाम गए हैं, उनमें एक हमारे सांसद का भी नाम है। यह विपक्ष के होने के नाते और कांग्रेसी नेता होने के नाते, इन्होंने भी हस्ताक्षर किया है,इस महिला अधिकारों को रद्द करने के लिए। ऐसा अधिकार किसी को नहीं है जो महिला अधिकारों को रोक सकता है। अगर इन्होंने महिलाओं के साथ ऐसा अन्याय किया है, तो यह गलत है। और यही कारण है कि आज हम इनके घर के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। बीना मिश्रा बोलीं कि आजादी के बाद लंबे समय तक कांग्रेस और प्रदेश में सपा की सरकारें रहीं, लेकिन किसी ने भी महिलाओं के जमीनी उत्थान के बारे में नहीं सोचा।

# अब्दुल रफीक की पुण्यतिथि पर उमड़े साप्ताहिक व्यापारी




**लखनऊ।** साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति ने रविवार को शहीद स्मारक पर व्यापारी नेता शहीद अब्दुल रफीक खान की पुण्यतिथि पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में व्यापारी उमड़ने लगे थे।

साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष वसी उल्ला आजाद ने इस मौके पर कहा कि शहीद अब्दुल रफीक खान पूरी जिन्दगी साप्ताहिक बाजार के व्यापारियों को न्याय दिलाने के लिए लड़ते रहे। व्यापारियों के अधिकारों के लिए लड़ते हुए वो शहीद हो गए। इस मौके पर महामंत्री अनिल सक्सेना, मोहम्मद कलीम खान, विनोद कुमार गुप्ता, लक्ष्मण वर्मा, विशाल गुप्ता, रफीक अहमद और मोहम्मद इस्माइल समेत सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

# पुराने विवाद में छात्र की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बाइक टकराने पर हुई कहासुनी की आड में पुराने विवाद का बदला लेते हुए हमलावरों ने छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली छात्र के सीने को चीरते हुए निकल गई। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। हत्यारोपी मौके का फायदा उठाते हुए घटना स्थल से फरार हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोरांव थाना क्षेत्र के झौनी का पुरवा, राजापुर चौबारा गांव निवासी हिमांशु सरोज पढाई कर रहा था। उसके पिता संजय कुमार पुणे में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। वह दो भाइयों में बड़ा था। हिमांशु की मां रीता ने बताया कि मेरा बेटा हिमांशु अपने ननिहाल पूरब नारा गांव में आता-जाता था। रविवार सुबह आठ बजे हिमांशु घर से बाइक लेकर निकला था। उसने कहा था कि मम्मी मैं ननिहाल जा रहा हूं। उसने पड़ोस में रहने वाले संदीप और अवनीश को भी साथ में ले लिया। लगभग ग्यारह बजे यह लोग ननिहाल पहुंचे। उसके बाद वहां से कुछ देर बाद निकल गया। दोपहर में करीब 12 बजे अवनीश का मेरे पास फोन आया कि हिमांशु को गोली मार दी गई है। उसने बताया कि टोड़ी का पुरवा गांव में हम लोगों की बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। दूसरी बाइक में तीन लोग थे। बाइक टकराने के बाद वह हिमांशु से झगड़ा करने लगे। विवाद बढ़ा तो तीनों में से एक आरोपी ने तमंचे से हिमांशु के सीने में गोली मार दी। गोली सीने के आरपार हो गई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल हिमांशु को आनन-फानन में स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल द्धएसआरएनऋ ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस हिमांशु के दोनों दोस्तों से पूछताछ कर रही है। मृतक की मां ने बताया कि मेरे बेटे का ननिहाल में ही रहने वाले महेंद्र यादव के बेटे से उसका कुछ दिन पहले उसका झगड़ा हुआ था। उन्होंने आशंका जताई कि इसी कारण से मेरे बेटे की हत्या की गई है। सोरांव एसीपी श्यामजीत प्रमिला सिंह ने बताया कि परिवार वालों से पूछताछ की गई है। मामले को संज्ञान में लेकर हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## सेंध लगा कर सामान चोरी

**इन्हौना अमेठी।** कस्बे में सुल्तानपुर सड़क मार्ग पर जकी फर्नीचर हाउस में शनिवार की रात अज्ञात चोरों दुकान में सेंध लगाकर काफी सामान चुरा लिया वहीं दुकान के मालिक मोहमद जकी ने इन्हौना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी दुकान में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर लाखों रुपए का माल कर दिया।

वे जब रविवार को सुबह दुकान पर पहुंचे और सटर का ताला खोला तो देखा कि पीछे सेंध कटी हुई थी जिसमें दो सेट गद्दा डबल बेड, दो सिलाई मशीन , कंप्रेशर मशीन, सहित भारी मात्रा में कीमती पेंट गायब मिला दुकान मालिक मोहम्मद जकी निवासी मोहल्ला किला इन्हौना ने चोरी की आशंका व्यक्त करते हुए इन्हौना थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की। इन्हौना थाना पुलिस ने तहरीर मिलने पर हलका दरोगा तथा बीट सिपाही द्वारा मौके की जांच पड़ताल की गई वहीं इस मामले में इन्हौना थाने के इंस्पेक्टर विवेक कुमार सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

# पिन्टू गुप्ता अध्यक्ष, महामंत्री पद पर अखिलेश विजयी घोषित

**लखनऊ।** श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मण्डल के चुनाव रविवार को उत्साह एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से मतदान प्रारम्भ हुआ, जिसमें व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



अध्यक्ष पद के लिए पिन्टू गुप्ता एवं सुजीत कुमार गौतम के बीच मुकाबला हुआ, जबकि वरिष्ठ महामंत्री पद हेतु अखिलेश यादव एवं रविन्द्र शर्मा चुनाव मैदान में थे। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए, जिसमें पिन्टू गुप्ता 304 अधिक मत पाकर विजयी घोषित हुए तथा अखिलेश यादव ने 314 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।चुनाव अधिकारी रासिद अली एवं रामशंकर राजपूत ने बताया कि व्यापारियों में चुनाव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला तथा पूरे चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।

नामांकन पत्रों की जांच करने के बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राजू शुक्ला शिव कुमार यादव उपाध्यक्ष अभिषेक जय गुप्ता विमर्श गुप्ता राज कुमार रावत कोषाध्यक्ष रवीश मंत्री प्रियांशू गुप्ता संगठन मंत्री अर्नव तिवारी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसी के साथ राजेंद्र रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने परिणाम घोषित करते हुए कहा व्यापार मण्डल का चुनाव आपसी भाईचारे एवं लो. कतांत्रिक परंपरा का प्रतीक है। संगठन में सभी व्यापारी एक परिवार की तरह है।

# ऑन डिमांड सप्लाई को पडोसी जिलों से बुलाई जाती थीं महिलाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले के अतरस. ूइया थाना क्षेत्र में एक दिन पहले पकड़े गए सेक्स रैकैट के मामले में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि रैकेट न सिर्फ आन डिमांड महिलाएं बुलाता था बल्कि ग्राहकों को शक्तिवर्धक दवाएं भी उपलब्ध कराता था।

सिर्फ प्रयागराज ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों की भी कुछ महिलाएं इस रैकेट से जुड़ी हुई हैं। यह बात खुद रैकेट के संच. ालक व संचालिका ने पूछताछ में पुलिस को बताई है। यही नहीं मौके से शक्तिवर्धक दवाएं भी बरामद की गईं।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह सेक्स रैकैट एक ब्यूटी पार्लर की आड़ में चल रहा था जिसका नाम आंचल ब्यूटी पार्लर था। यह ब्यूटी पार्लर किराये के मकान में संचालित हो रहा था और इसका मकान मालिक सुशील कुमार केसरवानी है। पुलिस का दावा है कि मकान मालिक भी सेक्स रैकेट के संच. ालन में शामिल था और ब्यूटी पार्लर संचालिक मीना मीश्रा पत्नी हनुमान प्रसाद मिश्रा, जो अतरसुइया की ही रहने वाली है, का सहयोग करता था। मौके से पकड़ी गई तीन अन्य महिलाओं में सभी शादीशुदा हैं। इनमें से 32 साल की अंजू उर्फ सपना कटघर, 33 साल की रेनू अग्रहरि निवासी रसूलपुर करेली और 38 साल की योगिता निवासी रानीगंज प्रतापगढ़ शामिल हैं। सुशील के अलावा मौके से पकड़ा गया एक पुरुष आशुतोष यादव हरवारा का रहने वाला है, जिसे आपत्तिजनक हाल में एक महिला के साथ पकड़ा गया। पकड़ी गई महिलाओं ने यह भी बताया कि संचालिका मीना ग्राहकों से जो रकम वसूलती थी, उनमें से कुछ हिस्सो उन्हें देकर शेष रुपये अपने पास रख लेती थी। यह भी बताया कि वह ब्यूटी पार्लर में काम करने का बहाना करके अपने घरों से निकलती थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, संचा. लिका व मकन मालिक के फोन की जांच करने पर व्हाट्सएप चौट भी मिले हैं। इसके संबंध में भी जांच की जा रही है। इस पूरे मामले का खुलासा शनिवार को हुआ था जब अतरसुइया स्थित कल्याणी देवी मोहल्ले में सेक्स रैकेट पकड़ा गया। पुलिस ने चार महिलाओं और दो पुरुषों को पकड़ा। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई।

## एक नजर

### वीरता और वसूलों के प्रतीक थे महाराणा प्रताप: दिवाकर

**प्रयागराज।** कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा कि अकेले कोई भी काम नहीं किया जा सकता है। उसमें सभी का सहयोग अपेक्षित होता है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि जिस तरह से पैर के बिना शरीर नहीं टिक पाएगा, उसी तरह पेट के बिना मस्तिष्क भी नहीं रह पाएगा। इस तरह से उन्होंने समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। पंडित मनीराम शुक्ला ने महाराणा प्रताप की वीरता पर प्रकाश डाला। सुजीत सिंह ने कहा कि महापुरुषों को जाति में बांधना गलत है। कार्यक्रम आयोजक जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी उर्फ पिंटू चौबे रहे। धीरज सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य, पराक्रम और वीरता के लिए देश ही नहीं विदेशों में भी जाने जाते हैं। कार्यक्रम को जीत नारायण सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह, मेजा ब्लाक प्रमुख के प्रति. निधि गंगा प्रसाद मिश्र, तुलसीदास राणा, प्रेम शंकर सिंह, लाल पुष्पराज सिंह, मिथिलेश शुक्ल, राजेश पांडेय ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह व संचालन कवि बबलू सिंह बहियारी व प्रमोद मिश्र पयासी ने किया। यहां अजीत प्रताप सिंह, राकेश प्रताप सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, आंनद दुबे, राजबहादुर सिंह, विनय सोनकर, गिरधर गोपाल सिंह, अजय सिंह मौजूद रहे।

### महाराणा प्रताप का शौर्य दिवस श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया

**शाहगढ़।** क्षेत्र के रामशाहपुर गांव में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का शौर्य दिवस श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं ने भाग लेकर महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान को याद किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश विक्रम सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के त्याग, साहस और देशभक्ति से प्रेरणा लेने का आ]वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट होकर राष्ट्रहित और सामाजिक विकास के कार्यों में आगे बढ़ना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर देशभक्ति और वीरता से जुड़े विचार भी व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता के संदेश से ओतप्रोत रहा।इस मौके पर शिवम सिंह बाजीराव, अंकुर सिंह, बंटी सिंह चौहान, विनम सिंह, नीरज सिंह उलरा, विजय सिंह, धनंजय सिंह, सर्वेश सिंह दीवान, शेर बहादुर सिंह, सुरेश सिंह, अंशु तिवारी, रामअचल तिवारी, गया प्रसाद सिंह, पंकज सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, अभिषेक तिवारी, प्रियांशु सिंह, अतुल सिंह, भानु प्रताप सिंह, अनुराग सिंह काका, नीरज सिंह चन्दौकी, धीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मातृ दिवस पर आर डी कन्वेंट में दिया गया संस्कारों का संदेश

**अमेठी।** शुकुल बाजार-इन्हौना रोड स्थित बाबा अधीन दास ताल मवैया के पास संचालित त्.क. ब्वदअमदजै बीववस में रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर बच्चों एवं उनकी माताओं की उपस्थिति में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से मातृत्व सम्मान एवं पारिवारिक संस्कारों को लेकर विशेष संदेश दिया गया।विद्यालय के प्रबंधक बृजेश यादव ने कहा कि मां बच्चों के जीवन की पहली गुरु होती हैं। प्रिंसिपल राजकुमारी ने कहा कि मातृ दिवस समाज में मां के योगदान को सम्मान देने का अवसर है। वहीं वाइस प्रिंसिपल विशाल यादव, शिक्षिका खुशबू एवं पूनम ने विद्यार्थियों को माता-पिता के सम्मान एवं पारिवारिक संस्कारों के महत्व की जानकारी दी।विद्यालय परिवार की ओर से सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### दबंगों ने महिला को पीटा, केस दर्ज

**अमेठी ।** जगदीशपुर जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने महिला की पिटाई कर दिया भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन मे जूटी।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिश्रौली निवासी शिवा विश्वकर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि मेरे पडोसी मेरे सहन की जमीन को कब्जा करने की नीयत से फावडा लेकर जमीन समतल करने लगे मेरी मां ने जब मना किया तब विपक्षी श्याम बिहारी व उनकी पत्नी तथा लडका ओम प्रकाश व उसकी पत्नी मिलकर मेरी मां पुष्पा को मारा पीटा व भद्दी भद्दी गालियां दी जिससे वह लहू लुहान हो गई घटना की तहरीर मिलने पर पुलिस ने मौका निरीक्षण करने के उपरांत मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। इस संबंध मे कोतवाल धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मामले को तत्काल संज्ञान मे लेकर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाई जारी है।

### घरेलू विवाद में चार गिरफ्तार

**भगतपुर।** रविवार को थाना पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग दो मामलों में जमीनी और घरेलू विवाद को लेकर 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। ग्राम पसियापुरा निवासी योगेन्द्र सिंह और बाबू राम को जमीनी विवाद में शांति भंग की आशंका पर हिरासत में लिया गया।

बही ग्राम चाँदपुर निवासी नन्हे और फईयाज को घरेलू विवाद के चलते गिरफ्तार किया गया। भगतपुर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 170/126/135 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# साक्षी सेवा समिति ने मातृ दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति चन्दौसी के तत्वावधान में रविवार को गौशाला रोड स्थित समिति कार्यालय पर मातृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीलम राय, सदस्य बाल कल्याण समिति जनपद संभल एवं समिति की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा एडवोकेट द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, मां सरस्वती पूजन और कल्याण मंत्र के साथ किया गया। इसके बाद स्टार परिवार के सदस्यों ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने कहा कि मां का सम्मान प्रत्येक दिन किया जाना चाहिए, हालांकि मई माह के दूसरे रविवार को विशेष रूप से मातृ दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि साक्षी सेवा समिति हर वर्ष मातृशक्ति का सम्मान कर समाज में उनके योगदान को नमन करती है। इस अवसर पर नगर की समाजसे. विका नीलम राय को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समिति द्वारा बताया गया कि नीलम राय ने ओम कंप्यूटर नेटवर्क के माध्यम से समाज में डिजिटल लिटरेसी एवं बेसिक कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा दिया है। वह जरूरतमंद विद्यार्थियों को कम शुल्क में तथा अत्यंत निर्धन छात्र-छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में सहयोग कर रही हैं। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से भी समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्तमान में वह बाल कल्याण समिति जनपद संभल की सदस्य के रूप में भी कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में रंजना शर्मा, बबिता बिंदल एवं स्टार परिवार के सदस्यों ने नीलम राय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही विरमा देवी, उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, चंद्रकला सैनी, मनी पोरवाल, जयश्री, सुधा शर्मा, दमयंती सिंह एवं सुमन मिश्रा सहित उपस्थित माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना शर्मा ने तथा संचालन दमयंती सिंह ने किया।




# जायंट्स ग्रुप्स ने मातृ दिवस पर किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जायंट्स वूमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माताओं का स्वागत पटका एवं माला पहनाकर किया गया।

इसके बाद दीप प्रज्वलन एवं जायंट्स प्रार्थना के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। मानसी, प्रियांशी, काव्या, हिना, शिवानी एवं शिप्रा सहित कई सदस्य विभिन्न प्रदेशों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पहुंचीं, जिससे समारोह की शोभा और बढ़ गई। गीताली, सारिका, श्रुति एवं शिप्रा ने गीत एवं कविताओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। माताओं को समर्पित नृत्य एवं लघु प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। ग्रुप अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने अपनी बेटी के साथ सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि निमिषा अग्रवाल ने बच्चों के साथ मां के सम्मान में आकर्षक नृत्य नाटिका पेश की।

इसके बाद सभी ने तंबोला गेम का आनंद लिया और आकर्षक उपहार प्राप्त किए। कार्यक्रम में डॉ. सुधा चौधरी, पद्मा भार्गव, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, शुभा अग्रवाल सहित लगभग 90 माताएं मौजूद रहीं। सभी माताओं को सम्मान स्वरूप सुंदरकांड की पुस्तकें भेंट की गईं। इस अवसर पर शुभा अग्रवाल, नीतू सोनी, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी, अलका मंगलम, वंदना गुप्ता, प्राची, रिशु, सुरभि, सुनीता, गीताली, प्रियांशी, काव्या, पल्लवी, शुभ्रा, राधिका, निमिषा, शिवानी एवं दीपिका सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# घर में बज रहीं थी शहनाई, पिता की मौत से छाया मातम

## एक ही दिन में गांव में हुई तीन मौतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बेटे की बारात वापसी के कुछ घंटों बाद ही पिता की मौत से खुशियां गम में बदल गई। जिस घर में एक दिन पहले तक शादी के गीत गूंज रहे थे वहां चीख पुकार और मातम छा गया। उसी दिन गांव में दो अन्य बुजुर्ग महिलाओं के निधन की खबर से माहौल और गमगीन हों गया।

देहात थाना क्षेत्र के गांव रामहट में शुक्रवार का दिन ऐसा बीता जिसे गांव वाले शायद ही कभी भूल पाए। गांव निवासी महावीर सिंह (67) जो बिजली विभाग में मुख्य लाइनमैन के पद से सेवानिवृत हुए थे। कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। परिवार में सबसे छोटे बेटे रवींद्र कुमार की शादी थी। गुरुवार को संभल बारात गई थी और घर में खुशियां ही खुशियां थी। परंतु शुक्रवार को जैसे ही बारात वापस गांव पहुंची महाव. ीर सिंह की तबियत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के काफी देर उपचार के बाद भी उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। करीब तीन बजे चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिस घर में खुशियों की शहनाई बज रही थी और दूल्हे की स्वागत की तैयारी थी। कुछ ही देर में वहां रोने बिलखने कि आवाजें गूंजने लगी। बेटे की बारात के कुछ घंटों बाद ही पिता की मौत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। इसी दिन गांव की बुजुर्ग महिलाओं 65 वर्षीय चन्द्रकला व दयावती 65 का भी बीमारी के चलते निधन हो गया। कुछ ही घंटों में तीन मौतों की खबर से पूरा गांव सन्न रह गया। स्थानीय लोगों का कहना कि महावीर सिंह परिवार के बेहद जिम्मेदार सदस्य थे और बेटे की शादी को लेकर काफी उत्साहित थे। लेकिन किस्मत को शायद कुछ ओर ही मंजूर था।

# चालान काटने पर युवकों ने किया हंगामा

## नशे में पुलिस से अभद्रता, दोनो हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शेरपुर चुंगी चौराहे पर रविवार शाम वाहन चेकिंग के दौरान बाइक का चालान काटने पर दो युवकों ने हंगामा कर दिया। शराब के नशे में धुत युवकों ने पुलिसकर्मियों से अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण कराया है।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब पांच बजे एसआई राकेश बंसल, सिपाही आशीष पवार और गौरव पाल शेरपुर चुंगी चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवकों को रो. ककर कागजात मांगे गए। कागजात पूरे न होने पर पुलिस ने बाइक का चालान करना शुरू किया तो दोनों युवक भड़क गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवकों ने पुलिसकर्मियों से बहस शुरू कर दी और गाली-गलौज करते हुए हंगामा करने लगे। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने कड़ाई दिखाते हुए दोनों



युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान परवीन पुत्र महेंद्र सिंह निवासी बछरायूं और मोनू पुत्र करन सिंह निवासी अकौंधा थाना चांदपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक शराब के नशे में थे। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस से अभद्रता करने के मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

# ब्याज समेत बीमा राशि देने के दिए आदेश

## उपभोक्ता फोरम ने बीमा कम्पनी को सुनाया फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क हादसे में किसान की मौत के बाद वर्षों तक बीमा क्लेम के लिए भटक रहे परिवार को आखिरकार जिला उपभोक्ता आयोग से राहत मिल गई। आयोग ने बैंक और बीमा कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बीमा राशि ब्याज समेत अदा करने के आदेश दिए हैं। आयोग ने साफ कहा कि एफआईआर, पंचनामा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट जैसे सार्वजनिक दस्तावेजों को साक्ष्य मानने से इंकार करना विधिविरुद्ध है।

गजरौला क्षेत्र निवासी किसान सोमवीर ने एक बैंक में अपना बचत खाता खोल रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा पॉलिसी भी थी। 20 अगस्त 2019 को सड़क हादसे में किसान सोमवीर की मृत्यु हो गई थी। पोस्टमार्टम व मुकदमा दर्ज कराने के बाद मृतक के बेटे योगेश कुमार और बेटी दुर्गेश ने बीमा क्लेम के लिए आवेदन किया था लेकिन बैंक और बीमा कंपनी ने उनके आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं की थी। आरटीआई के जरिए जानकारी मांगने के बावजूद कंपनी की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया था। इसके बाद 14 जुलाई 2020 को क्लेम का दावा निरस्त कर दिया था। इसके बाद मृतक की पत्नी सावित्री देवी, बेटे बृजेश कुमार ने जिला उपभोक्ता आयोग की शरण ली थी। वाद की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित द्वारा की गई। बैंक और बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब किया गया। आयोग ने कहा कि एफआईआर, पंचनामा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक दस्तावेज हैं और इन्हें साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए था। आयोग ने बैंक और बीमा कंपनी द्वारा अतिरिक्त दस्तावेजों को मांगना विधिविरुद्ध माना। बीमा कंपनी को बीमा राशि ब्याज समेत अदा करने के आदेश दिया।

# आत्महत्या के लिए उकसाने में चार पर रिपोर्ट

## दो अलग अलग स्थानों पर हुई थीं आत्महत्या की घटनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** युवक द्वारा किए गए शारिरिक शोषण से उपजे मानसिक तनाव में आकर बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने आत्महत्या की थी। वहीं एक युवक ने थाना क्षेत्र के एक गांव में आत्महत्या की थी। दोनों मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला सुल्ताननगर निवासी फल विक्रेता वीर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार ने अपने दोस्त के कमरे पर फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी थी। वह मुरादाबाद स्थित एक निजी विश्व. विद्यालय में बीसीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसने 05 मई को अपने दोस्त के कमरे पर फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी थी। इस मामले में मृतक के पिता वीर सिंह ने नगर के मौहल्ला भोलानाथ मंदिर वाली गली निवासी रिशव प्रजापति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि वर्ष 2021 में रिशव प्रजापति ने मोहित के साथ शारीरिक शोषण किया था। मो. हित के बताने पर वीर सिंह ने उसी समय आरोपी के विरूद्ध थाने में तहरीर दी थी, लेकिन बाद में समाज के प्रवुद्ध लोगों के कहने पर वीर सिंह ने समझौता कर लिया था, लेकिन पिता के मुता. बिक इस घटना के बाद मोहित मानसिक रूप से परेशान रहता था, 05 मई को आत्महत्या करने से पूर्व उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा था जिसमें फांसी के फंदे पर झूलने का कारण रिशव प्रजापति को बताया है। पुलिस ने वीर सिंह की तहरीर पर आरोपी रिशव प्रजापति के विरूद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर मौहम्मदपुर में युवक बंटी द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बंटी के पिता द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि उनके बेटे को हरपाल, उत्तम व रोशन ने युवती को भगाकर ले जाने की बात कहकर काफी प्रताड़ित किया। जिससे भयभीत होकर बंटी ने आत्महत्या की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मदर्स डे पर पोस्टर प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मदर्स डे के अवसर पर स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल में माताओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें बच्चों ने मां के प्रेम, त्याग और महत्व को सुंदर चित्रों और संदेशों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय की निर्देशिका सोना अग्रवाल ने कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु होती है। वह अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हर दिन मेहनत करती है। मां का प्यार और विश्वास ही बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रबंधक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि मां बच्चों को सिर्फ पालन-पोषण ही नहीं देती, बल्कि अच्छे संस्कार और आत्मविश्वास भी देती है। बच्चे जीवन में जो भी सफलता हासिल करते हैं, उसमें मां की सबसे बड़ी भूमिका होती है। पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टरों की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में भावुक और उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

## सरस्वती विहार में ई-रिक्शा चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के सरस्वती विहार में पानी के कैम्पर उतारने गए व्यक्ति की ई-रिक्शा चोरी हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर निवासी रोहित चौहान का मौहल्ला जवाहरनगर में आरओ प्लांट है। वह बीते दिन मौहल्ला सरस्वती विहार में पानी के कैम्पर उतारने गया था, तभी उसकी ई-रिक्शा चोरी हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मदर्स डे पर बच्चों ने माताओं को दिये उपहार

## ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में दिखा भावुक माहौल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर पीटीएम के दौरान विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी माताओं को हाथों से बने सुंदर उपहार भेंट किए। बच्चों की ओर से मिले उपहार पाकर माताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

विद्यालय परिसर में बनाए गए सेल्फी बूथ पर माताओं ने अपने बच्चों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्कूल में उत्साह और भावुकता का माहौल बना रहा। बच्चों और माताओं के बीच प्यार और अपनापन देखने को मिला। विद्यालय की निर्देशिका राखी अग्रवाल ने कहा कि मां बच्चों के जीवन की सबसे बड़ी ताकत होती है। मां का प्यार, त्याग और संस्कार ही बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों और अभिभावकों के रिश्तों को और मजबूत बनाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है। बच्चों द्वारा अपनी माताओं के लिए बनाए गए उपहार उनके प्रेम और सम्मान को दर्शाते हैं। उन्होंने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल परिसर पूरे समय खुशियों और मुस्कुराहटों से गुलजार रहा।

## एमआईएम ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** संभल रोड स्थित एक निजी मैरिज हॉल में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव एवं बिजनौर व हापुड़ के प्रभारी हाजी शहजाद खान एडवोकेट ने कहा कि बैरियर असदुद्दीन ओवैसी आज देश के इकलौते ऐसे नेता हैं, जो सड़क से लेकर संसद तक जनता के हक की आवाज उठा रहे हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष छुन्नन अल्वी, हाफिज आसिफ, शाहजेब सलमानी, मारूफ अंसारी, फिरोज अंसारी, अनवर खान, डॉक्टर वकार, नासिर कस्सार, फारोज कसार, सादिक कादरी मौजूद रहे।

## मंत्रीमंडल विस्तार पर भाजपाईयों ने मनाई खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई और आतिशबाजी की। वहीं ढोल-नगाड़ों की धुन पर भाजपा कार्यकर्ता जमकर झूमे और नारेबाजी की। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास और सुशासन की नई मिसाल कायम कर रही है। मंत्रिमंडल विस्तार से सरकार को और मजबूती मिलेगी तथा प्रदेश के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने नए मंत्रियों को शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर सरदार सेवा सिंह, सभासद राजू बादशाह, सतीश, दुलीचंद गीहर, नकित सभासद, प्रत्यक्ष शर्मा, सचिन अग्रवाल, राजीव उपाध्याय, गौरव अग्रवाल, शरद गर्ग, विनीत, अंकित शर्मा, सुनील प्रजापति, दिवेश तंवर, विशाल कौशिक, पवन वर्मा, नितिन यादव और राजू शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षक एमएलसी चुनाव को सपा ने कसी कमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न मंडलों और जनपदों में प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी प्रत्याशी मोहम्मद दानिश अख्तर के समर्थन में शिक्षक मतदाताओं से व्यापक संपर्क अभियान चलाने और संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। मुरादाबाद मंडल की जिम्मेदारी विधायक इरफान फहीम और तसलीम अहमद को सौंपी गई है। नवंबर में होने वाले इस चुनाव को लेकर सपा संगठन पूरी तरह सक्रिय है।

# बढ़ा हुआ मानदेय मिलने पर मनाई खुशी

## शिक्षामित्रों ने एक-दूसरे को खिलाई मिठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में की गई ऐतिहासिक वृद्धि के बाद अप्रैल माह का बढ़ा हुआ मानदेय उनके खातों में पहुंचते ही प्राथमिक शिक्षा जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने के उत्साह में गंगेश्वरी ब्लॉक के शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता साझा की और योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन रूखालू न्याय पंचायत के उच्च प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मित्रों और अनुद. ेशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह संवे. दनशील निर्णय उनके और उनके परिवारों के लिए किसी बड़े उपहार से कम नहीं है। ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन द्वारा लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग की जा रही थी। सरकार ने इन मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शिक्षा मित्रों का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये और अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार रुपये से बढ़ाकर 17 हजार रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई धनराशि का अप्रैल माह का भुगतान प्राप्त हो जाने से शिक्षकों का मनोबल बढ़ा है। यह वृद्धि न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनायेगी। बल्कि उन्हें स्कूलों में और अधिक निष्ठा और ऊर्जा के साथ शिक्षण कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी करेगी। इस अवसर पर अनुदेशक विलेश चौहान और दीक्षा शर्मा,शिक्षा मित्र राशिद अली, संतराम सिंह, दारा सिंह और विनोद कुमार,पूर्व एआरपी विकास राहुल, वरिष्ठ शिक्षक डॉ. रमेश सिंह, इंचार्ज अध्यापक मदनपाल, सहायक अध्यापक अमित कुमार, अजय सागर, मनीष कुमार और रेनू कंसल शामिल रहे।

## अग्निशमन विभाग ने किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता,गजरौला।** अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्रा ने हसनपुर के ढक्का में स्थित शान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का निरिक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। कहा कि गर्मी के मौसम में आग की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसीलिए सतर्क रहें और आग की घटना की जानकारी तुरंत अग्निशमन विभाग के नंबर पर अथवा 112 डॉयल पर दें। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को आग लगने की स्थिति में बचाव और सुरक्षा के उपायों के प्रति प्रशिक्षित भी किया। इस मौके पर अस्पताल के एमडी डॉ.शान चौधरी, सीईओ अकरम खान, सुरेंद्र, डॉ.नफीस, इकबाल अहमद समेत फायर मैन योगेंद्र देव, निशांत कौशिक और डॉ.शादाब अली मौजूद रहे।

# बसपा, एमआईएम व आप को भाव नहीं दे रहे नेता!

## एनडीए व इंडिया गठबंधन से टिकिट की लाइन लम्बी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** एनडीए व इंडिया गठबंधन को छोड़ दूसरे दलों से विधानसभा चुनाव लड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे नेता जी।

अब विधानसभा चुनाव में दस माह बचे हैं। बंगाल में टीएमसी का किला ढहने के बाद विपक्षी दलों में हड़कम्प बचा रहा है। सपा व कांग्रेस के नेताओं की समझ में नहीं आ रहा कि वह एनडीए गठबंधन से मुक. ाबला करने के लिए कौन सी रणनीति बनायें। बंगाल में 15 साल से दीदी का राज खत्म होने से सपा गहरे सदमे मे है। उधर प्रदेश में बसपा, आप, एमआईएम व अन्य छोटे भी चुनाव लड़ने को कमर चुके हैं परन्तु बंगाल में हार से यह दल भी सहमे हैं। उधर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नेताओं का धैर्य जवाब देने लगा है। क्योंकि चुनाव करोड़ो में लड़ा जाता है ऐसे में नेता इतना भारी जोखिम उठाने को तैयार नहीं हैं। पिछले 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा की प्रदेश में काफी दुर्गति हुई थी तथा उसे एक सीट से ही संतोष करना पड़ा था। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा हाशिये पर खिसक गयी थी। एमआईएम ने 2022 कई सीटों पर अच्छा प्रदर्शन किया था, बिहार के विधानसभा चुनाव में एमआईएम ने चार-पांच सीटे जीती थीं। परन्तु बंगाल के मतदाताओं ने एमआईएम को पूरी तरह नकार दिया। जबकि 2023 के निकाय चुनाव में एमआईएम के समर्थन से कई चेयरमैन निर्वाचित हुए थे। आप ने भी निकाय चुनाव में रामपुर, संभल, पाकबड़ा, जोया समेत कई सीटों पर कब्जा जमाया था। परन्तु दिल्ली में सत्ता से बाहर होने पर आप की हालत भी खस्ता है। चर्चा है कि आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह सपा मुखिया अखिलेश यादव के संपर्क में हैं तथा वह इंडिया गठबंधन से एक-दो सीटे लेकर अपनी पार्टी का समर्थन दे सकते हैं। कुल मिलाकर एनडीए व इंडिया गठबंधन को छोड़ अन्य दलों से चुनाव लड़ने में नेता दिलचस्पी दिखाने को तैयार नहीं है।

# भूपेन्द्र चौधरी के कैबिनेट मंत्री बनने पर मिठाई बांटी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में भूपेंद्र चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

नगर के इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ मंदिर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह स्टेट, उत्तम सिंह प्रजापति , लोकेश कुमार, ब्रजेश अग्रवाल , चंद्रपाल सिंह, तेजपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह, करन सिंह सैनी, सुशील सैनी, सुरेंद्र स्टेट, संग्राम सिंह, सुखवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, पवन अग्रवाल, नवीन कुमार जैन, सोनू कश्यप, मनमोहन सेन, डॉ0 दीपक गंगवार, शंकर सैनी, उमेश प्रजापति, पंडित दयानन्द शर्मा आदि समेत अनेकों मौजूद रहे।

# गांव कें पास टहलता हुआ दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

## युवकों ने मोबाइल में कैद किया वीडियो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** क्षेत्र में एक गांव में पास घूमते तेंदुए का वीडियो वायरल होने के बाद गांवों में दहशत फैल गई। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों ने महिलाओं और बच्चों को अकेले खेतों की ओर भेजना बंद कर दिया है, जबकि वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग तेज हो गई है।

बीते एक पखवाड़े से नौगावां सादात क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में तेंदुए को देखा जा रहा है। आबादी के पास तक पहुंचा तेंदुआ कई मवेशियों का शिकार करने के अलावा कई किसानों पर हमले भी कर चुका है। गांव कमालपुरी, अलीपुर कलां व गंग नहर के किनारे के जंगल में तेंदुआ दिखना रोज की बात हो चुकी है। बीते दिनों यहां एक तेंदुआ की मौत भी हो चुकी है जबकि दो शावकों को पकड़ा भी जा चुका है। शनिवार दोपहर गांव के नजदीक तेंदुआ टहल रहा था। रास्ते से गुजर रहे युवकों की नजर उस पर पड़ गई। उन्होंने दूर से ही अपने मोबाइल से तेंदुए की वीडियो बना ली तथा बाद में उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इतना ही नहीं साथ ही गांव में लाउडस्पीकर से ऐलान कर दिया कि तेंदुआ जंगल में आबादी के पास टहल रहा है, सभी लोग सतर्क हो जाएं। इस ऐलान के बाद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। बाद में ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देकर तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है। डीएफओ राजीव कुमार ने बताया कि गांव में टीम भेज कर लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जरुरत पड़ने पर पिंजरा भी लगाया जाएगा।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में बरेली ने लहराया परचम, प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी अप्रैल 2026 की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद बरेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। जनपद की इस उपलब्धि से प्रशासनिक महकमे में खुशी का माहौल है।

डीएम अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व, प्रभावी कार्यशैली और निरंतर समीक्षा बैठकों के चलते बरेली ने विकास एवं राजस्व कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की। विकास कार्यक्रमों की रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ, जबकि राजस्व कार्यों में बरेली दूसरे स्थान पर रहा। विकास और राजस्व की संयुक्त ओवरऑल रैंकिंग में भी जनपद ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी मजबूत प्रशासनिक पकड़ का परिचय दिया।

सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों की योजनाओं, सेवाओं और परियोजनाओं के प्रदर्शन का हर माह मूल्यांकन किया जाता है। इसी आधार पर जनपदों की रैंकिंग जारी की जाती है। सितंबर 2023 से यह व्यवस्था लागू है, जिसके तहत विकास कार्यक्रमों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने प्रत्येक सप्ताह विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसका परिणाम अप्रैल 2026 की रैंकिंग में साफ दिखाई दिया। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए विकास और राजस्व कार्यों में इसी तरह गति बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की।

# नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता



**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव कुल्छा खुर्द निवासी एक व्यक्ति की रविवार शाम नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में को. हराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कुल्छा खुर्द निवासी ओमप्रकाश पुत्र राम प्रसाद रविवार शाम नेशनल हाईवे पर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान रामपुर की ओर से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लग गई, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से ओमप्रकाश को जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक अपने पीछे पत्नी नीरज और तीन नाबालिग पुत्र लक्ष्य, विशेष व ध्रुव को छोड़ गए हैं। हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भांजे अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि ओमप्रकाश पहले मैक्स वाहन चलाते थे। कुछ वर्ष पूर्व एक सड़क दुर्घटना में उनका एक हाथ कट गया था। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और बरेली में सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे।

वहीं, गांव के एक ग्रामीण ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि ओमप्रकाश हाईवे किनारे स्थित एक होटल पर काम कर रहे थे। किसी काम से सड़क पार कर गए थे और वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए।

## एक नजर

### घर से लापता किशोरी की गुमशुदगी दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव मनकरा निवासी एक किशोरी बीती 8 मई की सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारियों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। परेशान मां ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बेटी के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक उपनिरीक्षक बौबी कुमार अपने हमराह हेड कांस्टेबल विकास पंवार और कांस्टेबल विशेष खोखर के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि केसर मिल से मुंडिया की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित मैदान के पास एक युवक अवैध हथियार के साथ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक 12 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अरुण पुत्र राकेश गुप्ता निवासी मोहल्ला रामलीला, कस्बा व थाना बहेड़ी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह तमंचे के बल पर लोगों में डर पैदा कर अवैध रूप से पैसा कमाने का काम करता था। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बौबी कुमार, हेड कांस्टेबल विकास पंवार और कांस्टेबल विशेष खोखर शामिल रहे।

### पुरुषोत्तम मास के चलते 30 दिनों तक नहीं किए जाएंगे कोई भी मांगलिक कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** आगामी 17 मई से आरंभ हो रहे पुरुषोत्तम मास में (अधिकमास) में बैंड बाजा बारात तिलकोउत्सव आदि की धूम पर जल्द विराम लगने वाला है। 17 मई से आरंभ हो रहे पुरुषोत्तम मास में प्रथम बार किए जाने वाले सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी। 15 जून को इस मास की समाप्ति के बाद मांगलिक कार्यों के मुहूर्त प्राप्त होंगे।

विद्वानों के अनुसार इस अधिक मास के 30 दिनों में क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए इसे लेकर लोगों में भ्रम है, जबकि शास्त्रों में व्यवस्था दी गई है कि फल प्राप्ति की कामना से किए जाने वाले सभी कार्य जैसे तीर्थ यात्रा ग्रह प्रवेश विवाह आदि मांगालिक कार्य और किसी व्रत का आरंभ और उद्यापन जन्म के 6 महीने बाद होने वाले सभी संस्कार जैसे कर्ण भेदन मुन्डन यज्ञोपवीत आदि संस्कार पवित्र विवाह वधु प्रवेश आदि पर विराम लग जायेगा। हालांकि जिन कार्यों के लिए फिर मुहूर्त या अवसर नहीं मिलेंगे और वह आवश्यक है तो रोक नहीं है। इस महीने में निष्काम भाव से किए गए व्रत आदि का अक्षय फल होता है और व्रत के संपूर्ण अनिष्ट नष्ट हो जाते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं कहा है कि इस मास का फल दाता उपभोक्ता और अधिष्ठाता सब कुछ मैं हूं, अत: इस महीने के व्रत का अक्षय फल प्राप्त होता है ब्राह्मण साधुओं सहित दीन दुखियों की सेवा सर्वोत्तम है।

# 27 लाख की स्मैक के साथ युवक दबोचा, साथी फरार

शाह टाइम्स संवाददाता



**मीरगंज।** थाना बारादरी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मीरगंज क्षेत्र के गांव करमपुर निवासी एक युवक को 270 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 27 लाख रुपये बताई जा रही है। वहीं आरोपी का एक साथी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात थाना बारादरी पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग पीलीभीत बाईपास रोड स्थित डोहरा चौराहे के पास अवैध मादक पदार्थ बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने 99 बीघा मैदान क्षेत्र में दबिश दी, जहां से पुलिस ने करमपुर निवासी 22 वर्षीय विकास पुत्र शेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 270 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक खरीदकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचता था और उससे मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल नशे व अन्य खर्चों में करता था। आरोपी ने यह भी बताया कि वह अपने फरार साथी और आरिफ नामक व्यक्ति के लिए मादक पदार्थ की सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक कुशलपाल सिंह चौकी प्रभारी जोगी नवादा, हेड कांस्टेबल आशीष कुमार मिश्र, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल आदित्य प्रताप सिंह तथा कांस्टेबल सिद्धांत चौधरी शामिल रहे।

# चुरई दलपतपुर में स्व-गणना अभियान को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक



शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए जा रहे 'स्व-गणना अभियान' के तहत विकासखंड मीरगंज की ग्राम पंचायत चुरई दलपतपुर में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। पंचायत घर में आयोजित बैठक में लोगों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई और अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की गई।

बैठक में एसडीएम निधि शुक्ला ने ग्रामीणों से कहा कि गांव के विभिन्न स्थानों, व्हाट्सएप ग्रुपों और घर-घर जाकर लोगों को स्व-गणना अभियान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि यह अभियान 7 मई से 21 मई तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।पंचायत सहायक शिखा गंगवार ने ग्रामीणों को ऑनलाइन स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि गणना पूर्ण होने के बाद एक 'म्प्क' प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है।तकनीकि सहायक संदीप गंगवार ने बताया कि जब प्रगणक घर-घर सर्वे के लिए आएंगे, तब ग्रामीणों को यही SEID दिखानी होगी।

उन्होंने लोगों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।इस दौरान ग्राम प्रधान अपर्णा गंगवार, प्रधानपति गजेंद्र गंगवार, पंचायत सहायक शिखा गंगवार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता सहित अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और ग्रामीण मौजूद रहे।

# पंचायत चुनाव कराने की मांग, प्रधानों ने क्षेत्रीय विधायक को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता



**क्योलड़िया।** भदपुरा ब्लॉक के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने पंचायत चुनाव जल्द कराने तथा वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक डॉ. एमपी आर्य को सौंपा।

प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि राम प्रताप गंगवार के नेतृत्व में पहुंचे प्रधानों ने कहा कि यदि पंचायत चुनाव समय पर नहीं कराए जाते हैं, तो वर्तमान ग्राम प्रधानों के कार्यकाल की समय सीमा बढ़ाई जाए। साथ ही ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने के बजाय वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने की मांग की प्रधानों का कहना है कि ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को प्रभावित होने से बचाने के लिए ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाना आवश्यक है। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि राम प्रताप गंगवार, वेदपाल कनौजिया, सनी कुमार, ओमेंद्र सिंह, रफीक अहमद, सर्वेश कुमार, जुल्फिकार खा, राधेश्याम, जयवीर सिंह वर्मा, अर्जुन सिंह, डीपी यादव, प्रदीप सिंह, शिशुपाल शर्मा, मनीष राठौर सहित दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# झारखंड के गवर्नर सन्तोष गंगवार ने मृतक आत्माओं को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता



**नवाबगंज।** रविवार को क्षेत्र में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के आगमन को लेकर स्थानीय प्रशासन सुबह से ही सतर्क रहा। सुबह करीब साढ़े नौ बजे नगर पहुंचा राज्यपाल का काफिला सबसे पहले कस्बे के बिजौरिया रोड स्थित बार एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व. रवीन्द्र पाल सिंह के आवास पहुंचा, और उनके चित्र पर पुष्पांज. लि कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कुछ देर रुके राज्यपाल संतोष गंगवार ने अधिवक्ता स्व. रवीन्द्र पाल सिंह के कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके पुत्रों सतेन्द्र सिंह गंगवार, खेमेंद्र गंगवार के साथ ही अधिवक्ता उपेन्द्र गंगवार को ढांढस बधाया।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा की जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, राममोहन गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, एड नंदकिशोर, सभासद रामप्रकाश गंगवार, राज. कुमार गुप्ता, अधिवक्ता राजीव गंग. वार, भुजेंद्र गंगवार, पूर्व प्रधान उत्तम गंगवार, पूर्व डायरेक्टर सुरेश गंग. वार, व्यापारी नेता विनोद गुप्ता, नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता, लाल बहादुर गंगवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपनी शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार क्षेत्र के गांव गंगापुर स्थित स्व. लालता प्रसाद सरपंच के आवास पहुंचे, और उन्हें अपनी शोक संवे. दना व्यक्त की। इसके बाद राज्यपाल संतोष गंगवार नगर पंचायत सेंथल पहुंचे, और कस्बे के वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र गुप्ता के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

# जनजागरूकता रैली निकालकर दिया थैलेसीमिया से बचाव का संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** थैलेसीमिया जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को आईएमए हॉल (ब्लड बैंक) बरेली के तत्वावधान में भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शिनी ने हरी झंडी दिखाकर किया। जागरूकता रैली आईएमए हॉल से शुरू होकर चौकी चौराहे से होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से निकली और पुन: आईएमए हॉल परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान लोगों को थैलेसीमिया से बचाव, समय पर जांच और जागरूकता का संदेश दिया गया। रैली में शामिल थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों की मौजूदगी ने लोगों को भावुक कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि समय रहते जांच और जागरूकता से इस बीमारी पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

इस अवसर पर आईएमए के चिकित्सकों के साथ बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएलवी भुवनेश कुमार यादव, शोएब अली खान, साधना, उन्नति मिश्रा, प्रभा और पूजा का विशेष योगदान रहा।

### छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपियों को भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** साइकिल से कोचिंग जा रही कक्षा सात की छात्रा के साथ रास्ते में छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने जहां जेल भेज दिया, वहीं एक आरोपी के नाबालिग पाए जाने पर पुलिस ने उसे बाल सुधार ग्रह भेजा है।

**नाबालिग को भेजा गया बाल सुधार गृह**

नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी कस्बे के एक विद्यालय में कक्षा सात की छात्रा है। शनिवार को वह कोचिंग पढ़ने के लिए साईकिल से कस्बे में जा रही थी। आरोप है कि धार्मिक स्थल के पास पहले से मौजूद पांच मनचलों ने उसे रोककर उससे छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे धमकाया तो छात्रा ने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तीन आरोपियों को पकड़ लिया जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों आरोपियों को पकड़ कर थाने ले आयी। घटना की रिपोर्ट छात्रा के पिता की ओर से तीन नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गई। रविवार को पुलिस ने पकड़े गए तीन आरोपियों में से फैजान व अली हसन निवासी कस्बा नवाबगंज को जेल भेज दिया। जबकि एक आरोपी के नाबालिग पाए जाने पर पुलिस ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस छापामारी कर रही है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही बाकी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### कक्कू शाह मियां का चार रोजा उर्स कुल शरीफ के साथ संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**क्योलडिया।** क्योलडिया में स्थित हजरत कक्कू शाह मियां की दरगाह पर लगने वाले सालाना चार दिवसीय उर्स में बीती शाम जलशा का प्रोग्राम किया गया था इसके बाद रविवार को बाद नमाजे फजर दरगाह पर कुरान ख्वानी हुई इसके बाद चादरो का जुलूस निकला जायरीनों ने चादरपोशी और गुलपोसी कर अपनी मन्नत मांगी ठीक 1:00 बजे कुल शरीफ शुरू हुआ जिसमें नातो मनकबत और उलमाओं ने तकरीरें पेश की इसके बाद कुल शरीफ की दुआ हुई जिसमें मुल्क की खुशहाली और अम्नो सुकून की दुआ मांगी गई। इसके बाद लंगर तकसीम किया गया उर्स मेघ हजारों लोगों ने शिर. कत की उर्स में जामा मस्जिद के इमाम हाफिज कमालुद्दीन, नूरी मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल वाहिद,मौलाना जब्बार, शमशाद शाह, मो. उबैश, डंपी टीवीएस, जान मोहम्मद, शाहिद अल्वी, डॉ. हारून, बाबू अंसारी, डॉ. वाहिद अली, मो. रफीक, बाद शाह, मोहम्मद शाहिद, बली मोहम्मद,फरयाद शाह, नन्हे शाह, समेत काफी संख्या में लोगों ने उर्स में शिरकत की।

**मुल्क में खुशहाली और अमनो सुकून की दुआ मांगी गई**

# लिलौर झील में विकास कार्यों को मिली रफ्तार, डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** तहसील आंवला स्थित लिलौर झील को पर्यटन और प्राकृतिक सौंदर्य का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में प्रशासन ने कदम तेज कर दिए हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने रविवार को लिलौर झील पहुंचकर वहां चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने झील में बोटिंग कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने फैमिली ट्रेन में बैठकर उसके संचालन की सराहना की तथा बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को रामनगर और मझगवां ब्लॉक के स्कूलों के बच्चों के लिए झील का पिकनिक टूर आयोजित कराने के निर्देश भी दिए। डीएम अविनाश सिंह ने झील क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को लेकर उद्यान विभाग, तालाब संबंधी कार्यों के लिए उपजिलाधिकारी तथा मत्स्य पालन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन गेस्ट हाउस, मंडपम (गजीबो), परगोला, बाउंड्री वॉल और चेन लिंक फेंसिंग के कार्यों का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को कैफेटेरिया, पेयजल और आमजन से जुड़ी अन्य सुविधाएं बेहतर ढंग से विकसित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग से स्वीकृत परियोजनाओं को शीघ्र शुरू कराने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि लिलौर झील के विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि पर्यटकों और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी आंवला समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 10 लाख की स्मैक के साथ सगे भाई पकड़े

**नशे के कारोबार पर मीरगंज पुलिस का बड़ा प्रहार**

शाह टाइम्स संवाददाता



**मीरगंज।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने कस्बा क्षेत्र से दो सगे भाइयों को 101 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक शनिवार को कस्बा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक अवैध स्मैक लेकर बिक्री के इरादे से कस्बा मीरगंज अंडरपास के पास घूम रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों युवकों को पकड़ लिया।पूछताछ में पकड़े गए युवकों की पहचान मोहल्ला खानपुरा कस्बा मीरगंज निवासी फैजान पुत्र अजमत और आजम पुत्र अजमत के रूप में हुई। तलाशी के दौरान फैजान के पास से 49 ग्राम और आजम के पास से 52 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।

इस तरह कुल 101 ग्राम स्मैक पुलिस ने कब्जे में ली, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है।पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे जल्दी अधिक पैसा कमाने और अपने शौक पूरे करने के लिए स्मैक बेचने का काम करने लगे थे। दोनों भाई आने-जाने वाले ट्रक चालकों से स्मैक खरीदते थे और फिर इलाके में उसकी बिक्री करते थे।आरोपियों ने बताया कि वे ट्रक चालकों को पहचानते नहीं थे, लेकिन उनसे स्मैक खरीदकर बेचने का काम करते थे। शनिवार को भी दोनों बिक्री के लिए निकले थे, लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी आजम पहले भी नशा तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। मीरगंज पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों का नेटवर्क किन लोगों से जुड़ा हुआ था और वे स्मैक कहां-कहां सप्लाई करते थे।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में कस्बा चौकी प्रभारी उपनि. रीक्षक पंकज कुमार, महिला उपनि. रीक्षक नीतू, महिला हेड कांस्टेबल सीमा, कांस्टेबल अंकुर कुमार, अभिषेक सोम शामिल रहे।

# यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता




**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डा. डी.सी. वर्मा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों पर अभिभावकों एवं अतिथियों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रबंधक रमन कुमार जायसवाल ने सभी मुख्य अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।विधायक डा. डी.सी. वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और मेहनत, अनुशासन व लगन से छात्र अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक विजय कुमार गुप्ता, चक्रवीर सिंह, संजय चौहान, अजय सक्सेना, शिवम् शर्मा, कैलाश शर्मा, जसवीर सिंह, संदीप गुप्ता, अजय गुप्ता, सिंटू पाठक, अंकित भारद्वाज, के.सी. शर्मा एवं राजेश सक्सेना सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कॉलेज के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की भी कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन राहुल युद्धवंशी ने किया।

# ग्रेटर नोएडा में मां-बेटे पर हमला

## पुरानी रंजिश में सगे भाई समेत चार पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित अट्टा फतेहपुर गांव में पारिवारिक रंजिश के चलते एक व्यक्ति की पत्नी और बेटे पर हमला किया गया। पीड़ित ने अपने सगे भाई समेत चार लोगों पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है।



पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रविवार को चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।अट्टा फतेहपुर गांव निवासी असरफ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार रात वह किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान उनके सगे भाई और अन्य आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके घर पहुंचकर पत्नी फरजाना और बेटे मोहम्मद कैफ पर हमला कर दिया। इस हमले में मां-बेटा घायल हो गए।पीड़ित के अनुसार, बेटे मोहम्मद कैफ को गंभीर चोटें आई हैं। उसे पहले ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।असरफ ने बताया कि आरोपियों से उनका पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। पुरानी रंजिश के कारण ही इस वारदात को अंजाम दिया गया।

पुलिस ने असरफ की तहरीर पर आरोपी जरीफ, जुनैद, सुहेल और सैफ अली खान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि मामले की जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### निबंधन विभाग में नहीं हो सका कामकाज

**नोएडा।** एक बार फिर रविवार को निबंधन विभाग में कोई कामकाज नहीं हुआ। वकीलों के विरोध के कारण नोएडा में तीन में से एक दफ्तर नहीं खुल सके। इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि इसको लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इस साल मार्च महीने में शासन ने नोएडा समेत पांच जिलों में छुट्टी के दिन दफ्तर खोले जाने का निर्णय लिया था। यह व्यवस्था उन जिलों में लागू की गई, जहां निबंधन विभाग के एक साथ तीन कार्यालय हैं। नोएडा के सेक्टर-33 में एक साथ तीन सबरजिस्ट्रार कार्यालय हैं। इस व्यवस्था को लागू करने के पीछे वजह कामकाजी लोगों को सहूलियत देना था। उच्च अधिकारियों ने कहा था कि छुट्टी के दिन एक दफ्तर खुलने से लोगों को संपत्ति की रजिस्ट्री कराने समेत विभाग के अन्य काम के लिए छुट्टी नहीं लेनी पड़ेगी।

# बिजली आपूर्ति सुधारने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पावर कॉरपोरेशन को प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले नोएडा से 36 बिजली उपकेंद्र ऐसे मिले हैं, जिन पर लाइन लॉस भी बड़े स्तर पर हो रहा है। इन फीडरों पर 20 से 25 प्रतिशत तक लाइन लॉस मिला है। मेरठ मुख्यालय ने दो सप्ताह में लाइन लॉस कम कर स्थित सुधारने के निर्देश दिए है। लाइन लॉस की स्थिति में सुधार नहीं होने पर जल्द ही विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू हो जाएगी। शहर में पावर कॉरपोरेशन के बड़े-छोटे मिलाकर 100 से अधिक बिजली उपकेंद्र हैं।

इन उपकेंद्रों से आठ सौ 50 बिजली फीडर जुड़े हुए है। इन फीडरों से जिले के चार लाख 75 हजार उपभोक्ताओं को सप्लाई दी जा रही है। इन उपभोक्ता से पावर कॉरपोरेशन को करीब पांच सौ करोड़ रुपये का मासिक राजस्व भी प्राप्त हो रहा है। इस वजह से मेरठ से लेकर लखनऊ तक विद्युत निगम के उच्चाधिकारियों की नोएडा की आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष नजरें रहती है। इसी वजह से मेरठ मुख्यालय ने शहर के सभी बिजली फीडरों का एक निजी एजेंसी के माध्यम से सर्वे कराया।

**लाइन लॉस की स्थिति:** इसमें जिले के 36 बिजली उपकेंद्रों पर सबसे ज्यादा लाइन लॉस मिला है। इसमें अधिकांश बिजली उपकेंद्र देहात क्षेत्रों के हैं। मेरठ मुख्यायल के उच्चाधिकारियों ने शहर के बिजली अधिकारियों को फटकार लगाते हुए, इन 36 उपकेंद्रों दो से तीन सप्ताह के अंदर लाइन लॉस को 5 से 10 प्रतिशत लाने के निर्देश दिए है। इसके बाद विद्युत निगम ने देहात क्षेत्र में बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है।

**बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई:** इसके लिए लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसमें प्रवर्तन दल के साथ स्थानीय विद्युत अधिकारी शामिल हो रहे हैं। पिछले सप्ताह दस दिनों में करीब 30 मकानों में बिजली चोरी पकड़ी भी जा चुकी है, जिन पर लाखों रुपये का जुर्माना भी लगा है।

**उपकेंद्रों की स्थिति:** बिजली अधिकारियों ने बताया कि शहर में 36 उपकेंद्र में ज्यादातर फीडर देहात और निर्माणाधीन साइटों में बिजली आपूर्ति दे रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि बिजली कर्मचारी और अधिकारियों की मिलीभगत से बिजली चोरी हो रही है।

### पदयात्रा की तैयारियों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-81 में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय पर रविवार को यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष पंकज अवाना के अध्यक्षता में पदयात्रा को लेकर बैठक की गई।

बैठक में 16 से 20 मई को प्रस्तावित मेरठ से गाजियाबाद तक आयोजित होने वाली रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष परशुराम चौधरी ने कहा कि बड़ी संख्या में गौतमबुद्ध नगर के कार्यकर्ता भी यात्रा में पहुंचेंगे। इस मौके पर मीडिया प्रभारी गुड्डू यादव, दिलदार अंसारी, गौरव गौतम, श्रीपाल कराहना मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स बाइक चुराने वाले गिरोह के चार बदमाश दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रेकी करने के बाद दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग समेत चार शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया । सेक्टर-39 और सेक्टर-58 थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थान पर अभियान चलाकर आरोपियों को पकड़ा। इनके कब्जे से छह चोरी की बाइक और चार चाकू बरामद किए गए।

**पूछताछ में खुलासा:** पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों से 50 से अधिक बाइक चोरी करने की बात कबूल की है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और चोरी की पुरानी वारदातों की जांच में जुटी है। नाबालिग आरोपियों को बाल संरक्षण नियमों के तहत अभिरक्षा में लिया गया है। दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एसीपी प्रथम प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-39 थाना पुलिस सेक्टर-37 इलाके में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि स्टेलर पार्क के पास दो संदिग्ध युवक चोरी की बाइक के साथ मौजूद हैं और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों नाबालिगों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से दो अवैध चाकू बरामद हुए। पुलिस ने जब बाइक का नंबर ऐप के जरिए चेक किया तो वह दिल्ली के गाजीपुर मंडी इलाके से चोरी की निकली। इसके बाद पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, जिसमें दोनों नाबालिगों ने कई और वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा किया। उनकी निशानदेही पर स्टेलर पार्क के पीछे झाड़ियों में छिपाकर रखी गई चार अन्य चोरी की बाइक भी बरामद कर ली गईं। पुलिस ने कुल पांच बाइक बरामद की हैं, जिनमें स्प्लेंडर, टीवीएस स्पोर्ट और यामाहा जैसी बाइक शामिल हैं। कुछ मोटरसाइकिलों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी थी, ताकि पहचान छिपाई जा सके। पूछताछ में नाबालिगों ने बताया कि वे दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग इलाकों में रेकी कर बाइक चोरी करते थे। सुनसान स्थानों या बाजारों के बाहर खड़ी बाइक को निशाना बनाया जाता था। चोरी के बाद बाइक को कुछ दिनों तक झाड़ियों या खाली जगहों पर छिपाकर रखा जाता था और बाद में कम कीमत पर बेच दिया जाता था।

**रेकी करने के दौरान दो बदमाश पकड़े:** दूसरी ओर सेक्टर-58 थाना पुलिस ने भी वाहन चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस डी-पार्क सेक्टर-62 के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सन्नी और अजय के रूप में हुई। तलाशी में दोनों के पास से चाकू बरामद हुए। पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि जिस बाइक पर वे सवार थे, उसे सेक्टर-69 इलाके से चोरी किया गया था। पुलिस ने बाइक के चेसिस नंबर की जांच की तो वह थाना फेस तीन में दर्ज वाहन चोरी के मामले की निकली।

**पुलिस से बचने के लिए बदल रहे थे ठिकाने:** आरोपियों ने बताया कि वे नोएडा के विभिन्न इलाकों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे और पुलिस की सख्ती बढ़ने के कारण लगातार ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि चोरी की बाइक किन लोगों को बेची जाती थीं। दोनों मामलों में पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बरामद बाइक और चाकुओं को सील कर कब्जे में ले लिया गया है।

## एक नजर

### डीसीबी चेयरमैन के बेटे का नोएडा में निधन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बदायूं में जिला सहकारी बैंक (डीसीबी) के चेयरमैन जेके सक्सेना के बेटे ध्रुव सक्सेना का शनिवार देर रात नोएडा में निधन हो गया। डॉक्टरों ने उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। ध्रुव अपने भाई प्रतीक के साथ नोएडा में रहकर बीबीए की पढ़ाई कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार, शनिवार देर रात ध्रुव की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिवार के सदस्य उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई है।

रविवार को ध्रुव का शव बदायूं लाया गया। खबर मिलते ही जिलेभर के सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई बड़े नेता जेके सक्सेना के प्रगति बिहार स्थित आवास पर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंचे।

दोपहर में शहर के मुक्तिधाम पर ध्रुव का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बीजेपी ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, बीजेपी जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, ब्लाक प्रमुख उझानी शिशुपाल सिंह, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव के प्रतिनिधि अनुज जौहरी और एडवोकेट विक्रम सक्सेना सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### फ्रेंच अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन को हाईकोर्ट से राहत, जल कनेक्शन काटने का मामला

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ग्रेटर नोएडा स्थित फ्रेंच अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के 1088 फ्लैटों और 30 दुकानों के जल कनेक्शन काटने के मामले में ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के वरिष्ठ प्रबंधक (जल) को आठ सप्ताह के भीतर एसोसिएशन के प्रार्थना पत्र पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति कुनाल रवि सिंह की खंडपीठ ने दिया।

याची फ्रेंच अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से पानी का बिल जमा न किए जाने के कारण विभाग ने करीब 88 लाख रुपये बकाया बताते हुए अंतिम नोटिस दिया है। पूर्व में हाईकोर्ट के निर्देश पर 27 सितंबर 2024 को एसोसिएशन को परियोजना का कब्जा मिल चुका है। लेकिन बिल्डर और प्राधिकरण के बीच बकाया जल बिल को लेकर विवाद जारी है।

याचिका में मांग की गई थी कि यदि बिल्डर की ओर से भुगतान नहीं किया जाता है तो प्राधिकरण ने जल कनेक्शन काटने की चेतावनी दी है। जिससे वहां रहने वाले हजारों लोगों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो जाएगा। एसोसिएशन कब्जा मिलने की तिथि से जल बिल जमा करने के लिए तैयार है और इस संबंध में 30 जनवरी 2026 को ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी को प्रार्थना पत्र दिया गया था। साथ ही, बिल्डर से आईएफएमएस राशि दिलाए जाने की मांग भी की गई थी। लेकिन अब तक उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

### कानपुर शताब्दी सहित तीन ट्रेनों में पथराव से अफरातफरी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस, राजधानी और गरीबरथ पर मारीपत और दादरी स्टेशन के बीच पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। शताब्दी के सी-1 कूपे की 49 और 44 नंबर सीटों के सामने के शीशे टूट गए। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। आरपीएफ दादरी ने ट्रेन के सीसीटीवी फुटेज भिजवाने के लिए शनिवार को पत्र भेजा है। कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस गुरुवार को गाजियाबाद से जैसे ही चली तो 16:36 पर पथराव शुरू हो गया। 49 नंबर सीट पर सफर कर रहे गौरव ने शताब्दी के टीएस जितेंद्र यादव और स्टाफ को सूचना दी। गौरव ने बताया कि कई यात्री तो कोच से बाहर आकर दरवाजे बंद करके किनारे खड़े हो गए।

टीएस और अन्य स्टाफ ने कोच में पहुंचकर यात्रियों को सांत्वना दी और मामले की जांच की। कुछ देर बाद यहां से गुजरीं राजधानी और गरीबरथ पर भी पथराव किया गया। वही दादरी रेलवे पुलिस ने बताया कि प्रकरण की प्रारंभिक जांच की जा रही है जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# मामूली विवाद में युवकों ने पिता-पुत्र को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में होटल से खाना खाकर घर जा रहे युवक को तीन-चार युवकों ने मामूली बात पर पीट दिया। पिता को बुलाकर लाए पीड़ित युवक और उसके पिता को साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पीड़ित ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। हापुड़ के सुरूरपुर गांव निवासी गौहर खान ने पुलिस को बताया कि वह गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी में परिवार संग रहते हैं। उनका बेटा सादिक शुक्रवार रात सेक्टर-62 में होटल पर खाना खाने गया था। रास्ते में सादिक को कुछ लोग मिले थे। इनमें से एक व्यक्ति ने सादिक को रोककर चप्पल मांगी थी, लेकिन अनजान होने के चलते सादिक ने चप्पल देने से इनकार कर दिया था।

इस बात से व्यक्ति नाराज हो गया। उसने अपने साथी संग मिलकर सादिक को मारा पीटा। आरोपियों से किसी तरह छूटकर सादिक अपने घर पहुंचा और पिता को आपबीती बताई। पुत्र के साथ पहुंचे गौहर खान के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। लोगों के आने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। मारपीट में पिता-पुत्र को चोट आ गई। दोनों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया।

### अनियंत्रित कार की टक्कर से युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** कुलेसरा में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होने के बाद दुकान में घुस गई। हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रतापगढ़ निवासी बाबूलाल सिंह गौड़ के रूप में हुई है। परिजन की तहरीर पर शनिवार को ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार बाबूलाल सिंह गौड़ कुलेसरा क्षेत्र में नौकरी करते थे। 26 अप्रैल को वह नौकरी पर जा रहे थे। इसी दौरान कुलेसरा पुलिस चौकी के निकट वह एक दुकान के पास खड़े थे। तभी अचानक एक कार अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसी। हादसे में बाबूलाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

# चार मूर्ति अंडरपास तीन माह में बनकर तैयार होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चार मूर्ति/गौड़ चौक से तिगरी गोलचक्कर के बीच आवागमन सुगम होगा। चौक पर निर्माणाधीन 720 मीटर लंबे अंडरपास का काम लगभग 70 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। इसे अगले तीन माह में चालू करने का लक्ष्य है। इससे ग्रेनो वेस्ट के लोगों को जाम से राहत मिलेगी। वहीं, चार मूर्ति चौक के दोनों तरफ की सर्विस मार्ग को चौड़ा करने का काम जारी है। इसके चौड़ा होने के बाद गाजियबाद से ग्रेनो वेस्ट आने-जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। गौर सिटी-1, 2 और आसपास की 30 से अधिक सोसाइटियों के निवासियों को इससे सहूलियत होगी। इस काम पर आठ करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने बताया कि जमीन की उपलब्धता के आधार पर दोनों तरफ के सर्विस मार्ग को दो से तीन लेन का किया जा रहा है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द इस काम को पूरा किया जाए, ताकि लोगों को आवाजाही में राहत मिल सके। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ चौक और तिगरी के बीच पहले से ही यूटर्न का काम चल रहा है।

**जाम की समस्या में कमी:** ट्रैफिक जाम की समस्या में कमी आएगी। गौर सिटी-1 और 2 की सोसाइटी में रहने वाले लोगों के साथ क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद की तरफ जाने वाले लोग भी इस रास्ते से होकर आवाजाही करते हैं। सुबह से लेकर देर रात तक ट्रैफिक का दबाव होने की वजह से अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए यहां सर्विस मार्ग को चौड़ा करने के साथ तिगरी और गौड़ चौक के बीच मुख्य सड़क पर दो नए यूटर्न बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 10.70 लाख से ज्यादा मामलों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद स्तर पर कुल 10,70,372 वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान विभिन्न मामलों में 93 करोड़ 77 लाख 15 हजार 913 रुपये की धनराशि का समझौता एवं वसूली की गई।



राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव तथा अन्य न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में मुख्यालय और तहसील स्तर पर लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारियों द्वारा 3,03,925 वादों का निस्तारण किया गया, जबकि प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व न्यायालयों एवं विभिन्न विभागों द्वारा 7,66,447 मामलों का समाधान किया गया।

लोक अदालत में एनपीसीएल के 45 मामले, यूपीपीसीएल के 5,780 मामले, श्रम न्यायालय के 1,045 मामले तथा पुलिस विभाग के 13,509 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं चिकित्सा विभाग ने 99,045 और यातायात विभाग ने 4,99,452 मामलों का निस्तारण किया।

इसके अलावा नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 6,123 मामलों का समाधान किया गया, जबकि राजस्व विभाग ने 1,08,286 मामलों का निस्तारण किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना, वैवाहिक विवाद, बैंक ऋण, विद्युत बिल, श्रम विवाद, एनआई एक्ट तथा अन्य दीवानी एवं आपराधिक मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निपटारा किया गया।

# सोसाइटी में विरोध के बाद रखरखाव शुल्क वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली सोसाइटी में प्रिंसिले एस्टेट सोसाइटी में रविवार को एओए की बैठक (जीबीएम) हुई। इसमें लोगों के विरोध के चलते बढ़ा हुआ रखरखाव शुल्क वापस ले लिया गया। दरसअल, सोसाइटी के निवासियों ने रखरखाव शुल्क बढ़ाने और आय-व्यय का ब्यौरा न देनें पर एओए की जिलाधिकारी (डीएम) और डिप्टी रजिस्ट्रार (डीआर) से शिकायत की। शिकायत में बताया गया कि एओए ने छह महीने में दो बार रखरखाव शुल्क बढ़ा दिया है। पूर्व में 1.90 रुपये प्रति स्क्वायर फीट शुल्क लिया जाता था। इसे बढ़ाकर 2.20 रुपये प्रति स्क्वायर फीट कर दिया गया। इसके बाद एक मई से 2.50 रुपये प्रति स्स्क्वायर फीट शुल्क कर दिया।

सोसाइटी में आय और व्यय का ब्योरा भी नहीं दिया जा रहा। इसी तरह की कई अन्य अनियमितताएं बरती जा रही हैं। इसके बाद डीएम के निर्देश पर डीआर ने एओए को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। इसी को लेकर एओए ने रविवार को बैठक की। बैठक सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक चली। इस दौरान लोगों की एओए पदाधिकारियों के साथ नोंकझोंक हुई। निवासियों ने रखरखाव शुल्क बढ़ाने का विरोध कर आय-व्यय का ब्योरा मांगा।

# आवासीय भूखंड मालिकों को निर्माण का एक और मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिन आवासीय भूखंड मालिकों ने तय समय बीत जाने के बाद भी निर्माण नहीं किया, उन्हें प्राधिकरण अंतिम एक और मौका देने जा रहा है। ऐसे लोगों को शुल्क लेकर एक साल का समय दिया जाएगा। तय समय में काम नहीं करने पर आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा।पिछले महीने हुई बोर्ड बैठक में लिए गए इस निर्णय को अब लागू किया गया है। प्राधिकरण ने सूचना जारी की है कि जिन आवासीय भूखंड मालिकों ने 12 साल बीत जाने के बाद भी निर्माण नहीं किया है तो उनको अंतिम मौका दिया जा रहा है। इसके लिए सात अगस्त तक आवेदन करना होगा।

आवेदन के साथ ही एक साल का समय लेने के लिए आवंटन दर का 10 प्रतिशत शुल्क जमा करना होगा। इसके बाद भूखंड मालिकों को निर्माण के लिए एक साल का समय दिया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकाारियों ने बताया कि वैसे तो भूखंड की रजिस्ट्री के बाद निर्माण के लिए पांच साल का समय दिया जाता है। समयवृद्धि शुल्क लेकर इसे अधिकतम 12 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद भूखंड का आवंटन निरस्त करने का नियम है। अधिकारियों ने बताया कि अगर लोग तय समय में भूखंड पर निर्माण कर अधिभोग प्रमाण पत्र ले लेते हैं तो वह आवंटन निरस्त होने की कार्रवाई से बच जाएंगे।

# साप्ताहिक बाजारों के लिए नई व्यवस्था लागू

**■ लोगों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा शहर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार अब जल्द ही नई व्यवस्था के तहत संचालित किए जाएंगे। सड़कों पर लगने वाले बाजारों से लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक जाम और आम लोगों की परेशानी को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने बड़ा कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है।




प्राधिकरण अब ऐसे स्थायी स्थान चिह्नित करेगा जहां साप्ताहिक बाजार लगाए जा सकें और यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

प्राधिकरण ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह ने बताया कि वर्तमान में कई सेक्टरों और मुख्य सड़कों के किनारे लगने वाले बाजारों के कारण लोगों को भारी जाम का सामना करना पड़ता है। इसे दिन बाजार लगता है, उस क्षेत्र में वाहन निकालना तक मुश्किल हो जाता है। इसी समस्या के समाधान के लिए प्राधिकरण नई नीति पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब साप्ताहिक बाजारों का संचालन सीधे प्राधिकरण की निगरानी में कराया जाएगा।

**एक साल के लिए होगा टेंडर:** इसके लिए जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा और चयनित ठेकेदार को बाजार संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी। ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी कि बाजार निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित तरीके से लगे और तय समय पर हट भी जाए, ताकि आसपास की व्यवस्था प्रभावित न हो। यह टेंडर एक साल के लिए होगा।

बाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से न्यूनतम किराया भी ठेकेदार ही वसूलेगा और तय राशि हर महीने प्राधिकरण को जमा करेगा। इससे प्राधिकरण को राजस्व प्राप्त होगा और बाजार संचालन में पारदर्शिता भी आएगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी, साथ ही दुकानदारों और आम लोगों दोनों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

# कूड़ा जलाने पर कंपनी पर लगा 1.16 लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईकोटेक 11 में कूड़ा जलाने पर एक कंपनी पर 1.16 लख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली कि सेक्टर ईकोटेक 11 में एक कंपनी के पास कूड़ा जलाया जा रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। यह कूड़ा सेक्टर ईकोटेक -11 स्थित ई-गरुड़ा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी नाम की कंपनी ने जलया है। जिसके चलते टीम ने कंपनी पर 1.16 लख रुपए का जुर्माना लगाया है। दोबारा ऐसी गलती करने पर और कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। ठोस कचरा प्रबंधन नीति के अनुसार सभी बल्क वेस्ट जेनरेटरों को अपने परिसर का कूड़ा खुद से ही वैज्ञानिक पद्धति से प्रोसेस करना अनिवार्य है। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कूड़े का उचित प्रबंध करने, इधर-उधर न फेंकने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# अंत्योष्टि के बाद नहाते समय युवक की गंगा में डूबने से मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं म्याऊं।** अंत्योष्टि कराने के लिए राम गंगा घाट पर आए एक युवक की नहाते समय डूबने से मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब अंतोष्टि क्रिया कर सभी लोग नहाने के लिए हजरत पुर राम गंगा घाट पर आए। कल उसावां थाना क्षेत्र के गांव नगरिया अभय में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली थी, उसी की अंत्योष्टी क्रिया करने युवक साथ आया था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक गंगा में नहाने के लिए कूदा, उसके बाद वह बाहर ही निकला। आस पास के सभी लोगों में चीख पुकार मच गई, सभी ने खोजा किन्तु युवक का कहीं कोई पता नहीं चला। उसके बाद गोताखोरों को बुलवाया गया, गोताखोरों की मदद से युवक को बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।सूचना पर पहुंची हजरतपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान उसावां थाना क्षेत्र के रानू सक्सेना पुत्र सर्वेश सक्सेना ग्राम नगरिया अभय के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। हजरत पुर पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

# बूंदी भूड में लगी छोटी सरकार की चौपाल

- विधायक, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं
- समस्याओं का शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान के साथ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने तहसील कलीनगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बूंदी भूड में एक विशाल जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विधायक पूरनपुर, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वयं उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। चौपाल के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। इसमें मुख्य रूप से शिक्षा हेतु इंटर कालेज की मांग, विद्यालय में अध्यापकों की बढ़ोतरी की मांग, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, सड़क व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की।

जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, डीसी मनरेगा सहित अन्य संबंधित अधिकारी गांव में सभी से वार्ता करेंगे उनको समस्याओं से अवगत कराएं ताकि समस्याओं का संबंधित विभाग गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कर सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि गांव में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आप लोग आत्मनिर्भर बने, सरकार द्वारा महिलाओं के लिए सिलाई मशीन, ब्यूटी पार्लर आदि कोर्स संचालित हैं,योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि गांव के विकास हेतु बजट की मांग कर बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस तरह के आयोजनों से जनता और प्रशासन के बीच की दूरी कम होती है। उन्होंने ग्राम वासियों की मांग के अनुरूप संबंधित अधिकारी को कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

भाजपा विधायक ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र व्यक्तियों से इनका लाभ उठाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों से वार्ताकर उनकी समस्याओं को सुना एवं गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखना की अपील की और कहा कि समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी कलीनगर, नायब तहसीलदार सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# स्कॉर्पियो न मिलने पर पति ने पत्नी को छत से नीचे फेंका

**नीचे गिरने से दोनों पैर टूटे, पति फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर तहसील के कस्बा बिसलंडा में दहेज लोभियों की एक रूह कंपा देने वाली करतूत सामने आई है। यहाँ एक विवाहिता को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतारने का प्रयास किया गया क्योंकि उसके गरीब पिता ससुराल वालों की भारी-भरकम माँग पूरी नहीं कर सके। आरोप है कि दहेज में स्कॉर्पियो गाड़ी न मिलने से नाराज पति हारून (उर्फ बबलू) ने अपने परिवार के साथ मिलकर अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटा और फिर छत से नीचे धक्का दे दिया।

ऊंचाई से गिरने के कारण महिला जमीन पर गिरकर लहूलुहान हो गई। इस दर्दनाक हादसे में महिला के दोनों पैर टूट गए हैं और उसे शरीर के कई हिस्सों में गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर मौके पर जमा हुए मोहल्ले वालों ने तुरंत घटना की जानकारी महिला के पिता मोहम्मद इरफान को दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, निकाह के बाद से ही पति हारून और उसके परिजन लगातार कीमती सामान और स्कॉर्पियो गाड़ी की माँग कर रहे थे। माँग पूरी न होने पर अक्सर महिला के साथ मारपीट की जाती थी। परिजनों का आरोप है कि हारून और उसके परिवार ने एक सोची-समझी साजिश के तहत इस अमानवीय व्यवहार को अंजाम दिया है। पीड़िता के पिता मोहम्मद इरफान ने थाना बिसलंडा में नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं इलाके में चर्चा है कि आरोपी हारून और उसके परिजनों को स्थानीय प्रशासन या कानून का कोई डर नहीं है, जिसके कारण वे सरेआम ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# ज्योति कलश यात्रा का सबलपुर में भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित ज्योति कलश यात्रा का ब्लॉक पूरनपुर क्षेत्र के ग्रामों में जोरदार स्वागत किया जा रहा है। पूज्य गुरुदेव के साधना शताब्दी वर्ष, माता जी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं अखंड दीपक की दिव्य ज्योति के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही यह यात्रा पूरे देश में 108 रथों के माध्यम से संचालित हो रही है।



**गूंजा संस्कार और जागरूकता का संदेश शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 108 रथों से देशभर में पहुंच रही दिव्य ज्योति**

वर्तमान में यह यात्रा पूरनपुर ब्लॉक के दर्जनों गांवों से होकर दिन शनिवार को दर्जनों गांवों में ज्योति कलश यात्रा पहुंचकर लोगों को संस्कारवान बनने, नशे से दूर रहने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दे रही है। यात्रा के साथ गुरुदेव के विचारों से युक्त साहित्य भी लोगों तक पहुंचाया जा रहा है, जिसे लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। ग्राम-ग्राम और घर-घर इस यात्रा का भव्य स्वागत किया जा रहा है। गायत्री परिवार के परिजनों के साथ-साथ स्थानीय जनमानस भी बढ़-चढ़कर इसमें भाग ले रहे है। बीते दिन यात्रा के विश्राम के दौरान ग्राम मुजफ्फरनगर में रात्रि प्रवास के दौरान दीपयज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके पश्चात यात्रा ने मोहनपुर जप्ती, भायपुर, मुरादपुर, सबलपुर खास, जेठापुर, पिपरिया , गेरतपुर जप्ती सहित कई गांवों में भ्रमण किया। इस दौरान गायत्री परिजनों के साथ-साथ माताएं और बहनों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। ज्योति कलश यात्रा के माध्यम से क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक सुधार का संदेश भी प्रभावी रूप से प्रसारित किया जा रहा है।

# दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित बलवा ड्रिल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बीसलपुर द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित बलवा ड्रिल का प्रशिक्षण/अभ्यास कराया गया। रविवार को क्षेत्राधिकारी बीसलपुर विधि भूषण मौर्य द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन पीलीभीत में समस्त थानों के अधि/पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित बलवा ड्रिल का प्रशिक्षण/अभ्यास कराया गया।



ड्रिल के दौरान पुलिस कर्मियों को आंसू गैस के गोले, रबर बुलेट, दंगा शील्ड, हेलमेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही आंसू गैस के गोले छोड़ने की विधि, सुरक्षा उपाय तथा दंगा नियंत्रण के दौरान शील्ड एवं लाठी के समन्वित प्रयोग का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

पुलिस कर्मियों को भीड़ नियंत्रण एवं दंगाइयों से निपटने की सामरिक रणनीतियों की जानकारी देते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु संयमित एवं संतुलित बल प्रयोग के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से इस प्रकार की ड्रिल कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख तिरेसठ हजार सात सौ आठ मुकदमों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** अरूण कान्ति यशोदास, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि लखनऊ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र सं-87एसएलएसए-2/2026 (ऋ/सरन) दिनांकित 8 जनवरी 2026 के आदेश के अनुपालन में माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश पीलीभीत के निर्देशानुसार दिनांक 9 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक दीवानी न्यायालय प्रांगण पीलीभीत एवं ग्राम न्यायालय पूरनपुर तथा वहाय न्यायालय बीसलपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकृति के कुल 1,63,708 (अंकन एक लाख तिरेसठ हजार सात सौ आठ) वादों का निस्तारण कर 7 करोड़ 67 लाख 16 हजार 631 की धनराशि के समझौते किए गए। जिसमें जनपद न्यायालय पीलीभीत मे लम्बित 3,394 (तीन हजार तीन सौ चौरानवे), बैंक ऋण सम्बन्धित 507 (पाँच सौ सात), श्रम वाद 13 (तेरह) तथा उपभोक्ता फोरम से सम्बन्धित 02 (दो) एवं अन्य मुकदमों का निस्तारण किया गया। उपरोक्त निस्तारित वादों में 10 वैवाहिक जोड़ों का पुर्नमिलन कराते हुए वैवाहिक जोड़ों को परिवार न्यायालय पीलीभीत से ही हंसी खुशी विदा किया गया।



# कुल की रस्म के साथ बुद्ध शाह बाबा का उर्स हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आईवीआरआई परिसर में स्थित हजरत बुद्ध शाह बाबा का सालाना उर्स 8 मई से शुरू हुआ जोकि 10 मई रविवार को कुल की रस्म के साथ सम्पन्न हुआ इस दौरान देश में खुशहाली व अमन चौन की दुआ मांगी गई। इस मौके पर दरगाह कमेटी ने मुख्य अतिथि डॉ. गयास अहमद को सम्मानित किया। उर्स में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होने पहुंचे कमेटी सदर हाजी एवज खान व सचिव जाबिर खान ने बताया कि बुद्ध शाह बाबा की दरगाह बरेली के प्रमुख सूफी मजारों में से एक है। लोग यहां अपनी मनोकामनाओं के लिए चाद. रपोशी और मन्नत लेकर आते हैं। स्थानीय प्रशासन और दरगाह कमेटी ने सुरक्षा और सुविधाओं के बेहतर इंतजाम किए।

# पदाधिकारियों को दायित्वों और पद की गोपनीयता की दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** स्थानीय मोहन सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर निकट - पुरानी स्टेट बैंक पूरनपुर , पीलीभीत में आज विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालय में भैया बहनों के बीच नेतृत्व ,अनुशासन और राष्ट्रीय प्रेम की भावना विकसित करने के लिए शिशु भारती एवं कन्या भारती का गठन किया गया।



विद्यालय के सुचारू संचालन में भैया बहनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के अनुसार पद बांटे गए जिसमें अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, प्रधानमंत्री सेना. पति, उप सेनापति आदि विभागों जैसे खोया पाया, अनुशासन, विद्युत, परिष्कार , खेल , शारीरिक आदि के भैया बहनों का चयन होने के बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन विद्यालय सभागार में सफलतापूर्वक किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि डॉ सत्यपाल शर्मा व मधु खंडेलवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं वंदना के साथ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सत्यपाल शर्मा एवं मधु खंडेलवाल को पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने पदाधिकारी भैया बहनों अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रधानमंत्री , सेनापती, उप सेनापति और विभाग प्रमुख भैया बहनों को दायित्व दायित्वों और पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित ने आए हुए। अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में शिशु भारती प्रमुख आचार्य सुबोध कुमार अग्निहोत्री, शिवांगी मिश्रा, बलराम सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# दो बाइकों की भिड़ंत में दो गंभीर रूप से घायल , एक युवक चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** क्षेत्र में आसफपुर से चंदौसी मार्ग पर गांव नूर नगर कौड़ियां चौराहे के समीप दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए व एक युवक को मामूली चोटें आई है



राहगीरों की सूचना पर इमरजेंसी एम्बुलेंस व स्थानीय पुलिस ने तीनों मोटर साइकिल सवारों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों की टीम ने हादसे के शिकार थाना बिसौली क्षेत्र के गांव दबतोरी निवासी भारत ( 26 ) पुत्र महेश व विनीत ( 22 ) पुत्र राहुल की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि दूसरे मोटर साइकिल सवार थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव थानपुर निवासी शिव कुमार ( 24 ) पुत्र कुमारपाल के परिजन उसका इलाज एक निजी अस्पताल में करवा रहे हैं। इस दौरान घटना की विधिक कार्यवाही आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी जुगेंद्र वालियांन , उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , हेड कांस्टेबल प्यारे खां , अंशुल कुमार ने की । यह घटना बीते रविवार दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना में आहत गांव दबतोरी निवासी भारत व विनीत के परिजन उनका इलाज किसी निजी अस्पताल में करवा रहे हैं ।

# नव निर्माणित शीतल जल प्याऊ पर पानी पीने पहुंचे राहगीर बिजली के करंट से आहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ( बदायूं )।** हाल ही में क्षेत्रीय सांसद निधि से नव निर्मित शीतल जल प्याऊ पर बिजली का करंट लगने से पानी लेने पहुंचे कई राहगीर बाल बाल बचे।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्थानीय टी स्टॉल स्वामी अंगद यादव के नन्हें से बच्चे को पानी पीते समय तगड़ा करंट लगा , तपती धूप व गर्मी से बेहाल और भी कई राहगीर बिजली के करंट की चपेट में आ चुके हैं । यह मामला आसफपुर ब्लॉक के समीप आसफपुर से बिसौली व हरदासपुर लिंक मार्ग पर हाल ही में बने शीतल जल प्याऊ से संबद्ध बताया जा रहा है, जहां कई राहगीर बिजली के करंट की चपेट में आ चुके हैं ।

# मार्ग चौड़ीकरणएवं सौंदर्यीकरण का सांसद, विधायक ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलडिया।** विकास खण्ड भदपुरा के जबेदा जबेदी मार्ग से विलास नगर,भुता के चौड़ीकरण एवं सौंदर्य करण का रविवार को सांसद छत्रपाल गंगवार,विधायक डॉ एम पी आर्य, ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने भूमि पूजन के साथ ही नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। जवेदा जवेदी विलास नगर भुता संपर्क मार्ग करीब 16 किलोमीटर की दूरी अब मिनटों में तय हो जाएगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र विधायक ने कहा कि जर्जर मार्ग जिससे लोगों को परेशानी होती थी अब उसका यातायात सुगम हो जाएगा ब्लॉक प्रमुख रविशंकर गंगवार ने डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी और बताया कि क्षेत्र में अब कोई भी सड़क गड्ढा युक्त नहीं है सारी सडके सही कर दी गई है सांसद छत्रपाल गंगवार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जयदीप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शशि कपूर, वेदपाल कनौजिया, मनीष राठौर, कुलदीप गंग. वार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविंदर गंगवार, शिशुपाल शर्मा, विधायक अनुज लेखराज गंगवार, बबलू गंगवार, सर्वेश गंगवार, नत्थू लाल आर्य, अंगन लाल, जमुना प्रसाद कश्यप समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# संकुल स्तरीय नैपुण्य वर्ग प्रशिक्षण संपन्न, सात विद्यालयों के आचार्य हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सरस्वती शिशु मंदिर शरह बरौलिया में संकुल स्तरीय आचार्य/प्रधानाचार्य नैपुण्य वर्ग के अंतर्गत गणित, शारीरिक शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में संकुल के सात विद्यालयों के आचार्य एवं प्रधानाचार्यों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के प्रशिक्षक अश्वनी शर्मा ने गणित शिक्षण की नवीन पद्धतियों, शारीरिक शिक्षा के महत्व तथा नैतिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कार निर्माण पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर संजय कुमार उपाध्याय, अतेंद्र सिंह,आशुतोष मिश्रा सहित अन्य शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने नई शिक्षण तकनीकों को लेकर उत्साहपूर्वक सवाल-जवाब भी किए। कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक सर्वेश पाठक ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि होती है और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# पूरनपुर में रसोई गैस का संकट या सोची-समझी साजिश?

- डीएसी कोड के नाम पर उपभोक्ताओं का मानसिक उत्पीड़न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र में गैस एजेंसी संचालकों की तानाशाही और मनमानी चरम पर पहुंच गई है, जिससे आम जनता त्रस्त है। केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया और सुगम वितरण की योजनाओं को ठेंगा दिखाते हुए पूरनपुर की गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं का शोषण करने पर उतारू हैं। आलम यह है कि अपनी रसोई के लिए गैस सिलेंडर पाने की खातिर गरीब उपभोक्ताओं को सुबह 5:00 बजे से ही लंबी-लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, फिर भी घंटों इंतजार के बाद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

पीड़ित उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सिलेंडर बुक होने के बावजूद एजेंसी संचालक जानबूझकर डीएसी जारी करने में अड़ंगा लगा रहे हैं। नियमतः बुकिंग के तुरंत बाद उपभोक्ता के पास कोड आना चाहिए, लेकिन आरोप है कि संच. ालक तकनीकी खामियों का बहाना बनाकर कोड रोक देते हैं। यह सब एक सोची-समझी साजिश के तहत किया जा रहा है ताकि बाजार में गैस की कृत्रिम किल्लत पैदा की जा सके। जब उपभोक्ता परेशान होकर हार मान लेता है, तो यही एजेंसियां पिछले दरवाजे से ऊंचे दामों पर सिलेंडरों की कालाबा. जारी को अंजाम देती हैं। हैरानी की बात यह है कि घंटों लाइन में लगने के बावजूद बुजुर्गों और महिलाओं को भी कोई राहत नहीं दी जा रही है।

स्थानीय निवासियों ने जिले में बैठे उच्चाधिकारियों और जिला पूर्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। जनता ने पुरजोर मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट और मनमानी करने वाले गैस एजेंसी संचालकों के खिलाफ तत्काल प्रवर्तन की कार्रवाई की जाए और उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएं। अब देखना यह है कि प्रशासन इन रसूखदार गैस माफियाओं पर चाबुक चलाता है या उपभोक्ताओं को यूं ही कतारों में दम तोड़ने के लिए छोड़ दिया जाता है।

# 11 मई को जनपद में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य पर होंगे भव्य कार्यक्रम

- कलश यात्रा निकलेगी व प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य पर सोमवार को जनपद मुख्यालय, तहसील, ब्लाक व नगर निकायों स्तर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा सोमनाथ में आयोजित होने वाले मा0 प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा।

यह जानकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दृष्टिगत सभी मंदिरों (शिवालियों) में विशेष साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कार्यक्रम मे बैकड्राप भी लगाया जाए। सजीव प्रसारण की व्यवस्था की जाए तथा वेबसाइट से बुकलेट डाउनलोड कर श्रद्धालुओं से जाप का अंकन कराया जाए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के लिए मंदिरों (शिवालियों) का चिन्हांकन संबंधित अधिकारियों द्वारा कर लिया गया है। प्रातः 8:00 बजे से राजकीय महिला महाविद्यालय से कलश यात्रा प्रारंभ होकर बिरूआ बाड़ी मंदिर तक जाएगी। तदोपरांत प्रातः 10 से 12 बजे तक सोमनाथ में मा0 प्रधानमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी द्वारा जिला मुख्यालय के लिए अपर अधिकारी प्रशासन/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को व तहसील स्तर पर संबंधित उप जिलाधिकारी तथा विकास खंड स्तर पर संबंधित खंड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि मंदिरों में रुद्राभिषेक, पूजा, आरती आदि कार्यक्रम होंगे तथा भजन संध्या का कार्यक्रम भी किया जाएगा।

उन्होंने कार्यक्रम के दौरान पुलिस व्यवस्था के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चंदोला, विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन खुर्द-बुर्द मामले में डीएम का बड़ा एक्शन

**तहसीलदार संबद्ध, कानूनगो-लेखपाल निलंबित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सरकारी भूमि को खुर्द-बुर्द करने और अभिलेखों की फोटो कॉपी के आधार पर निजी लोगों के पक्ष में अमलदरामद कराने के मामले में डीएम अविनाश सिंह ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर शिकंजा कस दिया है। मामला तहसील नवाबगंज के ग्राम ज्योरा मकरन्दपुर का है, जहां सरकारी भूमि से जुड़े अभिलेखों में कथित रूप से कूटरचना और अनियमितता सामने आने पर डीएम ने कठोर कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार नवाबगंज दुष्यन्त प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से तहसील से हटाकर कलेक्ट्रेट मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं कानूनगो श्याम सुन्दर गुप्ता और लेखपाल रामचन्द्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। डीएम ने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश हैं कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों में किसी अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी इस तरह के मामलों में दो बार निलंबित हो चुका है तो उसके विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्रवाई भी अमल में लाई जाए। उपजिलाधिकारी नवाबगंज की जांच में सामने आया कि ग्राम ज्योरा मकरन्दपुर में वर्ष 2013 में हुए पट्टों में गाटा संख्या 16 को लेकर अभिलेखों में कूटरचित तरीके से फेरबदल किया गया। प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया कि धारा 38 के अंतर्गत बिना लेखपाल की रिपोर्ट के कानूनगो द्वारा फाइल आगे बढ़ाई गई, जबकि तहसीलदार ने भी बिना समुचित परीक्षण के प्रकरण को उपजिलाधिकारी न्यायिक न्यायालय भेज दिया।

# सजायाफ्ता कैदी की मौत के बाद बवाल

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला कारागार में सजा काट रहे एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार युवक ने जेल के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या की है, जबकि परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। कैदी की मौत के बाद जमकर बवाल हुआ। पुलिस के साथ भी धक्का मुक्की की गई और पुलिस के पसीने छूट गए। बरेली के डीआईजी की गाड़ी निकलवाने में पुलिस को पसीना बहाना पड़ा।

प्राप्त समाचार के मुताबिक शहर कोतवाली के ग्राम पृथ्वीपुर निवासी दीपक कुमार पुत्र चंद्रपाल एक मुकदमे में पिछले लगभग एक साल तीन महीने से जिला कारागार में बंद था। परिजनों का कहना है कि उसकी रिहाई दो दिन बाद होनी थी, लेकिन अचानक उसकी मौत की सूचना मिली। सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने जमकर हंगामा किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि ग्राम स्वाहेड़ी के कुछ युवकों द्वारा दीपक को जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कारागार प्रशासन ने उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। परिजनों का कहना है कि जब कारागार में सख्त सुरक्षा व्यवस्था



होती है, तो फांसी लगाने के लिए रस्सी कैसे उपलब्ध हुई। परिजनों ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है।

घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया और जजी चौक से गुजर रहे बरेली जोन के डीआईजी अजय साहनी की कार के आगे लेट गए। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल पुलिस और परिजनों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, तो वे बड़ा प्रदर्शन करेंगे। इस मामले को लेकर कारागार प्रशासन के ऊपर उंगलियां उठ रही हैं। सवाल यह उठ रहा है की कारागार के अंदर आत्महत्या कैसे कर ली गई। हत्या के आरोप की भी निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए। वैसे जिला कारागार में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। जिला कारागार के अंदर होने वाली घटनाओं को दबा दिया जाता है।

गौरतलब है कि जिला कारागार में रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब शहर कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर व सजायाफ्ता कैदी का शव कारागार के अस्पताल के पीछे पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। शहर कोतवाली के ग्राम पृथ्वीपुर उर्फ आदोपुर निवासी दीपक (30) पुत्र चंद्रपाल लूट के एक मामले में 18 फरवरी 2025 से जेल में निरुद्ध था।

जानकारी के अनुसार दीपक कुछ दिनों से जेल अस्पताल में भर्ती था। जेल प्रशासन के मुताबिक रविवार दोपहर अपनी बैरक में खाना लेकर खाया था। इसके बाद बैरक बंद करने के दौरान वह गायब मिला, तो उसे तलाश किया गया। तलाश के दौरान उसका शव अस्पताल के पीछे एक पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना मिलते ही जेल प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम को भेजा। शाम करीब साढ़े चार बजे घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि दीपक की हत्या की गई है और मामले को आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों की पुलिस अधिकारियों से तीखी नोकझोंक हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पोस्टमार्टम पर अंदर जाने से रोकने पर पुलिस और परिजनों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। ग्रामीणों के हंगामा करने की सूचना पर एएसपी सिटी डा. केजी सिंह, सीओ सिटी संग्राम सिंह व शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

### डीआईजी बरेली की गाड़ी को घेरा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ग्रामीणों के जाम के दौरान डीआईजी बरेली अजय साहनी जजी चौक से गुजर रहे थे। पुलिस अधिकारी की गाड़ी को देखकर ग्रामीणों ने उसे घेर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डीआईजी की गाड़ी के सामने महिलाए व ग्रामीण बैठ गए। जिससे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।






# भाकियू टिकैत का एसडीएम कार्यालय पर धरना

## किसानों की समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ताओं ने आज किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता तिरपाल बिछाकर एसडीएम कार्यालय परिसर के बाहर बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

भाकियू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कविराज सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन और लकड़ी कटान का कार्य खुलेआम जारी है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान यदि अपने खेतों में खड़े पॉपुलर और यूकेलिप्टिस के पेड़ों का कटान करना चाहते हैं, तो उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। उन्होंने मांग की कि किसानों को स्वीकृत पेड़ों के कटान और बिक्री की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न दी जाए। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बढ़ रही निराश्रित पशुओं की समस्या से निजात दिलाने की मांग भी उठाई। धरने में महेंद्रपाल सिंह, महावीर सिंह, पदम सिंह, रुपेश शर्मा, रिंकू राजपूत, चंद्रदीप चौहान, विजय जैन, आलोक चौहान, जितेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह, शीशपाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महिला पुलिस कर्मी से लूट

**बिजनौर।** जनपद में कानून व्यवथा की स्थिति बद से बदत्तर हो चुकी है। अब तो खुद पुलिस कर्मी भी लूट एवं जानलेवा हमले जैसी सनसनीखेज वारदातों के शिकार हो रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि जनपद मुख्यालय पर एक दम्पत्ति पुलिस विभाग में तैनात है। महिला पुलिस कर्मी मंडावर रोड पर एसपी आवास के सामने से गुजर रही थी। वह स्कूटी पर सवार थी इस बीच तमंचे के बल पर उसे लूट लिया गया। सूत्रों का कहना है कि फजीहत से बचने के लिए पुलिस इस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। लेकिन जनपद में पुलिस की व्यवस्था फ्लॉप हो चुकी है।

# किसान संगठनों का झंडा व हूटर लगी गाड़ियों से सड़कों पर रौब गालिब

## चैकिंग के दौरान पुलिस भी नहीं रोक रही वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सड़कों पर रौब गालिब करने का नया दौर चल रहा है। अब विभिन्न किसान संगठनों का झंडा व हूटर गाड़ियों में लगाकर सड़कों पर बादशाहत दिखाई जा रही है। मजाल है कि पुलिस वाहन चैकिंग के दौरान इस तरह के वाहनों को रोक कर नियमों का उल्लंघन करने पर इनका चालान कर सकें।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में एक दर्जन से ज्यादा किसान संगठनों के नाम चर्चाओं में हैं। कुछ किसान संगठन तो पुराने हैं और वह किसानों के मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद करे रहे हैं। इन किसान संगठनों के द्वारा किए जाने वाले आंदोलन का असर प्रशासन पर भी पड़ता है। यह किसान संगठन सरकार से भी दो-दो हाथ करते हैं। गन्ना मूल्य भुगतान, मूल्य बढ़ोतरी, तीन कृषि कानून एवं स्मार्ट मीटर सहित फसलों का वाजिब मूल्य को लेकर यह किसान संगठन कई बार बड़े आंदोलन कर चुके हैं। मगर इस बीच कई किसान संगठन अस्तित्व में आ गए हैं। कई ऐसे संगठनों के नाम भी अक्सर सामने आ जाते हैं, जो किसानों के हितों को लेकर आंदोलन भी नहीं करते हैं। किसान संगठनों की विभिन्न शाखाएं भी राजनीतिक दलों प्रकोष्ठों की तरह बना ली गई हैं। इन शाखाओं से ऐसे युवक भी जुड़ रहे हैं, जो न तो किसान हैं और न ही किसानों का दर्द समझ सकते हैं। यह रौब गालिब करने के लिए ही नियुक्ति पत्र ले लेते हैं। इनको पद भी छोटे-मोटे नहीं मिलते हैं। कोई राष्ट्रीय स्तर का पदाधिकारी बन जाता है, तो किसी को प्रदेश स्तर का पद दे दिया जाता है। गाड़ियों में झंडे, पद नाम की बड़ी-बड़ी प्लेटें और हूटर लग जाता है। सड़कों पर लगातार हूटर बजा कर इस तरह से तेज गति से वाहन को दौड़ाया जाता है, जैसे आम आदमी के कोई भी अधिकार नहीं है। वाहनों को गलत ढंग से ओवर टेक कर यह तेज गति से निकल जाते हैं।

गंभीर बात यह है कि सड़कों पर चैकिंग अभियान चलाने वाली पुलिस भी इस तरह के वाहनों को रोक कर न तो कागजों की जांच करती है और न ही यह देखती है कि वाहन में अवैध रूप से हूटर लगाया गया है या नहीं। ऐसा लगता है कि पुलिस भी इन वाहनों की जांच करने से बचती है। पुलिस भी आम आदमी की ही जांच पर जोर देती है। जिसका फायदा यह उठा रहे हैं।

# पारिवारिक विवाद में खूनी संघर्ष, मुकदमा दर्ज

## ससुराल पक्ष ने दामाद पर किया जानलेवा हमला, चाकू और डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पारिवारिक कलह और आपसी मनमुटाव किस कदर हिंसक रूप ले सकता है, इसका एक सनसनीखेज मामला नगीना कस्बे में सामने आया है। यहां एक युवक पर उसके ही ससुराल वालों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि सुलह के बहाने आए ससुराल पक्ष के लोगों ने युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

स्थानीय मौहल्ला विश्नोई सराय (जोशियान) निवासी रोहन जोशी पुत्र प्रदीप जोशी की शादी करीब चार वर्ष पूर्व जसपुर (उत्तराखंड) निवासी विजय जोशी की पुत्री डौली के साथ हुई थी। रोहन का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके ससुर विजय जोशी और साले संदीप व राहुल उसके वैवाहिक जीवन में अत्यधिक हस्तक्षेप करते थे, जिसके कारण घर में अक्सर कलह रहती थी। विवाद तब बढ़ गया जब नवंबर 2025 में उसकी पत्नी डोली अपनी मां के पुश्तैनी जेवर लेकर मायके चली गई और वापस आने से इनकार कर दिया। रोहन ने इसकी शिकायत समाज और बिरादरी में की थी, जिससे ससुराल पक्ष के लोग रंजिश रखने लगे। पीड़ित रोहन के अनुसार, बीती 7 अप्रैल की सुबह करीब 8:30 बजे उसके ससुर विजय जोशी, साले संदीप व राहुल और उनके एक अन्य रिश्तेदार अवधेश जोशी उसके घर पहुंचे। उन्होंने रोहन पर तलाक के कागजातों पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया। जब रोहन ने मना किया, तो आरोपियों ने उसे लात-घूसों और डंडों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच आरोपी संदीप ने जान से मारने की नीयत से रोहन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर पड़ोसियों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। अब एसीजेएम न्यायालय के आदेश पर नगीना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 115(2) स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, धारा 352:ल शांति भंग करने के इरादे से अपमान, धारा 351(3) आपराधिक धमकी, धारा 109(1) हत्या के प्रयास से संबंधित उकसावा के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने एफआईआर संख्या 0117/2026 दर्ज कर मामले की विवेचना उप-निरीक्षक प्रशांत सिंह को सौंप दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## एक नजर

### टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में मनाया मदर्स-डे



**अफजलगढ़।** टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में मदर्स-डे के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शेफाली अग्रवाल की अध्यक्षता व स्कूल की प्रिंसिपल मिस फातिमा कुरैशी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षिका सबा सिद्दीकी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रही। कार्यक्रम में जहां एक ओर बच्चों ने मातृ प्रेम को प्रदर्शित कर फिल्मी गीत पर शानदार प्रस्तुति देते हुए सभी को भावुक कर दिया, वहीं दूसरी ओर कई महिलाओं ने भावात्मक अंदाज में बाल प्रेम से सराबोर सामूहिक कार्यक्रम पेश कर मां को बच्चों से प्रेम को प्रस्तुत दिया। इस मौके पर चीफ गेस्ट सबा सिद्दीकी सहित कई महिला वक्ताओं ने मां को बच्चे की पहली पाठशाला बताया और कहा कि मां ही बच्चे की सच्ची मार्गदर्शक होती है। कार्यक्रम पेश करने वाले कई बच्चों व माताओं को स्कूल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर एकता अग्रवाल, कनिष्का अग्रवाल, निर्मला कर्णवाल, रेणु कर्णवाल, इशिता गुप्ता, पूजा त्रिपाठी, शगुफ्ता फातिमा व शबाना परवीन आदि अनेक महिलाएं खासतौर से उपस्थित रही। कार्यक्रम को कामयाब बनाने में फातिमा कुरैशी सहित स्कूल की शिक्षिकाओं बुशरा खान, शारिया खान व तहूरा फरीदी की अहम भूमिका रही।

### गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार



**किरतपुर।** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सहित विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पांच गैर-जमानती वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि लगभग 12 दिन पूर्व नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को राहुल पवार पुत्र राम सिंह निवासी तुलंगा, थाना गुप्तकाशी जनपद रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड) बहला- फुसलाकर ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के गर्भवती होने पर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी राहुल पवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। इसके अलावा विभिन्न मामलों में न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के तहत फरार चल रहे वसीम पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला मिर्जापुरा, फैमीदा पत्नी मुस्तकीम निवासी मौहल्ला अंसारियान, कय्यूम पुत्र अमानुल्लाह निवासी मौहल्ला अहमदखैल, रहमान पुत्र हनीफ निवासी ग्राम शाहपुर रतन सिंह तथा धर्म सिंह पुत्र नानक सिंह निवासी ग्राम शाहपुर सूखा को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### तालाब को कब्जा मुक्त कराया



**स्योहारा।** कस्बा सहसपुर में स्थित तालाब पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने हटाते हुए उसे कब्जा मुक्त कराया है। यह कार्रवाई एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग एवं नगर पंचायत की संयुक्त टीम द्वारा की गई। नायब तहसीलदार विजय कुमार ने बताया कि सहसपुर कस्बे के मौहल्ला मौलवियान में स्थित तालाब पर कुछ लोगों द्वारा अस्थायी कब्जा कर लिया गया था। पूर्व में भी चिन्हांकन कर तालाब को कब्जा मुक्त कराया गया था लेकिन पुन उस पर अतिक्रमण कर लिया गया। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए तालाब को दोबारा कब्जा मुक्त करा दिया। ईओ दीपक कुमार ने बताया कि कस्बे में स्थित दोनों तालाबों को कब्जा मुक्त करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान नायब तहस. ीलदार विजय कुमार, अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार, हल्का लेखपाल नरेश कुमार, चौकी इंचार्ज यशदेव शर्मा सहित राजस्व एवं नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

### अनियंत्रित ऑटो ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बढ़ापुर मार्ग प आज दोपहर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो रिक्शा ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी पत्नी और बेटा भी चोटिल हुए हैं। आरोपी ऑटो चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बढ़ापुर के मौहल्ला नौमी निवासी अब्दुल सलाम (पुत्र मुनव्वर अहमद) अपनी पत्नी रोशन और बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर नगीना आ रहे थे। दोपहर लगभग दो बजे, जैसे ही वे सिंचाई विभाग की नहर की पट्टी से बढ़ापुर रोड से हरेवाली रोड की ओर मुड़े, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो रिक्शा ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों सड़क किनारे खेत में जा गिरे। हादसे में अब्दुल सलाम को गंभीर चोटें आईं, जबकि रोशन को मामूली चोट लगी है। शोर सुनकर मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल के परिजनों को सूचित किया और 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी नगीना भिजवाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अब्दुल सलाम की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## बेटे की हरकतों से तंग परिवार ने उठाया खौफनाक कदम, पिता-पुत्र गिरफ्तार

# मां-बाप ने सुपारी देकर करायी बेटे की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डिडौली थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर के जंगल में सूखी नहर

**■ कलयुगी मां ने जेवर गिरवी रखकर दी थी हत्या की सुपारी, भाई ने साथियों संग मिलकर उतारा मौत के घाट, बीते दिन सूखी नहर में मिला था शव**



में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। जिस पिता ने अज्ञात लोगों पर बेटे की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था, वही पिता, मां और भाई हत्या की साजिश में शामिल निकले। पुलिस जांच में सामने आया कि युवक की आदतों और आए दिन होने वाले विवादों से परेशान होकर परिवार ने ही उसकी हत्या कराने के लिए सुपारी दी थी। पुलिस ने पिता और भाई को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मां समेत अन्य आरोपी फरार हैं।

शनिवार को गांव श्यामपुर के जंगल में स्थित सूखी नहर में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। मृतक के सिर पर गंभीर चोटों के निशान मिले थे। बाद में उसकी पहचान नसीरपुर निवासी 32 वर्षीय दुष्यंत पुत्र पीतम सिंह के रूप में हुई थी। मामले में मृतक के पिता पीतम सिंह ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में डिडौली पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। विवेचना और पूछताछ में सामने आया कि दुष्यंत आपराधिक प्रवृत्ति का था तथा शराब के नशे में आए दिन परिवार के लोगों, रिश्तेदारों और गांव वालों के साथ मारपीट व गाली-गलौज करता था। उसकी हरकतों से परिवार बेहद परेशान था।

### मदर्स डे पर मां बनी बेटे की कातिल !

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। मदर्स डे के दिन डिडौली क्षेत्र में सामने आए एक हत्याकांड के खुलासे ने हर किसी को हैरान कर दिया। जिस मां को ममता की मिसाल माना जाता है, उसी मां ने पति और बेटे के साथ मिलकर अपने ही बेटे की हत्या की साजिश रच डाली। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि परिवार दुष्यंत की हरकतों से इतना परेशान था कि उन्होंने सुपारी देकर उसकी हत्या करा दी। शनिवार को युवक का शव श्यामपुर के जंगल स्थित सूखी नहर में मिला था। पुलिस ने मामले में पिता और भाई को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मां समेत अन्य आरोपी फरार हैं।

पुलिस के मुताबिक मृतक के पिता पीतम सिंह, मां माया देवी और भाई संकित ने मिलकर उसकी हत्या की योजना बनाई। आरोप है कि परिवार ने घर के जेवर गिरवी रखकर 55 हजार रुपये जुटाए और गांव ढैला नगला निवासी जोगेंद्र उर्फ जोली को दुष्यंत की हत्या की सुपारी दे दी। साथ ही बाद में पांच लाख रुपये और देने का वादा किया गया। आरा. ेप है कि आठ और नौ मई की रात संकित, जोगेंद्र उर्फ जोली और दो अन्य लोगों ने मिलकर दुष्यंत की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को श्यामपुर के जंगल स्थित सूखी नहर में पुल के ऊपर से फेंक दिया गया ताकि मामला अज्ञात हत्या का लगे। पुलिस ने मामले में संकित और उसके पिता पीतम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मृतक की मां माया देवी, जोगेंद्र उर्फ जोली और दो अज्ञात आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है।

# गन्ने के खेत में किशोरी के साथ दुष्कर्म

## महिलाओं ने आरोपी को पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। किशोरी को बहला फुसलाकर अधेड़ व्यक्ति गन्ने के खेत में ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की रोने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंची महिलाओं ने आरोपी को पकड लिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी व पीड़ित अलग अलग सम्प्रदाय के होने के कारण गांव में तनाव बना है।



घटना डिडौली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां पर अनुसूचित जाति का परिवार रहता है। परिवार में किसान की 14 वर्षीय बेटी शनिवार शाम घर के बाहर बैठी हुई थी। उनका घर गांव के बाहर जंगल की तरफ है। आरोप है कि गांव में रहने वाला 58 वर्षीय याकूब वहां पहुंचा तथा किशोरी को बहला कर पास में ही स्थित गन्ने के खेत में ले गया। उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता के रोने की आवाज सुनकर रास्ते से गुजर रही महिलाएं चौक गईं। शक होने उन्होंने खेत में जाकर देखा तो दोनों को पकड़ लिया। उस वक्त आरोपी याकूब मौके से फरार हो गया। महिलाएं पीड़िता को उसके घर लेकर आई। घटना की जानकारी से दो संप्रदाय के बीच तनाव बन गया। पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ग्रामीणों के मुताबिक पीडिता मानसिक रूप से कमजोर है। सीओ सदर अभिषेक यादव ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान करने की बात कही।

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में छह पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

नगर के मोहल्ला कुरैशी निवासी निशा की शादी सात वर्ष पूर्व मोहल्ले के ही रहने वाले मुजाहिद के साथ हुई थी। शादी के बाद विवाहिता ने एक बेटी और बेटे को जन्म दिया। आरोप है कि शादी के बाद निशा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। पति मुजाहिद, जेठ शाहिद व नफीस, नन्द चांदनी आए दिन मारपीट करते थे। मायके से मांग पूरी करने के लिए उस पर दबाव बनाया जाता था। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरा मामला मोहल्ला लकड़ा का है। यहां की रहने वाली शाहीन की शादी 17 अक्टूबर 2025 को डिडौली क्षेत्र के गांव हरियाना के रहने वाले सलमान के साथ हुई थी। आरोप है कि पति व सास मुशर्रफी उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते है। विरोध पर उसे मारपीट कर घर से निकल दिया गया। पीड़िता शाहीन ने पति व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने दोनों मुकदमों में जांच की बात कही।

# यातायात नियमों के उल्लंघन में पांच बसें व एक ईको सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात एवं सडक सुरक्षा) के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के निर्देशन में जनपद की यातायात

**■ यातायात पुलिस ने जनपद में चलाया अभियान**



पुलिस द्वारा के विभिन्न स्थानों पर चौकिंग की गयी। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कुल 399 चालान किए गए। शहर के चौराहो तथा तिराहो से अतिक्रमण हटवाया गया। यातायात पुलिस द्वारा गजरौला चौपले पर परमिट की शर्तों का उल्लंघन कर सवारी भरने वाले 05 बस एवं 01 इको कार सीज किये गये। नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी एवं ध्वनि प्रदूषण (मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हार्न, हूटर) करने वाले 41 वाहन चालकों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी। इस मौके पर टीआई राजेंद्र सिंह, टीएसआई अनुज कुमार मलिक व अनिल मथुरिया, हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह व प्रदीप कुमार, कांस्टेबल शौकीन व सोनू आदि शामिल रहे। वहीं यातायात विभाग की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में खलबली मची रही।

## एक नजर

### हंसराज विश्वकर्मा के राज्यमंत्री बनने पर बांटी मिठाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। श्री विश्वकर्मा सेवा समिति ने विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री बनाए जाने पर खुशी जताते हुए मिठाई वितरित की। रविवार को जोया स्थित जिला कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में समिति के जिलाध्यक्ष टीकम सिंह विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री बनाकर समाज का मान-सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को संगठित होकर आगे बढ़ना चाहिए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। कार्यक्रम में श्योराज सिंह विश्वकर्मा, जयप्रकाश सिंह, तेजपाल सिंह बॉबी, महिपाल सिंह, विक्रम सिंह, रामपाल सिंह, संजीव विश्वकर्मा, गोपीचंद विश्वकर्मा, विनोद कुमार और हरकेश विश्वकर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मन्दिर के प्याऊ की टोटियां चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित बजरंगबली मंदिर के बाहर लगे ठंडे पानी के प्याऊ की टोटियां शनिवार रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। खास बात यह रही कि घटना स्थल से महज 50 कदम की दूरी पर पुलिस चौकी मौजूद है, जहां चौबीस घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं। रविवार सुबह लोगों को घटना की जानकारी हुई तो नाराजगी जताई गई। मामले की सूचना पुलिस को मौखिक रूप से दे दी गई है।

### बाबा भैरवनाथ मन्दिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर के प्राचीन बाबा भैरवनाथ मंदिर में रविवार को श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी विशाल हवन और भंडारे का आयोजन कराया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए हवन में लोगों ने परिवार की सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। हवन के बाद आयोजित भंडारे में क्षेत्रभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंजता रहा। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने बड़ी संख्या में आयोजन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, उमेश सैनी, अखिलेश भाटी, दिवेश तंवर, भाजपा नेता विवेक सिंह, हिमांशु अग्रवाल, महेश गुप्ता, ओम प्रकाश सैनी, हरिओम त्रिवेदी, कुसुम अग्रवाल, पूरन सिंह सैनी मौजूद रहे।

### शहर के आठ इलाकों में लगेंगे अतिरिक्त ट्रांसफार्मर

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। भीषण गर्मी में इस बार शहरवासियों को बिजली संकट से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। विद्युत विभाग ने शहर की बिजली व्यवस्था मजबूत करने के लिए आठ प्रमुख इलाकों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। शासन से प्रस्ताव मंजूर होने के बाद विभाग जल्द काम शुरू करेगा। विद्युत विभाग के एसडीओ राजन सिंह ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ एसी और कूलरों का उपयोग अधिक होने से ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ जाता है। इससे ट्रांसफार्मर फुंकने और लो-वोल्टेज की समस्या सामने आती है। इसी को देखते हुए विभाग ने शहर के अधिक लोड वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव शासन को भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई है।

### सड़क हादसे में दो दोस्त घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। रोडवेज बस व बुलेट की जबरदस्त भिड़ंत मे दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत नाजुक होने पर परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। नगर के मोहल्ला बटवाल निवासी फैसल व सुल्तान मंसूरी करीबी दोस्त है। शनिवार को दोनों किसी काम से बिजनौर तक गए थे। नहटौर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गए। नहटौर कोतवाली देहात क्षेत्र में बुलेट व रोडवेज बस की जबरदस्त भिड़ंत मे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि बुलेट भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने पहले दोनों को नहटौर के सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उन्हें बिजनौर के जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर बिजनौर पहुंचे परिजनों ने फैसल को मेरठ के हायर सेंटर और सुल्तान को पाकबड़ा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। उपचार के दौरान दोनों की हालत नाजुक बनी है।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत

### परिजनों में मचा कोहराम, हादसे में दो अन्य घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव कनैटा में 37 वर्षीय किसान बनी सिंह जाटव की ट्रैक्टर के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना शनिवार शाम की है। गांव निवासी बनी सिंह ब्रह्मपाल और गांव कनैटा निवासी विकलांग बलवीर ट्रैक्टर पर सवार होकर कही जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गया। जिसमें बनी सिंह तथा विकलांग बलवीर ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की खबर मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने 37 वर्षीय बनी सिंह को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस देर शाम मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक बनी सिंह की शादी हो गई थी। शादी के 4 साल बाद ही उनकी पत्नी उन्हें छोड़ कर चली गई थी। थानाध्यक्ष विकास शहरावत ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परि. जनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।



# अतरासी पुल पर आपस में भिड़े पांच वाहन

## हादसे के बाद हाइवे पर बने जाम के हालात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रजबपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पर रविवार तड़के सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। दिल्ली-मुरादाबाद लाइन पर अतरासी पुल के ऊपर एक के बाद एक लगभग पांच वाहन आपस में टकरा गए, जिससे हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात व्यवस्था बाधित रही। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कराकर यातायात सुचारू कराया।

जानकारी के मुताबिक हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। सबसे पहले एक आयशर डीसीएम सामने चल रहे एक बड़े लोडेड वाहन से टकरा गई। इसके बाद, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम को टक्कर मार दी। हादसा यहीं नहीं रुका। कार से टकराने के बाद, पीछे से आ रही एक अन्य डीसीएम भी कार से जा भिड़ी। आखिर में, पीछे से आ रहा एक मैजिक वाहन इस डीसीएम से टकराकर हाईवे पर पलट गया। इस भीषण टक्कर से कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। क्षतिग्रस्त वाहनों की लगी लंबी कतार हादसे के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया और क्षतिग्रस्त वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस, एंबुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत रूट डायवर्ट कर यातायात को सुचारू कराया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के अनुसार, लगभग सभी यात्री और चालक सुरक्षित हैं, हालांकि कुछ को मामूली चोटें आई हैं। उन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जमीन के बंटवारे को सगे भाईयों में मारपीट

## पिता की मौत के बाद शुरू हुआ विवाद, पुलिस ने किया शांतिभंग में चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। जमीन के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में गाली-गलौज के साथ मारपीट होने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में न्यायालय में पेश किया।

डिडौली थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर माफी निवासी शफीक अहमद की दो मई को मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद उनकी जमीन के बंटवारे को लेकर बड़े बेटे आसिफ और छोटे बेटे राशिद के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि अंतिम संस्कार के दौरान कब्रिस्तान में भी जमीन को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी, जिस कारण कुछ देर के लिए दफन प्रक्रिया भी रुक गई थी। इसके बाद मृतक की पत्नी जाफरी तथा दोनों बेटों के बीच समझौता कर जमीन का बंटवारा कराया गया था। रविवार को आसिफ अपने हिस्से की जमीन की जुताई कराने पहुंचा था। इसी दौरान राशिद और उसके परिवार के लोगों से विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में न्यायालय में पेश किया।

### अवैध खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार सुबह खनन विभाग की टीम ने मिट्टी भराव कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया। टीम वाहन को कब्जे में लेकर डिडौली कोतवाली पहुंची, जहां सीज की कार्रवाई की गई। खनन अधिकारी केवी सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि पांयती कलां के जंगल क्षेत्र से अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर भराव किया जा रहा है। सूचना पर टीम ने पांयती कलां रोड पर घेराबंदी कर मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को रोक लिया।

**खुलासा** | सात मई को गजरौला में रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में मिला था शव, शादी का दबाब बना रही थी महिला

# प्रेमी ने बहनोई के साथ मिलकर की थी महिला की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। सात मई को नगर के भानपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास झाड़ियों में महिला की हत्या करके शव को वहां डाला गया था। घटना को महिला के प्रेमी ने अपने बहनोई की मदद से अंजाम दिया था। महिला प्रेमी पर शादी का दबाब बना रही थी।

बता दें कि गुरुवार की सुबह को नगर के भानपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास कब्रिस्तान के पीछे झाड़ियों में एक महिला का शव मिला था। उस समय तो उसकी शिनाख्त नहीं हुयी थी मगर बाद में उसकी पहचान तनु पत्नी सुनील तमोली पुत्री हजारी निवासी मोहल्ला हरिजन, शिव विहार कॉलोनी, गली नम्बर-4, बल्लभगढ़ जनपद फरीदाबाद (हरियाणा) (उम्र 26 वर्ष) के रूप में हुई। गजरौला पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो महिला की मृत्यु का कारण गला दबाकर होना पाया गया। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कमिल पुत्र फारुख निवासी ग्राम मिलक बकैना थाना नौगावां सादात जनपद अमरोहा के विरुद्ध रिपोट दर्ज की गयी। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में घटना का खुलासा किया। बताया कि पूछताछ से जानकारी हुई कि तनु का अपने पति से विवाद चल रहा था, जिसके चलते वह अपने पति से अलग रह रही थी। उसका का कमिल के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जांच के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि तनु कमिल पर शादी करने का दबाव बना रही थी, जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इस कारन कमिल ने तनु को रस्ते से हटाने की योजना बनाई। और उसने अपने बहनोई नाजिर के साथ योजना बनाकर गजरौला स्टेशन से आगे पटरी के किनारे किनारे सुनसान जगह में ले जाकर तनु को गला दबाकर जान से मार दिया था और उसके शव को उसी के दुपट्टे से ढक दिया था। एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी कमिल और उसके बहनोई नाजिर पुत्र छिद्दु नि0 मीरासराय थाना अमोरहा देहात जनपद अमरोहा को गिरफ्तार करके चालान किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में गजरौला के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक सुधीर तोमर, वरिष्ठ आरक्षी शेखर मलिक, हरेन्द्र कुमार, आरक्षी सन्नी कुमार एवं भगत सिंह शामिल रहे।



अमरोहा। महिला की हत्या का खुलासा करते एएसपी।

# आईपीएल से पहले प्रीति जिंटा ने गोल्डन टेम्पल में माथा टेका

**अमृतसर, वार्ता।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और पंजाब किंग्स की को-ओनर प्रीति जिंटा ने रविवार को सचखंड श्री हरमंदिर साहिब (जिसे गोल्डन टेम्पल के नाम से भी जाना जाता है) में माथा टेका और आईपीएल के मौजूदा सीजन में अपनी टीम की जीत के लिए आशीर्वाद मांगा।

अपनी छोटी सी टीम के साथ, एक्ट्रेस ने 'सरबत दा भला' (सबकी भलाई) के लिए अरदास में हिस्सा लिया और लंगर हॉल में 'सेवा' (स्वैच्छिक सेवा) करते हुए कुछ समय बिताया, जहां उन्होंने श्रद्धालुओं को खाना परोसा। मंदिर के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, जिंटा ने कहा कि उनका यह दौरा एक ईश्वरीय बुलावा था। उन्होंने कहा कि मैं यहां बाबा जी के बुलावे पर आई हूं। 11 तारीख को हमारा एक बहुत अहम मैच है, और मैं यहां टीम की जीत के लिए प्रार्थना करने आई हूं। हमें उम्मीद है कि वाहेगुरु की कृपा से, हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपने आने वाले मैच जीतेंगे। एक्ट्रेस ने इस बात को भी माना कि पंजाब फ्रेंच. इजी की राज्य में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। कप्तान श्रेयस अय्यर की स्थानीय लोकप्रियता पर टिप्पणी करते हुए, जिन्हें फैंस ने सरपंच का निकनेम दिया है, जिंटा ने पंजाब के युवाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि यहां के लोगों, खासकर युवाओं से हमें जो प्यार और समर्थन मिलता है, वही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। टीम पर वे जिस तरह से अपना प्यार बरसाते हैं, उसे देखकर दिल खुश हो जाता है। जिंटा का यह दौरा ऐसे अहम मोड़ पर आया है।

# उर्विल पटेल के तूफान में उड़ी लखनऊ

## चेन्नई ने लखनऊ को पांच विकेट से हराया, LSG के इंग्लिश की भी 85 रन की धमाकेदार पारी

**13 गेंदों पर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी जड़ की यशस्वी की बराबरी**

**चेन्नई, वार्ता।** उर्विल पटेल की ऐतिहासिक पारी (65) की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को अपने होम ग्राउंड पर लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। इस जीत के साथ ही चेन्नई ने प्वाइंट्स टेबल में भी छलांग (5वें) लगाई है। वहीं लखनऊ हार के बाद आखिरी पायदान पर बनी हुई है। 11 मैच में 8 हार के बाद लखनऊ प्लेऑफ की रेस से बाहर भी हो गई है।

जोश इंग्लिस (85) की फिफ्टी की बदौलत एमए चिदम्बरम स्टेडियम में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाए थे। 204 रन के टारगेट को चेन्नई ने 20वें ओवर में 5 विकेट खोकर चेज कर लिया। 204 रन चेज करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी ने जबरदस्त शुरुआत दी। हालांकि, मैदान पर नजरें जमा चुके संजू को दिग्वेश राठी ने बोल्ड्ड किया। इसके बाद 3 नंबर पर उतरे उर्विल पटेल ने छक्कों में डील करना शुरू किया। उन्होंने 13 गेंदों पर आईपीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी जड़ी और यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उर्विल ने 8 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 23 गेंदों पर 65 रन की पारी खेलकर मैच को एकतरफा कर दिया। उर्विल और रुतुराज के बीच 34 गेंदों पर 81 रन की पार्टनरशिप हुई। शहबाज अहमद ने दोनों बल्लेबाजों का विकेट चटकाया। कप्ष्तान रुतुराज (42) अर्धशतक से चूक गए। कार्तिक शर्मा (20) और डेवाल्ड ब्रेविस (10) ने छोटी-छोटी पारियां खेलीं। टॉस हारकर बल्ष्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत तूफानी रही। मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस के बीच 31 गेंदों पर 77 रन की पार्टनरशिप हुई। इस साझेदारी को अंशुल कंबोल ने तोड़ा। उन्होंने मार्श (10) को सस्ते में आउट किया। इसके बाद मिडिल ऑर्डर में किसी का बल्ला नहीं चला। जोश ने एक झोर संभाले रखा और 33 गेंदों पर 85 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 10 चौके और 6 छक्के निकले। लोअर ऑर्डर में शाहबाज अहमद के नाबाद 43 रनों की बदौलत लखनऊ का स्कोर 200 के पार पहुंचा। निकोलस पूरन (1) का बल्ला नहीं चला। कप्ष्तान ऋषभ पंत (15) भी सस्ष्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। एडेन मार्कराम 6 के स्कोर पर रन आउट हुए। चेन्नई की ओर से जेमी ओवर्टन को 3 सफलताएं मिली। अंशुल कंबोज के खाते में 2 और नूर अहमद के हिस्से में 1 विकेट आया।



चेन्नई के स्टार गेंदबाज जेमी ओवरटन लखनऊ के बल्लेबाज को आउट करने बाद साथी खिलाड़ियों संग खुशी मनाते हुए।

## खेल विशेष

### सोनी बना एशियाई कबड्डी लीग का आधिकारिक प्रसारण साझेदार

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारतीय खेल जगत में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए एशियाई कबड्डी लीग (एकेएल) के आधिकारिक लॉन्च और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ प्रसारण साझेदारी की घोणा की गई। कबड्डी की भावना, संघर्ा और विरासत से प्रेरित एकेएल का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को वैश्विक मंच से जोड़ते हुए एक आधुनिक खेल मंच तैयार करना है। कबड्डी को नई पहचान देने और सीमाओं से परे ले जाने के विजन के साथ शुरू हुई एकेएल ने पिछले कई महीनों में देशभर में अभियान, खिलाड़ी खोज पहल, सामुदायिक कार्यक्रमों और ओपन ट्रायल्स के माध्यम से मजबूत आधार तैयार किया है। खिलाड़ियों, प्रशंसकों और स्थानीय समुदायों से मिले जबरदस्त समर्थन ने यह साबित किया है कि देश में कबड्डी के प्रति गहरा जुनून है और ऐसी लीग की आवश्यकता है जो वास्तव में भारतीय कबड्डी की आत्मा का प्रतिनिधित्व करे।

### यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने एसबी यूथ क्रिकेट क्लब को 153 रनों से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने एस-बी-यूथ क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में रविवार को 153 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, एसबी यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। यंग फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने 40 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 308 रन बनाए, जिसमें पार्थ कुमार बाली 87(60), दक्ष ड्डाल 70(54) और दीप ठाकुर 45(18) की शानदार पारियों का योगदान रहा। वहीं एसबी यूथ क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों में यजुर ने 50 रन देकर 3 विकेट और हृदय संसनवाल ने 47 रन देकर 1 विकेट लिया।

### बंगलादेश ने महिला टी- 20 विश्वकप 2026 के लिए टीम का किया ऐलान

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश ने आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्ईय टीम का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड और वेल्स की मेजबानी में होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून से होगी। बंगलादेश की महिला टीम ने इस साल की शुरुआत में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 ग्लोबल क्वालिफायर में हिस्सा लिया था और टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की। ग्रुप और सुपर सिक्स स्टेज में बिना हारे रहने के बाद वे प्रतियोगिता में पहले नम्बर पर रहे। टीम 25 मई को स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के बीच त्रिकोणीय-सीरीज के लिए एडिनबर्ग जाएगी, जिसके बाद वे अपने टी-20 वर्ल्ड कप वार्म अप मैचों के लिए लॉफबोरो जाएंगे।

# क्या धर्मशाला में होगी कुल्चा की फॉर्म वापसी

**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) से धर्मशाला में होगा। यह इस सीजन धर्मशाला का पहला मैच है, जो कि पीबीकेएस का दूसरा घरेलू मैदान है। दोनों टीमें हार से इस मैच में उतर रही हैं।



जहां पहले सात मैचों में अजेय रहने वाली पीबीकेएस को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, वहीं डीसी भी अपने घरेलू मैदान दिल्ली से लगातार दो मैचों में हार कर आ रही है। हालांकि पीबीकेएस 10 मैचों में छह जीत के साथ अंक तालिका में अभी भी तीसरे स्थान पर मजबूती से बनी हुई है, वहीं 11 मैचों में सात में हार का सामना कर चुकी डीसी के लिए यह करो या मरो का मुक़ाबला होगा। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 35 मैचों में बहुत ही कांटे का मुक़ाबला रहा है, जिसमें पीबीकेएस ने 18 जबकि डीसी ने 17 मैच जीते हैं। धर्मशाला में हुए दोनों टीमों के बीच चार मैचों में भी मुक़ाबला बराबरी का रहा है और दोनों टीमों ने दो-दो मैच जीते हैं। 2023 से धर्मशाला में हुए पांच मुक़ाबलों में चार में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है, जहां पहली पारी का औसत स्कोर 209/6 है। ऐसे में कोई भी टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 का स्कोर खड़ा करना चाहेगी। आइए डालते हैं इस मैच के कुछ प्रमुख आंकड़ों पर एक नजर। डीसी सलामी बल्लेबाजों के लिए क्या अर्शदीप बनेंगे बाधा? डीसी के सलामी बल्लेबाजों केएल राहुल और पथुम निसंका ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके प्रदर्शन में निरंतरता तो नहीं है, लेकिन ए दोनों ही डीसी के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं पीबीकेएस के स्ट्राइक गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इस सीजन निराश किया है। उनके नाम 10 मैचों में सिर्फ 11 विकेट हैं, जबकि वह 10-42 की इकॉनमी से रन दे रहे हैं। पिछले पांच मैचों में चार में उन्होंने 40 से अधिक रन दिए हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में तो उन्होंने चार ओवरों में 68 रन दे दिए थे। हालांकि डीसी के खिलाफ भी इस रन लीक पर लगाम लगने की संभावना कम ही है। राहुल और निसंका को उन्होंने दो-दो बार आउट तो किया है, लेकिन दोनों उन पर क्रमशः 169 और 172 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। डेविड मिलर भी उनका दो बार शिकार हो चुके हैं, लेकिन मिलर भी उन पर 156 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। क्या चहल की होगी फॉर्म वापसी? अर्शदीप की तरह पीबीकेएस के एक और भारतीय स्टार गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने भी निराश किया है। नौ में से चार पारियों में उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला है, जबकि उन्होंने 9.53 की महंगी इकॉनमी रेट से रन देते हुए 35.75 की ऊंची औसत से सिर्फ आठ विकेट लिए हैं। हालांकि इस मैच में वह फॉर्म में वापस आ सकते हैं। उन्होंने विपक्षी कप्तान अक्षर पटेल और विपक्षी फिनिशर मिलर को तीन-तीन बार आउट किया है, हालांकि मिलर उन पर 184 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

# ईरान ने विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए गारंटी की मांग की

**तेहरान, वार्ता।** ईरान ने संकेत दिया है कि वह इस गर्मी में होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगा, लेकिन टीम के हिस्सा लेने को लेकर बढ़ते तनाव के बीच उसने फीफा और टूर्नामेंट के मेजबानों से कई तरह की गारंटी की मांग की है।

ईरानी फुटबॉल फेडरेशन ने कहा कि ईरान टूर्नामेंट में अपनी मान्यताओं, संस्कृति और सिद्धांतों से बिना किसी समझौते के मुक. ाबला करेगा, साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि मेजबानों को हमारी चिंताओं को ध्यान में रखना चाहिए। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ए मांगें तब सामने आईं जब पिछले महीने फीफा कांग्रेस से पहले ईरानी फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष मेहदी ताज को कनाडा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई थी। बाद में ताज ने बताया कि ईरान ने वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए फीफा के सामने 10 शर्तें रखी थीं। यह टूर्नामेंट 11 जून से संयुक्त राज्य अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में शुरू होगा। शनिवार को जारी एक बयान में प्रकाशित मांगों में यह गारंटी भी शामिल है कि टीम के साथ यात्रा करने वाले सभी खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों को वीजा मिलेगा, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के साथ अपनी सैन्य सेवा पूरी की है। इस समूह को कनाडा और अमेरिका में एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

# सबालेंका और पाओलिनी की सनसनीखेज हार

**रोम, वार्ता।** इटेलियन ओपन में शनिवार को कई चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले, जिसमें महिलाओं की शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और गत चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी दोनों बाहर हो गईं।

दिन का सबसे बड़ा झटका महिलाओं के सिगल्स के राउंड ऑफ 32 में लगा, जहां दुनिया की नम्बर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने एक सेट की बढ़त गंवा दी और रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया से 2-6, 6-3, 7-5 से हार गईं। सिर्स्टिया ने बेसलाइन से सबालेंका के साथ जोरदार मुकाबला किया और नेट की ओर आक्रामक रुख अपनाकर बेलारूस की इस खिलाड़ी को बार-बार परेशान किया, जिससे उन्हें दूसरे सेट के आठवें गेम में एक महत्वपूर्ण 'ब्रेक' हासिल हुआ। सबालेंका को सिर्स्टिया के खेल की विविधता का सामना करने में मुश्किल हुई और उन्होंने लगातार 'अनफोर्स्ड एरर' (बिना दबाव के की गई गलतियां) करना शुरू कर दिया। निर्णायक सेट के पांचवें गेम में, सिर्स्टिया ने अपने चौथे 'ब्रेक पॉइंट' के मौके को भुनाते हुए एक और 'ब्रेक' हासिल किया और फिर अपनी सर्विस के साथ मैच जीत लिया, यह किसी शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ उनके करियर की पहली जीत थी। जीत के बाद सिर्स्टिया ने कहा कि शीर्ा खिलाड़ियों के खिलाफ आप सिर्फ सुरक्षित खेल नहीं खेल सकते। वे आपको जीत थाली में परोसकर नहीं देंगी। आपको जीत खुद हासिल करनी पड़ती है।



# पीठ की सर्जरी के बाद जल्द वापसी करके मैंने गलती की थी: राशिद

**जयपुर, वार्ता।** गुजरात टाइटंस के लेग स्पिनर राशिद खान ने माना कि पिछले साल पीठ की सर्जरी के बाद जल्द वापसी करना उनकी 'बहुत बड़ी गलती' थी, लेकिन आईपीएल 2026 में उन्होंने फिर से अपनी लय हासिल कर ली है।

वह दोबारा गुजरात टाइटंस (जीटी) के लिए मैच जिताने लगे हैं, और इसका ताजा उदाहरण चार विकेट वाला यह प्रदर्शन है, जो उन्होंने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ किया। आईपीएल 2025 में उन्होंने 15 मैचों में सिर्फ नौ विकेट लिए थे। लेकिन राशिद ने इस सीजन शानदार वापसी की है और अब तक 11 मैचों में 15 विकेट ले चुके हैं। राशिद ने कहा कि जब मेरी सर्जरी हुई, मैं सिर्फ दो महीने में मैदान पर लौट आया था और वह मैंने बहुत जल्दबाजी में किया। मुझे लगता है कि उस समय मैंने बहुत बड़ी गलती की। लेकिन मुझे अफगानिस्तान के लिए वापस आना था और वे मैच खेलने थे। मुझे लगता है कि पिछले साल आईपीएल खत्म होने के बाद मुझे दो-तीन महीने का पूरा ब्रेक मिला और मैंने अपनी फिटनेस पर काम करने की पूरी कोशिश की। मैंने अपनी पीठ को फिर से ठीक हालत में लाने पर ध्यान दिया। मुझे लगता है कि क्रीज से गुजरते समय जो लय होती है, वही मेरे अंदर से गायब थी। उसके बाद मुझे मैदान पर अच्छा समय मिला और फिर बस उसी लय को मैंने जारी रखा। और जयपुर में वही लय साफ दिखी। जीटी ने सातवें ओवर में राशिद के गेंदबाजी पर आने तक तीन विकेट ले लिए थे। उन्हें पता था कि पिच से मदद मिल रही है। हालांकि आरआर ने तब तक 12-28 की रन रेट से 86 रन बना लिए थे। राशिद ने अपने पहले ही ओवर में दो बल्लेबाजों को बोल्ड कर दिया। उन्होंने तेज शुरुआत कर चुके ध्रुव जुरेल को चकमा दिया और फिर डोनोवन घ्रेरा को लेगब्रेक पर पूरी तरह बीट कर दिया। 230 रन का पीछा कर रही आरआर की टीम इसके बाद कभी संभल नहीं सकी। राशिद ने कहा कि हां, जैसे ही मैंने पहली गेंद डाली, मुझे पता चल गया कि यहां मेरे लिए कुछ मदद है।



# चीन को हराकर भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**शंघाई (चीन), वार्ता।** दीपिका कुमारी, अंकिता भक्त और कुमकुम मोहोद वाली भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को शूट-ऑफ में मेजबान चीन को हराकर शंघाई में हुए तीरंदाजी विश्व कप 2026 में स्वर्ण पदक जीता।

यहां खेले गए मुकाबले में चौथी सीड वाली भारतीय तिकड़ी ने, झू जिगई, हुआंग युवेई और यू की की युवा दूसरी सीड वाली चीनी तीरंदाजी टीम के खिलाफ, चार सेट के आखिर में 4-4 से बराबरी पर रहने के बाद 28-26 से शूट-ऑफ जीता। अंकिता भक्त, जो पेरिस 2024 ओलंपिक्स में धीरज बोम्मादेवरा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं, ने शूट-ऑफ की शुरुआत 9 से की, जिसके बाद कुमकुम ने 10 का स्कोर किया। जीत सुनिश्चित करने के लिए 8 की जरूरत थी, चार बार की ओलंपियन दीपिका ने 9 का स्कोर करके जीत पक्की की। यह दीपिका का 39वां तीरंदाजी विश्व. कप पदक है,

अंकिता का आठवां और कुमकुम मोहोद का पहला। महिला टीम रिकर्व आर्चरी सेमीफाइनल में, भारत ने 10 बार की ओलंपिक चैंपियन और टॉप सीड साउथ कोरिया को 5-1 से हराया था।

रविवार को मिले स्वर्ण पदक के साथ, भारत ने विश्वकप 2026 सीरीज के शंघाई लेग को दो पदक के साथ खत्म किया। भारत के साहिल जाधव ने शनिवार को पुरुों के इंडिविजुअल कंपाउंड इवेंट में कांस्य पदक जीता। इस बीच, सिमरनजीत कौर रविवार को दक्षिण कोरिया की जांग मिन्ही - जो पहले वर्ल्ड चैंपियन और ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता के खिलाफ मैच 6-4 से हारने के बाद कांस्य पदक से चूक गईं।




# सिनर ने में जीत के साथ इतिहास रचने की मुहिम शुरू की

**रोम, वार्ता।** दुनिया के नम्बर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने इटेलियन ओपन के दूसरे राउंड में सेबेस्टियन ओफनर के खिलाफ सीधी जीत के साथ टेनिस के इतिहास में और ऊंचा मुकाम हासिल करने की अपनी मुहिम शुरू की। रोम में जीत का मतलब होगा कि सिनर नोवाक जोकोविच के बाद सिर्फ दूसरे ऐसे खिलाड़ी बन जाएंगे जो अपने करियर का 'गोल्डन मास्टर्स' पूरा करेंगे, यानी सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट जीतेंगे।

बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, यह इटेलियन खिलाड़ी इस समय पुरुों के टूर पर जबरदस्त फॉर्म में है, उसने पिछले पांच मास्टर्स इवेंट जीते हैं और इस सीजन में सिर्फ दो मैच हारे हैं। खचाखच भरे स्टेडियम के सामने, सिनर ने ऑस्ट्रिया के ओफनर को 6-3, 6-4 से हराकर मास्टर्स इवेंट में अपनी लगातार 29वीं जीत दर्ज की। सिनर को इस मैच में किसी भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपनी पहली सर्विस पर सिर्फ छह पॉइंट गंवाए। 24 साल के इस खिलाड़ी ने पिछले साल रोम में तीन महीने के डोपिग बैन से वापसी के बाद फाइनल तक का सफर तय किया था, लेकिन वह अपने प्रतिद्वंद्वी कार्लोस अल्काराज से हार गए थे। सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत ही खास टूर्नामेंट रहा है, जिसकी शुरुआत काफी पहले एक वाइल्डकार्ड के साथ हुई थी। हर साल जब आप यहां आते हैं, तो आप थोड़ा पीछे मुड़कर सोचते हैं। मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। चलिए देखते हैं कि अगले राउंड में क्या होने वाला है। सिनर का अगला मुकाबला 26वीं सीड याकूब मेन्सिक - जो इस साल जोकोविच के अलावा उन्हें हराने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, या ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपीरिन से होगा। सिनर अक्टूबर 2025 में शंघाई के बाद से किसी भी मास्टर्स 1000 इवेंट में नहीं हारे हैं और इस स्तर पर अपने पिछले 60 सेटों में से 58 जीते हैं। पिछले कुछ महीनों में कोई भी सिनर को चुनौती नहीं दे पाया है( पिछले महीने मोंटे कार्लो में जीत के साथ इस इतालवी खिलाड़ी ने अल्काराज से दुनिया का नम्बर एक स्थान वापस हासिल कर लिया है। चूंकि अल्काराज चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए हैं।

# सम्पादकीय

## हाशिये पर महिलाएं

महिला आरक्षण को लेकर लंबे समय से देश में बहस चलती रही है। लगभग हर राजनीतिक दल समय-समय पर महिलाओं को राजनीति में बराबरी का अधिकार देने की बात करता है और संसद से लेकर सार्वजनिक मंचों तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जब इन दावों की वास्तविकता चुनावों के दौरान टिकट वितरण में दिखाई देती है, तब राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के बीच का अंतर साफ नजर आने लगता है। हाल ही में पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि महिला आरक्षण की जोरदार पैरवी करने वाले अधिकांश राजनीतिक दल वास्तव में महिलाओं को उनका उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए गंभीर नहीं हैं। इन चुनावों में कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ, लेकिन महिलाओं को उम्मीदवार बनाने के मामले में लगभग सभी दलों का रवैया निराशाजनक रहा। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग करने वाले दल खुद टिकट वितरण में इस आंकड़े के आसपास भी नहीं पहुंच सके। कई दल तो महिलाओं को कुल टिकटों का आधा हिस्सा भी नहीं दे पाए। इससे साफ जाहिर होता है कि महिलाओं के अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी को लेकर राजनीतिक दलों की प्रतिबद्धता केवल भाषणों और घोषणाओं तक सीमित है। पश्चिम बंगाल का उदाहरण सबसे अधिक चर्चा में रहा। यहां सत्तारूढ़ दल ने 294 सीटों में से केवल 33 महिलाओं को टिकट दिए, जबकि दूसरी प्रमुख पार्टी ने 291 सीटों में 52 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। आंकड़ों पर नजर डालें तो यह संख्या कुल सीटों की तुलना में बहुत कम है। चुनाव परिणामों में भी महिलाओं की भागीदारी बेहद सीमित दिखाई दी और विधानसभा में पहुंचने वाली महिला प्रतिनिधियों का प्रतिशत दस फीसदी के आसपास ही सिमट गया। यह स्थिति उस राज्य की है जहां महिला नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण की सबसे ज्यादा बातें की जाती हैं। तमिलनाडु में भी हालात बहुत अलग नहीं रहे। सत्ता के करीब पहुंचने का दावा करने वाली पार्टी ने 234 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन केवल 24 महिलाओं को टिकट दिया। इसी तरह असम में सत्ता में आई गठबंधन सरकार ने बेहद कम महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। वहीं खुद को प्रगतिशील और उदारवादी बताने वाले दल भी महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने में पीछे दिखाई दिए। यह तस्वीर बताती है कि विचारधारा चाहे जो भी हो, महिलाओं को राजनीति में बराबरी देने के सवाल पर लगभग सभी दलों का रवैया एक जैसा है। महिलाओं को कम टिकट मिलने का सीधा असर चुनाव परिणामों पर भी दिखाई देता है। जब महिलाओं को पर्याप्त संख्या में चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं मिलेगा, तो स्वाभाविक रूप से विधानसभाओं और संसद में उनकी भागीदारी भी सीमित रहेगी।

## अनाज के ढेर पर बैठी भूखी दुनिया





प्रो. आर.के. जैन

सभ्यता की चकाचौंध के बीच दुनिया एक खामोश त्रासदी जी रही है। खेतों में रिकॉर्ड अनाज उग रहा है, खाद्य कंपनियां लगातार विस्तार कर रही हैं और बाजार रंग-बिरंगे पैकेटों से भरे पड़े हैं, फिर भी करोड़ों लोग भूख की यातना सहने को मजबूर हैं। यह केवल आर्थिक विषमता नहीं, बल्कि विकास के खोखले मॉडल की सबसे बड़ी हार है। अधिक उत्पादन की लालसा ने जंगल उजाड़े, जलस्रोत खत्म किए और मिट्टी की जीवनशक्ति घटा दी। अब प्रकृति भी उसी विनाश का जवाब दे रही है। कहीं लू फसलें झुलसा रही है तो कहीं बाढ़ महीनों की मेहनत बहा ले जाती है। भूख और पर्यावरण विनाश का यह दुष्चक्र अब इतना भयावह हो चुका है कि यदि इसे समय रहते नहीं तोड़ा गया, तो आने वाला दौर मानव इतिहास का सबसे अंधकारमय अध्याय बन सकता है।

मानव सभ्यता की सबसे भयावह तस्वीर आज आंकड़ों में कैद दिखाई देती है। वर्ष 2025 में लगभग 266 मिलियन लोग तीव्र खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे थे, जबकि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 673 मिलियन लोग लगातार भूख का सामना कर रहे हैं। अफ्रीका में हर पांचवां व्यक्ति भोजन संकट में जी रहा है। 35.5 मिलियन बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और करीब 10 मिलियन गंभीर स्थिति में हैं। सबसे दर्दनाक तथ्य यह है कि दुनिया की अधिकांश भूख केवल 10 देशों में सिमट चुकी है। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था की विफलता का प्रमाण है। युद्ध, आर्थिक संकट, बेरोजगारी और जलवायु आपदाएं मिलकर भूख को ऐसा हथियार बना चुकी हैं, जो इंसानी अस्तित्व को भीतर से तोड़ रहा है। अब भूख किसी गरीब राष्ट्र की समस्या नहीं, बल्कि असंतुलित वैश्विक विकास का सबसे भयावह चेहरा बन चुकी है। मानवता को भोजन देने वाली व्यवस्था अब पृथ्वी के विनाश का बड़ा कारण बन चुकी है। वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 26 प्रतिशत हिस्सा खाद्य प्रणाली से आता है। कृषि अकेले पृथ्वी की आधी रहने योग्य भूमि और 70 प्रतिशत मीठे पानी का उपयोग करती है। वर्ष 2022 में एग्रीफूड सिस्टम ने करीब 16.2 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष उत्सर्जन किया था। पशुपालन से निकलने वाली मीथेन, रासायनिक उर्वरकों से पैदा नाइट्रस ऑक्साइड और जंगलों की कटाई से बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड धरती को लगातार गर्म कर रही हैं। तापमान में हर अतिरिक्त डिग्री वृद्धि प्रति व्यक्ति लगभग 120 कैलोरी प्रतिदिन घटा देती है। यानी अधिक उत्पादन की दौड़ ही भविष्य का भोजन निगल रही है। बदलता जलवायु चक्र अब भूख को और भयावह बना रहा है। मौसम अब अनुमान नहीं, भय का विषय बन चुका है। कहीं महीनों तक बारिश नहीं होती तो कहीं कुछ घंटों की वर्षा पूरी खेती बहा ले जाती है। लू, सूखा, चक्रवात और बाढ़ लगातार फसलों को नष्ट कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अमीर देशों में 41 प्रतिशत और गरीब देशों में 28 प्रतिशत तक उपज क्षमता घट सकती है। सबसे बड़ा संकट छोटे किसानों पर है, जिनके पास न आधुनिक तकनीक, न बीमा और न पर्याप्त संसाधन हैं। कई संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भूख को हथियार बनाया जा रहा है। यदि यही स्थिति रही, तो वर्ष 2030 तक लगभग 512 मिलियन लोग भूख की चपेट में आ सकते हैं। पर्यावरण विनाश और भूख अब एक ही संकट के दो चेहरे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि एक ओर करोड़ों लोग भूखे सोते हैं, वहीं दूसरी ओर भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। दुनिया में उत्पादित भोजन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा बर्बाद हो जाता है। यह अपव्यय 8-10 प्रतिशत उत्सर्जन के बराबर है। अमीर देशों की थालियों से फेंका गया भोजन गरीब देशों के बच्चों की भूख बनता है। उधर मिट्टी की उर्वरता घट रही है, भूजल स्तर गिर रहा है और जैव विविधता खत्म हो रही है। रासायनिक खेती ने उत्पादन बढ़ाया लेकिन मिट्टी कमजोर की। अब टिकाऊ विकल्प जरूरी हैं। यदि दुनिया को इस संकट से निकलना है, तो भोजन को व्यापार नहीं, मानव अस्तित्व की जिम्मेदारी मानना होगा। अन्यथा भूख का यह संकट वैश्विक स्थिरता तोड़ देगा। विनाश के बढ़ते साए में रिजनरेटिव कृषि सबसे बड़ी आशा बन चुकी है। यह केवल खेती की तकनीक नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन की नई राह है। कवर क्रॉपिंग, फसल चक्रण, नो-टिल फार्मिंग, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्रिसीजन फार्मिंग मिट्टी को फिर जीवंत बना रही हैं। स्वस्थ मिट्टी अधिक कार्बन सोखती है, कम पानी में बेहतर उत्पादन देती है और जलवायु संकट झेलने की क्षमता बढ़ाती है। माइक्रोबियल इनोकुलेशन और विविध फसल प्रणाली जैव विविधता मजबूत कर रही हैं। क्लाइमेट-स्मार्ट कृषि छोटे किसानों को मौसम पूर्वानुमान, सटीक सिंचाई और बेहतर बाजार से जोड़ रही है। शोध बताते हैं कि सूखे में भी रिजनरेटिव खेत पारंपरिक खेतों से अधिक उत्पादक रहे।

## श्रीमुख से...

### विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं



उप्र में मंत्रिपरिषद विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं रह गई है और फैसले ऊपर से आने वाली पर्चियों के आधार पर हो रहे हैं, समय बिताने के लिए करना है कुछ काम, वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं, उधर से पर्ची आएगी, यहां तो सिर्फ पढ़ी जाएगी, भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है, कूरियर मैसेंजर, जनता पूछ रही है कि फिल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म ध्यान से देखिएगा, हो सकता है कर्मफल-कंसफल का सिद्धांत समझ में आए और कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिले, मूल रूप से व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका लालच और लोभ बुरा होता है, जो दुराचरण का रूप ले लेता है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## देश में लोकतंत्र : हकीकत या केवल भ्रम



तनवीर जाफरी

पिछले दिनों देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए। इनमें सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों की रही। चर्चा का कारण था पश्चिम बंगाल राज्य में पहली बार दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी का सत्ता में आना।

दरअसल पश्चिम बंगाल एक ऐसा राज्य है जहां प्राय: धर्मनिरपेक्ष सत्तारूढ़ दलों का लंबे समय तक राज करने का इतिहास रहा है। मिसाल के तौर पर स्वतंत्रता के बाद 1947 से लेकर 1977 तक यानी लगभग 30 वर्षों तक यहां लगातार कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस शासन में बिधान चंद्र रॉय, प्रफुल्ल चंद्र सेन, और सिद्धार्थ शंकर रे जैसे दिग्गज नेता राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। बाद में 1977 में कांग्रेस को हराकर वाम मोर्चा सत्ता में आया और लगातार 34 वर्षों वामपंथी सरकार का शासन रहा। उसके बाद कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी ने मई 2011 में सत्ता संभाली और मई 2026 तक यानी लगातार 15 वर्षों तक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है। लगातार तीन कार्यकालों तक सत्ता संभालने वाली राज्य की वह पहली महिला मुख्यमंत्री भी रही हैं। 1947 से लेकर 2026 तक राज्य में जितनी भी सरकारें बनीं वे सभी धर्मनिरपेक्ष सरकारें थीं परन्तु यह पहला मौका है जबकि दक्षिणपंथी विचारधारा की भाजपा ने यहां सत्ता संभाली है। 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद जिसतरह सत्ता व अनेक सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग कर,दूसरे राजनैतिक दलों में फूट डालकर या तोड़फोड़कर,भय लालच आदि के बल पर यहां तक कि राज्यपालों के पद का खुला राजनैतिक दुरूपयोग कर देश के अनेक राज्यों में भाजपा द्वारा अपनी सरकारें बनाई गई हैं उसे देखकर पश्चिम बंगाल में भाजपा की इस बार सरकार बनना कोई खास आश्चर्य का विषय नहीं होना चाहिए।

वैसे भी जिस तरह भाजपा को अपनी मनपसंद यानी साम्प्रदायिकता की पिच पर यहां खेलने का मौका मिला उसमें निश्चित रूप से उसे महारत हासिल हो चुकी है। जिन सुवेन्दु अधिकारी को भाजपा ने अपना पहला मुख्यमंत्री बनाया है वह भी मूल रूप से तृणमूल कांग्रेस के ही नेता थे परन्तु 2020 में भाजपा में शामिल होकर उन्होंने राज्य में भाजपा के आधार का विस्तार किया। यह वही सुवेन्दु अधिकारी हैं जिन्हें 2014 में नारदा स्टिंग ऑपरेशन मामले में एक फर्जी कंपनी के प्रतिनिधियों से रंगे हाथ नकद रिश्वत लेते हुए एनडीटीवी के मैथ्यू सैमुअल द्वारा किए गए स्टिंग वीडीओ में दिखाया गया था। 2016 में बंगाल में एक चुनावी सभा में नरेंद्र मोदी ने सुवेन्दु जैसे भ्रष्ट व रिश्वतखोर नेताओं का जिक्र भी किया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मार्च 2017 में नारदा स्टिंग ऑप्रेशन की सीबीआई जांच के आदेश भी दिए थे। स्टिंग ऑप्रेशन के बाद, तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ-साथ सुवेन्दु अधिकारी से भी सीबीआई व ईडी ने पूछताछ की थी। बाद में चूंकि सुवेन्दु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए इसलिए उन्हें इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया। सीबीआई ने 2021 में बताया भी कि उन्होंने सुवेन्दु अधिकारी और मुकुल रॉय के खिलाफ जांच के लिए सरकार से आवश्यक मंजूरी न मिलने के कारण कार्रवाई नहीं की। गोया भाजपा की वाशिंग मशीन से पाक साफ होने वाले नेताओं में सुवेन्दु अधिकारी भी मुख्य नेता हैं।

इस समय राज्य में भाजपा के निर्वाचित 207 विधायकों में लगभग 35 विधायक ऐसे हैं जो 2021-2026 के बीच या उससे पहले तृणमूल, कांग्रेस या वामपंथी दलों से आए हुए दलबदलू हैं। बहरहाल सुवेन्दु अधिकारी अपनी जिस विशेषता के चलते भाजपा की आंखों का तारा बने हैं वह है उनके घोर जहरीले व साम्प्रदायिकतावादी बयान। चुनाव प्रचार से लेकर चुनाव जीतने तक उन्होंने जैसी भाषा का प्रयोग किया है वह किसी धर्मनिरपेक्ष लोकतान्त्रिक देश के किसी नेता की भाषा कतई नहीं कही जा सकती। जैसे कि नंदीग्राम में अपनी जीत के बाद, उन्होंने कहा कि मुसलमान मतदाता कट्टरपंथी हैं और उन्होंने टीएमसी को एकतरफा वोट दिया है। उन्होंने कहा कि नंद. ीग्राम की हिंदू जनता ने मुझे फिर से जिताया। वहां मुसलमान वोट पूरा का पूरा TMC को मिला। इसलिए, मैं अब नंदीग्राम के हिंदुओं के लिए काम करूंगा। इसी तरह उन्होंने मतदान के दौरान एक अत्यंत विवादास्पद बयान देते हुए कहा था कि हिंदू वोट एकजुट होकर बीजेपी को मिले और मुस्लिम वोट टीएमसी को। उन्होंने एक जनसभा के दौरान मुसलमानों को कट्टरवादी कहते हुए कहा था कि कट्टर मुसलमान ममता बनर्जी के साथ हैं। भाजपा की जीत के बाद उन्होंने यह भी कहा था कि वह राज्य के अल्पसंख्यकों के लिए नहीं, बल्कि हिंदुत्व के लिए काम करेंगे। सुवेन्दु अधिकारी की मुसलमानों के प्रति नफरत की पराकाष्ठा को उनके दिसंबर 2025 के उस बयान से भी समझा जा सकता है जिसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों के विरोध में कोलकता में आयोजित एक रैली के दौरान कहा था कि बांग्लादेश को भी ष्उसी तरह सबक सिखाया जाना चाहिए जैसे इजराइल ने गजा को सिखाया। उन्होंने आगे कहा कि हमारे 100 करोड़ हिंदू और हिंदू हितों के लिए काम कर रही सरकार को उन्हें वैसे ही सबक सिखाना चाहिएश। जरा सोचिए जिस गजा नरसंहार को लेकर दुनिया के कई प्रमुख देश इस्राईल से रिश्ते खत्म कर रहे हैं, जिस गजा नरसंहार की वजह से अंतर्राष्ट्रीय अदालत ने इस्राईली प्रधानमंत्री के विरुद्ध वारण्ट जारी कर रखा है।

## सोमनाथ से सिंदूर तक : पुनरुत्थानशील भारत की भावना





पीयूष गोयल

75 वर्ष पहले किया गया भव्य सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना का निर्णायक क्षण था। इसने भारत की उस दृढ़ता और संकल्प को पुन: स्थापित किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' मिशन का मूल आधार है। इस पवित्र उपलब्धि की 75वीं वर्षगांठ राष्ट्र को भारतीय सभ्यता की मजबूत नींव और शक्ति पर सर्वोच्च विश्वास प्रदान करती है, जो 1,000 वर्षों तक कट्टरपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए भीषण हमलों को झेलने के बाद भी और अधिक सशक्त होकर उभरी। गुजरात के शांत समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर हर आक्रमण के बाद खंडहरों से अपनी पूरी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ। कई मायनों में इसका इतिहास भारत के अतीत का प्रतिबिंब है, जहां हमारे शांतिप्रिय लोगों ने अपनी आस्था, संस्कृति और विरासत पर हुए क्रूर हमलों के बाद फिर से मजबूती से वापसी की।

जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के लिए बार-बार षड्यंत्र और प्रयास हुए, उसी प्रकार विदेशी आक्रमणकारियों ने सदियों तक भारत को समाप्त करने की कोशिश की। फिर भी न तो यह पूजनीय तीर्थ नष्ट हुआ और न ही भारत। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सोमनाथ पर हमलों का उद्देश्य लूटपाट से ज्यादा खतरनाक था। उन्होंने कहा, यदि हमले केवल लूट के लिए होते, तो एक हजार वर्ष पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही रुक गए होते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ की पवित्र मूर्ति को अपवित्र किया गया, मंदिर के स्वरूप को बार-बार बदला गया। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को केवल लूट के लिए नष्ट किया गया था। घृणा, उत्पीड़न और आतंक का यह क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गया। स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण के मिशन का नेतृत्व किया। यह नवस्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में से एक था। लेकिन इस प्रयास की राह में भी मुश्किलें आईं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसके ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने का औपचारिक तौर पर विरोध किया। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया। सदियों के क्रूर उत्पीड़न के बाद इस पुनर्निर्माण ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सभ्यता पर गर्व के बीज बोए। काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार से लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर तक केदारनाथ के पुनर्जीवन से लेकर असंख्य धरोहर स्थलों के संरक्षण तक भारत अपनी सभ्यता की कहानी को गरिमा और उद्देश्य के साथ पुन: स्थापित कर रहा है। इन प्रयासों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार के अनेक अवसरों का सृजन हो रहा है। सोमनाथ की ही भांति भारत भी और अधिक सशक्त होकर उभरा है। यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिकता के अद्वितीय संगम के लिए वैश्विक पहचान बना रहा है। 2014 में जब देश भारी बहुमत से मोदी सरकार को सत्ता में लाया, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया।

योग आज एक वैश्विक वेलनेस मुहिम बन चुका है, जिसने दुनिया की सभी संस्कृतियों के लोगों को लाभ पहुंचाया है। एक दशक बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा उपहार में दी गई भूमि पर बने एक भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वह नियमित रूप से प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हैं जिससे वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली दूत बन जाते हैं।

**( लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं )**



चेन्नई। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ हाथ मिलाते तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री (टीवीके) प्रमुख विजय।

## ईयू एंव ब्रिटेन के ऊर्जा के उपलब्ध विकल्प और सीमित हुए: किरल दमित्रीव

**मास्को।** रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रीव के अनुसार तेल और गैस क्षेत्र में रूस एवं चीन के बीच बढ़ते सहयोग की संभावनाओं के कारण यूरोपीय संघ (ईयू) और ब्रिटेन के लिए ऊर्जा परिदृश्य और भी सीमित हो गया है। दिमित्रीव की यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने शनिवार को कहा था कि रूस और चीन ने ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से गैस और तेल में सहयोग के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए 'उच्च स्तर की सहमति' बना ली है। पुतिन के बयान पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए दिमित्रीव ने कहा कि इतिहास के सबसे खराब ऊर्जा संकट के दौरान यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के पास उपलब्ध ऊर्जा विकल्प अब और भी सीमित हो गए हैं।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय को दी बधाई

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने रविवार को तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को बधाई देते हुए दोनों क्षेत्रों के ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र किया। दिसानायके ने सोशल मीडिया पर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बीच यह रिश्ता पीढ़ियों से चले आ रहे लोगों के आपसी जुड़ाव से और मजबूत हुआ है। उन्होंने लिखा कि श्रीलंका और तमिलनाडु इतिहास, संस्कृति, उद्यम और पीढ़ियों से चले आ रहे लोगों के आपसी जुड़ाव से जुड़े हुए हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच भविष्य में अपार आर्थिक संभावनाओं और अवसरों की बात करते हुए कहा कि श्रीलंका और भारत अपने द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा कर रहे हैं।

# इजरायल ने इराक में बनाया गुप्त सैन्य अड्डा: रिपोर्ट

## ईरान पर हवाई हमले करने के लिए, खोज और बचाव दल भी तैनात किए गए

**तेहरान।** इजरायली अधिकारियों ने ईरान के खिलाफ हवाई हमले शुरू करने के लिए इराकी रेगिस्तान में गुप्त सैन्य अड्डा स्थापित किया है। यह जानकारी रविवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों सहित अन्य स्रोतों के हवाले से दी। सूत्रों के अनुसार, इजरायली सेना ने विशेष बलों को रखने के लिए एक ठिकाना बनाया है। यह बेस इजरायली वायु सेना के लिए रसद केंद्र के रूप में भी काम करता है।

सूत्रों का दावा है कि इस बेस की स्थापना ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू होने के ठीक पहले हुई थी। प्रकाशन ने स्पष्ट किया कि वहां खोज और बचाव दल भी तैनात किए गए हैं ताकि विमान गिरने पर इजरायली पायलटों की तलाश की जा सके। एक अनाम सूत्र ने बताया कि इजरायली वायु सेना के विशेष बल, जिन्हें दुश्मन के इलाके में तोड़फोड़ की कार्रवाई का प्रशिक्षण दिया गया है, वे भी इस बेस पर तैनात हैं। सूत्रों ने वॉल स्ट्रीट जर्नल को बताया कि इराकी रेगिस्तान में स्थित यह इजरायली बेस का पता लगभग मार्च में लगा था। अखबार ने अनाम इराकी सरकारी मीडिया का हवाला देते हुए



■ वॉल स्ट्रीट जर्नल का अमेरिकी अधिकारियों सहित अन्य स्रोतों के हवाले से खुलासा

लिखा कि एक स्थानीय चरवाहे ने इलाके में असामान्य सैन्य गतिविधि, विशेष रूप से हेलीकॉप्टर की उड़ानों की जानकारी दी थी। इसके बाद इराकी बलों को उस सैन्य सुविधा की जांच के लिए भेजा गया लेकिन इजरायल ने हवाई हमलों के जरिए उनकी बढ़त को रोक दिया। अखबार ने इराक में बेस के सटीक स्थान का उल्लेख नहीं किया है। एक अनाम सूत्र ने बताया कि जब ईरानी शहर इस्फहान के पास एक अमेरिकी एफ-15 लड़ाकू विमान को मार गिराया गया था, तब इजरायल ने मदद की पेशकश की थी, लेकिन अमेरिकी सेना ने स्वतंत्र रूप से दोनों पायलटों को बचा लिया। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने आगे कहा कि इजरायल ने इस अभियान की सुरक्षा के लिए हवाई हमले भी किए थे। ईरान के ऊपर एक एफ-15ई फाइटर-बॉम्बर को मार गिराया गया था। तीन अप्रैल को खोज अभियान शुरू हुआ। इसमें दो पायलटों में से एक को जल्द ही ढूंढ़ लिया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पांच अप्रैल की रात को दूसरे पायलट की वापसी का एलान किया। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमला करना शुरू किया, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए। वाशिंगटन और तेहरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई बातचीत बेनतीजा रही, हालांकि दोबारा जंग शुरू होने की कोई खबर नहीं है। फिर भी, अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी है।

# यूएस की परमाणु धमकी बेहद बेतुकी: ईरान

## ट्रम्प की टिप्पणी अमेरिका की कथित 'शांति की इच्छा' से मेल नहीं खाती: इस्माइल बकाई

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कथित परमाणु हमले की चेतावनी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'घृणित बेतुकापन' करार दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह टिप्पणी अमेरिका की कथित 'शांति की इच्छा' से मेल नहीं खाती है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह 'विकृत विडंबना' है कि अमेरिका एक ओर शांति और परमाणु संकट रोकने की बात करता है और दूसरी ओर 'एक बड़ी चमक' जैसी भाषा का इस्तेमाल कर सैन्य धमकी देता है। बकाई ने अपनी पोस्ट में हॉलीवुड फिल्म 'डा. स्ट्रेंजलव' का उल्लेख करते हुए अमेरिकी बयानबाजी का उपहास भी उड़ाया। यह प्रतिक्रिया ट्रम्प के उस बयान के बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि ईरान के साथ युद्धविराम समाप्त होता है तो आपको जानने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बस ईरान से उठती एक बड़ी चमक दिखाई देगी। उन्होंने यह भी कहा था कि ईरान को समझौते पर जल्द हस्ताक्षर कर देने चाहिए, अन्यथा उसे 'काफी दर्द' झेलना पड़ेगा। इस बीच, मॉस्को में विजय दिवस समारोह के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमे. रिका-ईरान तनाव को 'बेहद कठिन' स्थिति बताया और कहा कि रूस को उम्मीद है कि संघर्ष जल्द समाप्त होगा। पुतिन ने कहा कि ईरान के परमाणु हथियार विकसित करने के कोई प्रमाण नहीं हैं और विवाद का समाधान कूटनीतिक तरीके से संभव है। उन्होंने कहा कि रूस को ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है जिससे यह संकेत मिले कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि रूस अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम के प्रबंधन में सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि रूस का प्रस्ताव ईरान के संवर्धित यूरेनियम को शांतिपूर्ण परमाणु उपयोग के लिए ईंधन रॉड में परिवर्तित करने पर आधारित है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ईरान को युद्ध समाप्त करने के लिए प्रस्तावित 10 सूत्री समझौता ज्ञापन पर जवाब देने का इंतजार कर रहा है। इस प्रस्ताव में ईरान का परमाणु कार्यक्रम प्रमुख विवादित मुद्दों में शामिल है। अमेरिका ने अब तक रूस के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। अमेरिका की मुख्य चिंता ईरान के लगभग 450 किलोग्राम 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम भंडार को लेकर है, जिसे हथियार-स्तरीय 90 प्रतिशत संवर्धन से केवल एक तकनीकी कदम दूर माना जाता है। रिपोर्टों के अनुसार ईरान के पास लगभग 1,000 किलोग्राम 20 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम और करीब 8,500 किलोग्राम 3.6 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम भी मौजूद है।



■ बकाई ने अपनी पोस्ट में हॉलीवुड फिल्म 'डा. स्ट्रेंजलव' का उल्लेख करते हुए अमेरिकी बयानबाजी का उपहास भी उड़ाया

## आईआरजीसी ने अपने जहाजों पर हमले के खिलाफ अमेरिका को दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरान के प्रमुख सुरक्षा बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना शाखा ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरानी तेल टैंकरों एवं कारोबारी जहाजों के प्रति किसी भी तरह की आक्रामकता दिखाई जाती है तो इस नतीजा क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य केंद्रों में एक और 'शत्रु' के जहाजों पर भारी हमले के रूप में सामने आएगा। ये टिप्पणियां शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में की गईं, जो गुरुवार और शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में और उसके आसपास ईरान और अमेरिका के बीच भड़की छिटपुट झड़पों के बाद आई हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी सेना ने कई ईरानी जहाजों और तेल टैंकरों पर हमला किया है।

## ईरान होर्मुज स्ट्रेट पर पकड़ मजबूती को कर रहा मच्छर बेड़े का इस्तेमाल

**मॉस्को।** ईरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए तेज गति से चलने वाली नौकाओं के एक बड़े नेटवर्क पर निर्भर है, जिसे 'मच्छर बेड़ा' कहा जाता है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में रक्षा विशेषज्ञों के हवाले से यह जानकारी दी गई। रिपोर्टों में कहा गया है कि ईरानी अधिकारी सैकड़ों छोटी, तेज गति से चलने वाली नौकाओं का संचालन करते हैं, जिनमें से कई हल्के हथियारों से लैस हैं, जबकि अन्य अल्प दूरी की मिसाइलों से सुसज्जित हैं। माना जाता है कि ए नौकाएं क्षेत्र में ईरान की असममित नौसैनिक रणनीति की रीढ़ हैं।

# भीषण आत्मघाती हमले से दहला पाकिस्तान

■ विस्फोटक से भरी गाड़ी चेकपोस्ट से टकराई 15 पुलिसकर्मियों की मौत, कई घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बन्नू जिले में शनिवार देर रात एक भीषण आत्मघाती हमला हुआ। मामले में एक आत्मघाती हमलावर ने बारूद से भरी अपनी गाड़ी को फतेह खेल पुलिस चेकपोस्ट में दे मारी। इस जोरदार धमाके में 15 पुलिसकर्मियों की जान चली गई और तीन अन्य जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है। धमाका इतना जोरदार था कि पुलिस चेकपोस्ट पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया।

बन्नू के डीआईजी सज्जाद खान ने बताया कि विस्फोट से भारी तबाही हुई और कई जवान मलबे के नीचे दब गए। बचाव दल ने रात भर चले अभियान के बाद मलबे से तीन पुलिस अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को तुरंत जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डीआईजी ने जाकर उनके इलाज का जायजा लिया। अधिका. रियों ने मृतक जवानों की पहचान कर ली है। इनके नाम रहमत अयाज, सनाउल्लाह, नियाज अली, हबीब, सादुल्लाह जान, कामरान (पुत्र खान सिकंदर), एक अन्य कामरान, नूरुल्लाह, आबिद जानी, इमरान, कलीमुल्लाह, सादिकुल्लाह, मुनीर आलम खान, राहतुल्लाह खान और फारूक हैं। घायल जवानों के नाम मुजरिम फिरोज, हयातुल्लाह और कदरुल्लाह बताए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज जिले के दूर-दराज के इलाकों तक सुनी गई। धमाके से आसपास के घरों और नागरिक इमारतों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। चश्मदीदों का कहना है कि धमाके की वजह से कई घरों की छतें गिर गईं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। इससे पहले रविवार को, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने बलूचिस्तान के अलग-अलग इलाकों में 10 आपरेशनों की जिम्मेदारी ली है।

## दोहा के पास मालवाहक जहाज अज्ञात मिसाइल की चपेट में आया

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा से 23 समुद्री मील उत्तर-पूर्व में एक मालवाहक जहाज 'अज्ञात मिसा. इल' की चपेट में आ गया। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र ने यह जानक. ारी दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी एक बयान में यूकेएमटीओ ने बताया कि जहाज पर आग लग गई थी, जिस पर जल्द ही काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। एजेंसी ने कहा कि जहाज पर मामूली आग लगी थी जिसे बुझा दिया गया है, कोई हताहत नहीं हुआ है। बयान के अनुसार, बल्क कैरियर के कैप्टन ने सूचना दी कि रविवार को खाड़ी में यात्रा के दौरान जहाज किसी अज्ञात वस्तु से टकराया था।

# इजरायली हमले में 39 लोगों की मौत: लेबनान

## दक्षिणी शहर सकसाकियाह पर हुए एक इजरायली हमले में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोग मारे गए

**बेरूत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल द्वारा लेबनान में किए गए भीषण हमलों में 39 लोग मारे गए। यह जानक. ारी बीबीसी ने रविवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी शहर सकसाकियाह पर हुए एक इजरायली हमले में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोग मारे गए।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वह लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह को निशाना बना रहा था और निर्दोष नागरिकों को हुए नुकसान की रिपोर्टों से अवगत था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 16 अप्रैल को इजरायल और लेबनान की सरकारों के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद से इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच गोलीबारी जारी है। इजरायल के अधिकांश हवाई हमले दक्षिणी लेबनान में हुए हैं और आईडीएफ का कहना है कि वह ईरान समर्थित मिलिशिया और राजनी. तिक दल हिजबुल्लाह से जुड़ी अवसंरचना



■ पिछले सप्ताह इजरायली हमलों में पूरे देश में 120 से अधिक लोग मारे गए जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल

और लोगों को निशाना बना रही है। शनिवार को लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएएनए) ने सकसाकियाह सहित पूरे दक्षिण में इजरायली हमलों की सूचना दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में शुरुआती तौर पर सात लोग मारे गए, जिनमें एक लड़की भी शामिल है और 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। आईडीएफ ने कहा कि उसने इलाके में सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत के अंदर से सक्रिय हिजबुल्लाह आतंकवादियों पर हमला किया। उसने आगे कहा कि हमले से पहले, नागरिकों को होने वाले नुकसान के जोखिम को यथासंभव कम करने के लिए कदम उठाए गए, जिनमें सटीक गोलाबारी और हवाई निगरानी शामिल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले सप्ताह इजरायली हमलों में पूरे देश में 120 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मंत्रालय लड़ाकों एवं नागरिकों में कोई अंतर नहीं करता है। इजरायली सेना ने सीमा के साथ लेबनानी भूमि की एक पट्टी पर भी कब्जा कर रखा है और अधिकारियों का कहना है कि इसका उद्देश्य इजरायल के उत्तरी समुदायों की रक्षा के लिए हिजबुल्लाह-मुक्त सुरक्षा क्षेत्र बनाना है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने कतर के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मियामी में कतर के प्रधानमंत्री और विद. ेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका फरवरी के अंत में शुरू हुए संघर्ष को समाप्त करने के अपने नवीनतम प्रस्ताव पर ईरान के जवाब का इंतजार कर रहा है। इस दौरान चर्चा मुख्य रूप से ईरान संकट, रक्षा सहयोग और पश्चिम एशिया में स्थिरता बनाए रखने के व्यापक प्रयासों पर केंद्रित रही। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा कि रूबियो ने कई क्षेत्रों में कतर की साझेदारी की सराहना की और खतरों को रोकने तथा क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए वॉशिंगटन और दोहा के बीच निरंतर घनिष्ठ समन्वय पर जोर दिया। रूबियो ने कतर की रक्षा क्षमताओं के लिए अमेरिकी समर्थन पर और क्षेत्रीय सुरक्षा बनाए रखने में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी का उल्लेख किया। रूबियो ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि चर्चा में 'कतर की रक्षा के लिए अमेरिकी समर्थन' शामिल था।

यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

## यूक्रेन संघर्ष समाप्ति की ओर अग्रसर: पुतिन

■ पुतिन की ये टिप्पणियां उनके विजय दिवस भाषण के कुछ ही घंटों बाद आई

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन के साथ रूस का संघर्ष समाप्त होने वाला है। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ की जीत के उपलक्ष्य में मस्को में आयोजित एक सीमित सैन्य परेड के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

यह जानकारी बीबीसी ने रविवार को दी। सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण रूस की वार्षिक परेड में टैंकों एवं मिसा. इलों का सामान्य प्रदर्शन नहीं हुआ क्योंकि अधिकारियों को आशंका थी कि यूक्रेन ड्रोन से रेड स्क्वायर को निशाना बना सकता है। अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता से मास्को और कीव के बीच अंतिम समय में हुए युद्धविराम ने किसी भी हमले के खतरे को कम कर दिया और परेड बिना किसी रुकावट के संपन्न हुई। पुतिन की ये टिप्पणियां उनके विजय दिवस भाषण के कुछ ही घंटों बाद आई जिसमें उन्होंने युद्ध को जायज ठहराया था। उस भाषण में उन्होंने कहा कि रूस एक न्यायपूर्ण युद्ध लड़ रहा है और यूक्रेन को एक आक्रामक शक्ति करार दिया जिसे नाटो के पूरे गुट द्वारा हथियार और समर्थन दिया जा रहा है। बाद में, जब एक संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम देशों द्वारा यूक्रेन की मदद करने के बारे में पूछे गए सवाल पर पुतिन ने कहा कि उन्होंने (पश्चिम ने) सहायता का वादा किया और फिर रूस के साथ टकराव को हवा देना शुरू कर दिया जो आज तक जारी है। मुझे लगता है कि मामला अब सुलझने वाला है लेकिन यह एक गंभीर मामला है।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY

स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से

डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा

साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India

- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)